आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

**इलाज नहीं, डकैती:** एन.बी. हॉस्पिटल ने मरीज के भरोसे पर डाली लूट...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 13 नवंबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 33 | www.janexpresslive.com/epaper



एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रंप 12

# दिल्ली धमाका: लाल रंग की कार का अलर्ट

## आतंकियों के पास आई20 के अलावा फोर्ड इको स्पोर्ट्स भी थी, 5 टीमें तलाश में जुटीं, मोदी घायलों से मिले

- मोदी एलएनजेपी अस्पताल में आधा घंटा रहे, मरीजों से धमाके के वक्त की स्थिति जानी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में दिल्ली लाल किला धमाके में घायलों से मुलाकात की। वे दोपहर 2 बजे भूटान दौरे से लौटे थे और सीधे एयरपोर्ट से अस्पताल पहुंचे। इसके बाद उन्होंने एक्स पर लिखा- साजिश रचने वालों को सजा दिलाई जाएगी। मोदी करीब आधा घंटा अस्पताल में रहे और घायलों से बातचीत की। पीएम शाम को कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक करेंगे। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस घटना का ब्योरा रखेंगे। इसके बाद विस्फोटक से जुड़ी बाकी जानकारियां सार्वजनिक की जा सकती हैं।



### कार धमाका सुसाइड कार बॉम्बिंग जैसा हमला नहीं था

सूत्रों के अनुसार, कार ने किसी टारगेट को टक्कर नहीं मारी, न किसी बिल्डिंग में घुसी, यानी यह सुसाइड कार बॉम्बिंग जैसा हमला नहीं था। उमर विस्फोट में मारा जा चुका है। पुलिस ने उसकी मां का डीएनए सैंपल लिया है, ताकि धमाके के अवशेष में मिले शव के टुकड़ों की पहचान हो सके। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे सफेद आई20 कार में ब्लास्ट हुआ था। इसमें 12 लोगों की मौत हुई। सूत्रों का कहना है कि कार में विस्फोट सामाग्री वही थी, जो फरीदाबाद से 10 नवंबर को धमाके से पहले जब्त की गई थी।

### दिल्ली धमाके से जुड़े 4 अपडेट्स...

- कार चलाने वाले आतंकी डॉक्टर उमर की मां का डीएनए कलेक्ट कर लिया गया है। जांच के लिए उसे एम्स की फॉरेंसिक लैब में भेजा गया है।
- विस्फोट में शामिल हुंडई आई20 कार फरीदाबाद स्थित एक सेकेंड-हैंड कार शोरूम रॉयल कार जोन ने बेची थी। शोरूम का मालिक हिरासत में लिया गया है।
- फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ भूपिंदर कौर ने बयान जारी करते हुए कहा कि, कैंपस में केमिकल लाने की बात गलत है।
- घटना वाली जगह से करीब 40 सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक सैंपल में अमोनियम नाइट्रेट होने की संभावना है।

### दिल्ली पुलिस को रेड कलर की कार की तलाश, अलर्त जारी

दिल्ली पुलिस को लाल रंग की फोर्ड इको स्पोर्ट गाड़ी की तलाश के लिए अलर्ट जारी किया गया है। जांच में पता चला है कि संदिग्धों के पास हुंडई आई20 के अलावा एक और कार भी थी। दिल्ली ब्लास्ट के बाद से एक अन्य डॉ. निसार-उल-हसन भी लापता हैं। वह अल फलाह मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के पद पर थे और वहीं पढ़ाई भी कर रहे थे। धमाके को लेकर अब नए खुलासे हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों की 200 बम से 26/11 जैसे हमले की साजिश थी। दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद को निशाना बनाया जाना था। दिल्ली के लाल किला, इंडिया गेट, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब और गौरी शंकर मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों को चुना था। इनके अलावा, देशभर के रेलवे स्टेशनों और बड़े मॉल्स भी टारगेट पर थे। सूत्रों के मुताबिक, यह साजिश जनवरी से ही चल रही थी। आतंकी मॉड्यूल का संबंध पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से बताया जा रहा है। आतंकी पिछले कई महीनों से 200 बम बनाने की तैयारी कर रहे थे। जांच एजेंसियों का कहना है कि आतंकियों का मकसद धार्मिक स्थलों पर हमला कर देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। इसके लिए उन्होंने कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग के कुछ डॉक्टरों को चुना, ताकि वे बिना रोकटोक कहीं भी जा सकें।

### 40 सैंपल कलेक्ट

घटना वाली जगह से करीब 40 सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक सैंपल में अमोनियम नाइट्रेट होने की संभावना है। ब्लास्ट से पहले टेरर मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई में जो 2900 किग्रा विस्फोटक मिला था। उसमें अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर शामिल था। विस्फोट में शामिल हुंडई आई20 कार फरीदाबाद स्थित एक सेकेंड-हैंड कार शोरूम रॉयल कार जोन ने बेची थी। शोरूम के मालिक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

**इको स्पोर्ट्स कार की तलाश में जुटी दिल्ली पुलिस:** दिल्ली के सभी पुलिस थानों, पुलिस चौकियों और सीमा चौकियों को लाल रंग की फोर्ड इको स्पोर्ट कार की तलाश के लिए अलर्ट कर दिया गया है। जांच में पता चला है कि संदिग्धों के पास हुंडई आई20 के अलावा एक और कार भी थी। दिल्ली पुलिस की पांच टीमें कार की तलाश कर रही हैं। उत्तर प्रदेश और हरियाणा की पुलिस को भी लाल रंग की कार के बारे में अलर्ट कर दिया गया है।

### यूपी के हापुड़ से बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के हापुड़ से पुलिस ने दो तस्करों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया। दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी पहचान शोभित और विजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि करीब ढाई किलो विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ है। दोनों तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वे हरियाणा की एक कंपनी से गंधक (सल्फर) लेकर आ रहे थे और इसका इस्तेमाल खेतों से आवारा पशुओं को भगाने के लिए करने वाले थे।

### आरोपी डॉक्टर आदिल ने 17 अक्टूबर को विवादित पोस्टर लगाए थे

उम्मीद करता हूं आप सब लोग खैरियत से होंगे जो कुछ हमने अब तक आप तक पहुंचाया है, आप उस पर अमल करोगे. हम कुछ समय से देख रहे हैं कि आप लोग अब भी गुनाहों में लिप्त हो, इसलिए हम बस इतना कहना चाहते हैं कि जो काम आप शरीयत के खिलाफ कर रहे हो, उससे अब बाज आ जाओ, वरना शरीयत के मुताबिक हमारा एक्शन तय होगा। कुछ लोग इन कामों में उन्हीं लोगों का साथ देते हैं, हम उनसे भी कहना चाहते हैं बाज आ जाओ, यह आख़िरी बार है, अब आप माफी के हकदार नहीं रहेंगे और इंशा अल्लाह जब वक्त आएगा, तो वे अपनी जान देने के लिए तैयार हो जाएंगे। कुछ लोग अपनी दुकानों पर इन भारतीय दरिंदों को पनाह देते हैं, जिससे हमारे कामों में रुकावट आती है, इसलिए हम उन लोगों से भी खुलकर यह कहना चाहते हैं बाज आ जाओ, वरना उनके लिए भी सख्त एक्शन होगा। खास तौर पर श्रीनगर के नौम बनपोरा इलाके में ऐसे लोग ज़्यादा हैं, जो इन भारतीय दरिंदों को अपनी दुकानों पर बिठाते हैं,उम्मीद करता हूं आप लोग समझ जाओगे।

### यूनिवर्सिटी में केमिकल स्टोरेज नहीं हुआ

अल फलाह यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ भूपिंदर कौर ने बयान जारी करते हुए कहा कि, हम इन घटनाओं (दिल्ली ब्लास्ट) की निंदा करते हैं। पता चला है कि हमारे दो डॉक्टरों को जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि यूनिवर्सिटी का इन व्यक्तियों से कोई संबंध नहीं है। वे सिर्फ यहां पढ़ाते थे। यूनिवर्सिटी कैंपस में किसी भी केमिकल या अन्य सामग्री का न तो उपयोग किया गया है, न ही स्टोरेज। सभी खबरें फर्जी हैं। दिल्ली धमाके में इस्तेमाल हुंडई द्व20 डॉ. उमर चला रहा था। उमर अल-फलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर था। गिरफ्तार किए गए 2 लोगों में शामिल डॉ. मुजम्मिल शकील यूनिवर्सिटी में असोसिएट प्रोफेसर और सर्जन है। वहीं, महिला डॉ. शाहीन सईद भी यूनिवर्सिटी में काम करती थी। हालांकि, यूनिवर्सिटी में वह किस पद पर थी, इसको लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

### मुंबई के मुंब्रा में एटीएस की छापेमारी, दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया

मुंबई के मुंब्रा क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी दस्ता ने बुधवार को छापेमारी की। इस दौरान दो लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एटीएस ने मुंब्रा क्षेत्र के चार घरों पर छापा मारा है। छापेमारी के दौरान दो लोगों से पूछताछ की गई और कई घरों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। इससे पहले ‸अस ने पुणे में छापेमारी की थी। इस दौरान अल-कायदा नामक एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर जुबेर इलियास हंगरगेकर को गिरफ्तार किया गया था। उस पर अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट नामक आतंकवादी संगठन के समर्थन में जिहाद का प्रचार करने, आतंकवादी संगठन से जुड़ी सामग्री रखने और देश की एकता और सुरक्षा को खतरा पहुंचाने का आरोप है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को शोपियां और कुलगाम में 200 से ज्यादा ठिकानों पर छापा मारा। इनमें जमात-ए-इस्लामी एक्टिविस्ट के घर भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, छापे के दौरान नादिगाम में डॉ. हमीद फयाज और चित्रगाम में मोहम्मद यूसुफ फलाही सहित अन्य के घरों की तलाशी ली गई।

### जैश सरगना मसूद अजहर की बहन के संपर्क में थी डॉ. शाहीन

जैश के वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की सबसे अहम कड़ी डॉ. शाहीन सईद को माना जा रहा है। वह जैश सरगना मौलाना मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर के सीधे संपर्क में थी और आतंकी संगठन की महिला विंग जमात उल मोमिनात से जुड़ी थी। इस विंग को सादिया ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए अक्टूबर 2025 में बनाया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस डॉ. शाहीन को फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार करके श्रीनगर ले गई। वहीं उसकी कानूनन गिरफ्तारी हुई। शाहीन ने इलाहाबाद मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस (1996-2001 बैच) और फार्मकोलॉजी में एमडी किया है। वह 2006 से 2013 तक सात साल कानपुर मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर रही। उसका चयन यूपीपीएससी के जरिए हुआ था। इसके बाद अचानक गायब हो गई। कॉलेज के नोटिसों का जवाब नहीं देने के चलते 2021 में उसे बर्खास्त कर दिया गया।

# केंद्र सरकार ने की पुष्टि, दिल्ली धमाका ‘आतंकी घटना’

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की कैबिनेट बैठक में लाल किले के पास हुए धमाके को आतंकी घटना करार दिया गया। कैबिनेट ने इस पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और दो मिनट का मौन रखा। बैठक में सरकार ने कहा कि यह कृत्य देश की शांति और एकता पर हमला है। कैबिनेट ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया कि दोषियों, उनके सहयोगियों और प्रायोजकों की पहचान कर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। सरकार ने आतंकवाद पर अपनी जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई।



मंत्रिमंडल ने इस आतंकी हमले को ‘कायराना और निंदनीय’ बताया और कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कायम रहेगा। सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जांच में पूरी गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।

### रॉ प्रमुख को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

खुफिया एजेंसी रॉ के प्रमुख पराग जैन को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन ने एक जुलाई को दो साल के कार्यकाल के लिए रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के प्रमुख का कार्यभार संभाला था। रॉ, देश से बाहर काम करने वाली एजेंसी है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने बुधवार को जारी एक आदेश में कहा, सक्षम प्राधिकारी ने रॉ प्रमुख पराग जैन को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दे दी है। यह कार्यभार तत्काल प्रभाव से नियमित नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो लागू रहेगा।

### वैश्विक समर्थन के लिए आभार

कैबिनेट ने दुनिया के कई देशों द्वारा व्यक्त एकजुटता और समर्थन के संदेशों की सराहना की। बैठक में कहा गया कि संकट की घड़ी में वैश्विक सहयोग भारत की दृढ़ता को और मजबूत करता है।

### दोषियों को सख्त सजा की चेतावनी

सरकार ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया कि घटना में शामिल सभी आतंकियों, उनके सहयोगियों और प्रायोजकों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। केंद्र सरकार ने भरोसा दिलाया कि राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी।

### एक्शन में पीएम

पीएम मोदी आज सुबह ही भूटान दौरे से वापस आए। इसके बाद वो एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने सभी घायलों से मुलाकात की। इसके बाद ही उन्होंने एक्स पर तस्वीरें पोस्ट कर कहा था कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शाम साढ़े पांच बजे के करीब पीएम ने सीसीएस की बैठक की।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान की बेदम पिटाई

- पाठा के बहिलपुरवा में अज्ञात बदमाशों का हमला, घायल किसान अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पाठा थाना क्षेत्र के कैलहा गांव में मंगलवार की रात लगभग 1 बजे खेत की रखवाली कर रहे वृद्ध किसान शिवप्रसाद उर्फ़ कल्लू यादव को अज्ञात बदमाशों ने बुरी तरह पीट दिया। किसान गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, पांच अज्ञात बदमाश हथियारों से लैस होकर किसान पर टूट पड़े और उन्होंने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया। घटना के बाद आसपास के लोग खौफजदा हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय किसानों का कहना है कि मारकुंडी की दिशा में बदमाश भाग गए हैं। पुलिस पूरे घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में सख्त निगरानी और कड़ी कार्रवाई कर रही है। पाठा क्षेत्र में यह घटना इस बात की ओर इशारा करती है कि डकैतों की सक्रियता बढ़ रही है, और प्रशासन के सामने सुरक्षा चुनौती और भी गंभीर होती जा रही है।



### प्रदेश से खाड़ी देशों की यात्रा हुई आसान, 8 दिसंबर से शुरू होगी लखनऊ से यूएई की सीधी उड़ान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

एयर इंडिया की लखनऊ से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू होने वाली है। आठ दिसंबर से इसका संचालन शुरू होगा। यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन होगी। इसको लेकर एयर इंडिया की ओर से सूचना भी जारी की गई है। यह उड़ान इस साल के शुरू में बंद कर दी गई थी जिसे फिर शुरू किया गया है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान संख्या आईएक्स 124 लखनऊ से 21:10 बजे उड़ेगी और 00:30 बजे यूएई के रस अल खैमाह एयरपोर्ट पहुंचेगी। लखनऊ से यह उड़ान सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को जाएगी। इसी तरह उड़ान संख्या आईएक्स 125 रस अल खैमाह से लखनऊ के लिए 01:30 बजे उड़ेगी और सुबह 6:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह उड़ान रस अल खैमाह से सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को उपलब्ध होगी। इस उड़ान से उन लोगों को काफी फायदा होगा जो लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रोजगार, व्यापार और उच्च शिक्षा के लिए खाड़ी देशों को जाते हैं। अभी अमीरात जाने वाले यात्रियों को शारजाह या दुबई में उतरना पड़ता है। रस अल खैमाह की दुबई से 92 और शारजाह से 75 किमी की दूरी है। ऐसे में जिनको रस अल खैमाह ही जाना है उनको बड़ी सहूलियत हो जाएगी। रस अल खैमाह को पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। यह अमीरात जबल जायस पर्वत श्रृंखला का घर है, जहां दुनिया की सबसे लंबी जिपपलाइन स्थित है।



### चित्रकूट में बेसिक शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही स्कूल के मासूम बच्चों से कराई मजदूरी

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

जनपद चित्रकूट से शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। रामनगर ब्लॉक के ग्राम पंचायत खजुरिहा कला स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों द्वारा मासूम बच्चों को मजदूरों की तरह काम कराने का मामला उजागर हुआ है। बताया जा रहा है कि विद्यालय के शिक्षकों ने मिड-डे मील का राशन ले जाने का काम बच्चों से करवाया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया। वीडियो सामने आने के बाद चित्रकूट जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा है कि बच्चों से किसी भी प्रकार का शारीरिक श्रम करवाना न केवल शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही डीएम पुलकित गर्ग स्वयं मिड-डे मील की हकीकत जानने के लिए बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन कर चुके हैं। वहीं अब इस मामले ने बेसिक शिक्षा विभाग और योगी सरकार की योजनाओं पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल में शिक्षकों की लापरवाही और निरीक्षण की कमी के कारण इस तरह की घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से अपेक्षा की जा रही है कि दोषी शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में बच्चों को इस तरह की स्थितियों का सामना न करना पड़े।



#### जताई कड़ी नाराज़गी

खजुरिहा कला गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की करतूत उजागर, मिड-डे मील राशन ढुलवाने में बच्चों को लगाया - वीडियो वायरल होने पर डीएम पुलकित गर्ग ने जताई कड़ी नाराज़गी।

### यूपी: मदरसा शिक्षकों की नियुक्ति में बदले नियम, अब शिक्षा चयन आयोग करेगा इनकी भर्ती, प्रस्ताव तैयार



**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

यूपी में अनुदानित मदरसों में अब उनका मैनेजमेंट शिक्षकों की भर्ती नहीं कर सकेगा। भर्ती का यह अधिकार उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को दिया जाएगा। इसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे शीघ्र ही कैबिनेट के विचार के लिए रखा जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुछ समय पहले मदरसा शिक्षा व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए थे। प्रदेश में वर्तमान में कुल 13329 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हैं, जिनमें 1235400 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन मदरसों में 9,979 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 8) और 3,350 माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से 12) के हैं। इनमें से 561 मदरसे राज्य सरकार से अनुदानित हैं, जिनमें कुल 231806 छात्र पंजीकृत हैं। अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की कुल संख्या क्रमशः 9889 और 8367 है। इन कर्मियों को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार 1 जनवरी 2016 से वेतन और भत्ते प्राप्त हो रहे हैं। अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय के सूत्रों के मुताबिक, अभी तक मदरसों में जितने शिक्षकों की भर्ती हुई है, उसे उनके प्रबंधन ने ही किया है। यहां तक कि अगला वेतनमान भी प्रबंधन के फैसले पर ही दिया गया। भविष्य में अनुदानित मदरसों के प्रबंधन से यह अधिकार वापस ले लिया जाएगा।

#### मदरसों के पाठ्यक्रम में भी होगा बदलाव

मदरसा शिक्षा में सुधार के लिए उच्चस्तरीय समिति ने अपनी संस्तुतियां तैयार कर ली हैं। शीघ्र ही इन्हें उच्चस्तर पर विचार के लिए रखा जाएगा। मदरसों में भी अब यूपी बोर्ड की तरह विषय होंगे। इंटरमीडिएट में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय भी होंगे। उर्दू, अरबी और फारसी इसके साथ पढ़ाए जाएंगे।

# देवभूमि के हर परिवार को मिलेगा विशिष्ट पहचान नंबर, योजनाओं में मिलेगा लाभ



- परिवारों को विशिष्ट पहचान संख्या मिलेगी, आपदा पीड़ितों के लिए मुआवजा बढ़ा

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड में निवासरत सभी परिवारों को अब विशिष्ट पहचान संख्या मिलेगी। इसके साथ ही राज्य में लागू विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को इस संख्या से एकीकृत किया जाएगा। धामी कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में इसके लिए नियोजन विभाग के अंतर्गत देवभूमि परिवार योजना लागू करने को सैद्धांतिक सहमति दे दी गई। इससे जहां राज्य में रहने वाले परिवारों की पहचान और वास्तविक संख्या सामने आएगी, वहीं जनोपयोगी योजनाओं में पात्र लाभार्थी कितनी योजनाओं का लाभ ले चुके हैं और कितनी का लाभ प्राप्त करना शेष हे, इसे लेकर भी तस्वीर साफ होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई बैठक में 12 प्रस्तावों पर चर्चा के बाद मुहर लगाई गई। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि देवभूमि परिवार योजना के तहत राज्य में रहने वाले प्रत्येक परिवार का डाटा बेस तैयार कर उन्हें विशिष्ट परिवार पहचान संख्या दी जाएगी। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी परिवारों को इस संख्या से संबद्ध किया जाएगा। यही नहीं, लाभार्थी परिवारों को समस्त योजनाएं एक क्लिक पर दिखाई देंगी, जिसके लिए वे पात्र हैं।

#### आपदा प्रभावितों को राहत, मुआवजा राशि में बढ़ोतरी

उत्तरकाशी के धराली, चमोली के थराली समेत विभिन्न क्षेत्रों में इस वर्ष आपदा से प्रभावित जनों को सरकार ने राहत दी है। कैबिनेट ने इस क्रम में आपदा प्रभावितों को दी जाने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी करने के आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत आपदा में मृत व्यक्ति के स्वजन को एसडीआरएफ से मिलने वाली चार लाख की धनराशि के अलावा एक लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी। यही नहीं, पक्के मकान के लिए पांच लाख, कच्चे मकान के लिए एक लाख, कपड़े व बर्तन के लिए 15 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। व्यावसायिक भवनों की क्षति के मामलों में प्रकरणवार सहायता राशि दी जाएगी।

#### ये होंगे लाभ

- नागरिकों व परिवारों की समग्र एवं व्यापक प्रोफाइल होगी तैयार, जिसमें सामाजिक, आर्थिक व जनसंख्यायिकी विवरण भी शामिल होगा।
- अपात्र लाभार्थियों के चिह्नीकरण एवं ऐसे प्रकरणों के निदान में मदद डाटा बेस के आधार पर पात्र लाभार्थी को मिलेगी सूचना।
- विभिन्न योजनाओं व सेवाओं के लिए आवेदन के समय दस्तावेजों के फिर से प्रस्तुतीकरण का उन्मूलन।
- योजनाओं व सेवाओं के माध्यम से सरकार सीधे नागरिकों से स्थापित कर सकेगी संवाद।
- विभिन्न विभागों की जनहित की नीतियों, योजनाओं को अधिक सक्षम व प्रभावी बनाने में मदद।
- नागरिकों, विशेष रूप से वंचित वर्गों तक योजनाओं की सुनिश्चित हो सकेगी पहुंच।
- आपदा की स्थिति में सीधे नागरिकों व परिवारों से संवाद स्थापित कर राहत वितरण में मिलेगी मदद।

# सिंचाई बंधु की बैठक में विभागीय अधिकारियों के न रहने पर नाराज हुए किसान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



सिंचाई बन्धु की बैठक सिंचाई विभागार सभागार में उपाध्यक्ष दिनेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें किसान समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए निस्तारण की मांग की गई। इस दौरान कुछ अधिकारियों के न उपस्थित होने पर किसानों ने नाराजगी जाहिर की।

बैठक में सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बताया कि अभी तक नहरों की सफाई न होने से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में देरी हो रही है। जिससे फसलों की बुवाई व उसके उत्पादन पर खतरनाक असर पड़ेगा। मांग की कि जल्द से जल्द नहर सफाई का कार्य पूर्ण करते हुए सिंचाई व बुवाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही किसानों को रोस्टर के अनुसार विद्युत उपलब्ध कराने की मांग की। कहा कि विद्युत व्यवस्था के लिए किसानों को समय पर ट्रांसफार्मर की उपलब्धता कराई जाए। बैठक में लघुडाल सिंचाई कार्यालय की दुर्दशा पर भी चर्चा की गई। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से मांग की कि सरकारी विभागों में चल रही समस्त योजनाओं का गांवों में प्रचार-प्रसार कर किसानों को जागरूक करें। इस मौके पर नोडल अधिकारी सडीओ कर्वी विजय गौतम एसडीओ कर्वी, अपर जिला कृषि अधिकारी अंकुर कच्चेर, क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, किसान रामेश्वर सिंह, कमलेश आदि मौजूद रहे।


## दिल्ली धमाके के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

देश की राजधानी दिल्ली में बीते सोमवार की शाम हुए कार धमाके के बाद से पुलिस अलर्ट मोड़ में है। इसी क्रम में बुधवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों व जीआरपी-आरपीएफ टीमों ने संयुक्त रूप से संदिग्धों व्यक्तियों की जांच की। बुधवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन में संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों सहित जीआरपी व आरपीएफ टीमों द्वारा स्टेशन परिसर में मौजूद संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ करते हुए उनके सामानों की तलाशी ली गई। इस मौके पर मानिकपुर एसडीएम मोहम्मद जसीम, वीर सिंह व आरपीएफ थाना प्रभारी मोहम्मद शालिक ने अपनी टीम के साथ कस्बे के प्रमुख स्थानों सहित रेलवे स्टेशन में भी गश्त की।

## विश्व हिन्दू महासभा भारत ने आयोजित किया विशाल दंगल

जन एक्सप्रेस । बांदा



मरौली ग्राम क्षेत्र में विशाल दंगल का आयोजन हुआ।जिसमें अनेक पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह पूर्व तिंदवारी विधायक दलजीत सिंह व प्रवीण सिंह ने कुश्तियां आरंभ कराई।दंगल कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नीलेश ने बताया कि विराट कुश्ती दंगल में अंतर्राष्ट्रीय लाडी बाबा पंजाब,चीता पहलवान जावेद गनी मौसम अली,देवा थापा किरन देवी ने रेखा भाग लिया।पहली कुश्ती पंजाब के प्रसिद्ध पहलवान मौसम अली और मुजफ्फरनगर के टाइगर पहलवान के बीच लड़ी गई।दोनों के बीच करीब 15 मिनट तक संघर्षपूर्ण मुकाबला चला, जिसमें मौसम अली ने टाइगर को पटखनी देकर जीत हासिल की।

दूसरे बड़े मुकाबले में हरिद्वार के बाबा लाड़ी ने रुड़की के फौजी पहलवान को कड़े मुकाबले में मात दी।दंगल में विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने हिस्सा लिया।दर्शकों को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।मरौली ग्राम मरौली में विश्व हिंदू महासंघ भारत जनपद के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नीलेश एवं धीर सिंह सेंगर के तत्वावधान में आयोजित %श्रीमद् भागवत सप्ताह, संत सम्मेलन,भंडारा एवं विशाल दंगल प्रतियोगिता% का उद्घाटन समारोह अभूतपूर्व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य कार्यक्रम के संरक्षक प्रवीण सिंह (संस्थापक, बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन) भी उपस्थित रहे, सभी के सहयोग ने इस आयोजन को ऐतिहासिक रूप दिया।जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम के संरक्षक प्रवीण सिंह ने बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक के रूप में क्षेत्र के युवाओं और संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया।उन्होंने कहा कि यह आयोजन धर्म,संस्कृति और पारंपरिक खेलों का संगम है,जो बुंदेलखंड की माटी की पहचान है। प्रवीण सिंह ने बल दिया कि %बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन% क्षेत्र के सर्वांगीण विकास,विशेषकर युवाओं को जोड़ने और उन्हें सही दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस विशाल और सफल आयोजन के लिए विश्व हिंदू महासंघ भारत जनपद की टीम को हार्दिक बधाई दी।उनका मार्गदर्शन और योगदान इस पूरे कार्यक्रम की सफलता का आधार स्तंभ रहा।मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व हिंदू महासंघ भारत के नेतृत्व में जनपद में ऐसा ऐतिहासिक आयोजन करना अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने कार्यक्रम आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हमारी सनातन परंपरा और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाता है।

# युवक पर जानलेवा हमले में इलाज के दौरान मौत के दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 12नवम्बर को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा युवक की उसके पूर्व परिचित लोगों द्वारा जानलेवा हमला कर घायल कर देने, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के मामले में वांछित 02 मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।गौरलतब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गुरेह में दिनांक 05नवम्बर की रात्रि गुरेह के रहने वाले युवक प्रेमचन्द्र को उसके पूर्व परिचित लोगों द्वारा फोन करके बाईपास चौराहा गुरेह बुलाया था?।जहां शराब ठेके के पास उनमें आपस में किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसमें अभियुक्तों ने प्रेमचन्द्र पर लाठी से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया।परिजनों द्वारा घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे हायर सेन्टर रेफर कर दिया गया । सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली देहात पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । घायल प्रेमचन्द की पीजीआई सैफई जनपद इटावा में इलाज के दौरान दिनांक 09नवम्बर को दुःखद मृत्यु हो गई।परिजनों से तहरीर प्राप्त कर अभियोग में सुसंगत धाराओं की वृद्धि की गई थी तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। दिनांक 12नवम्बर को पुलिस द्वारा घटना के दो मुख्य अभियुक्तों प्रांजल तथा सत्यम को चहितारा सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त- प्रांजल पुत्र संतोष निवासी बलखण्डीनाका थाना कोतवाली,सत्यम पुत्र रामबाबू निवासी अर्दली बाजार थाना कोतवाली।

गिरफ्तार करने वाली टीम-थानाध्यक्ष कोतवाली देहात चन्द्रप्रकाश तिवारी, कांस्टेबल सचिन पटेल, कांस्टेबल अभिषेक मिश्रा,महिला कांस्टेबल सपना अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# जीवात्मा का परमात्मा से मिलन ही महारास : ओझा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला मुख्यालय के एसडीएम कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत के छठवें दिन कथा व्यास राजा बाबू ओझा ने श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की कथा सुनाई। जिसके प्रसंग सुनकर श्रोतागण भाव-विभोर हो गए।

कथा व्यास ने श्रीकृष्ण लीलामृत के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जीवात्मा का परमात्मा से मिलन ही महारास कहलाता है। जब जीव का माया रूपी पर्दा हट जाता है और उसमें ब्रह्म से मिलन की उत्कंठा उत्पन्न होती है, तभी वास्तविक महारास घटित होता है। कहा कि जब जीव में अहंकार आता है, तो वह भगवान से दूर हो जाता है, किंतु जो व्यक्ति भगवान के विरह में अनुरक्त होता है, उस पर भगवान स्वयं अनुग्रह करते हैं और दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भराज भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी के साथ हुआ। बताया कि श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी को हरण कर किया। रुक्मिणी स्वयं साक्षात महालक्ष्मी का अवतार है और वह नारायण से अलग नहीं रह सकती हैं। बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की सोलह हजार एक सौ रानियाँ और आठ प्रमुख पट्टरानियाँ (महेश्वरियाँ) थीं। इस मौके पर विजय बहादुर पाण्डेय, विमला पाण्डेय, मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने किया उच्च प्राथमिक विद्यालय सहित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । बांदा

दिनांक 12नवम्बर को जिलाधिकारी जे0रिभा ने दोपहर में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट),बड़ोखर बुजुर्ग एवं वी0एच0एन0डी0 सत्र आंगनबाड़ी केन्द्र बड़ोखर बुजुर्ग का निरीक्षण किया।विद्यालय में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं डिजिटल उपस्थिति अंकित करने व शिक्षण कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये गये तथा वी0एच0एन0डी0 सत्र में ड्यू लिस्ट व आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्धित को निर्देश दिये गये।

## जिला जेल में कानूनी जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

जिला जेल में विधिक सेवा दिवस के मौके पर एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जेलर आनंद, डिप्टी जेलर देवेन्द्र कुमार दुबे सहित शिखर मौजूद रहे। इस मौके पर सचिव ने बंदियों से मुलाकात करने के बाद उनकी परेशानियों को जाना। उन्होंने जेल अधीक्षक और जेलर को उनकी परेशानियों के फौरन निपटारे के लिये जरुरी हिदायत दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि विधिक सेवा दिवस मनाने का मकसद समाज के हर तबके, खासकर मजबूर और गरीब लोगों को इंसाफ दिलाना है। विधिक सेवा प्राधिकरण का खास मकसद हर इंसान को उसके अधिकारों के लिये जागरूक करना और वक्त पर इंसफ दिलाने में मदद करना है। उन्होंने बंदियों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्हें फ्री कानूनी मदद दिलाई जाती है। जिन बंदियों के पास अपने मामलों की पैरवी के लिए वकील नहीं है, वे जेल अधीक्षक के जरिये से फ्री वकील के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अपना आवेदन भेज सकते हैं। सचिव ने ये भी बताया कि जिला कारागार का वक्त-वक्त पर जायजा लिया जायेगा। ताकि ये तय किया जा सके कि बंदियों को जरुरी मदद और इंसाफ सी जुड़ी सेवायें वक्त पर मिल सकें।

# अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताई समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा-संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को अधीक्षण अभियंता आर के यादव से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया तथा निस्तारण की मांग की।

उन्होंन अधीक्षक अभियंता से बताया कि लगातार आवाज उठाने के बाद भी निविदा व संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता। विभाग में संविदा कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। मांग की कि विभागों में अनुभवी संविदा कर्मियों को वापस भर्ती किया जाए। इस पर अधीक्षण अभियंता ने जांच कर सभी संविदा कर्मचारियों को न्याय दिलाने का आवासन देते हुए कहा कि संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

जिला प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि संगठन लगातार संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को निचले स्तर से लेकर ऊपर स्तर तक न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत है। कर्मचारीयों के हित में प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांडेय के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों की सही दिशा में लड़ाई चल रही है, जिसमें शीघ्र कर्मचारियों की वापसी होगी। कहा कि 16 नवंबर रविवार को झांसी में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय सम्मेलन में अधिक से अधिक कर्मचारी शामिल हो। मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष हेमराज यादव, जिला संगठन मंत्री राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

# गोपियों के प्रेम व गोवर्धन लीला का हुआ रसपान

## भाजपा किसान नेता सहित तमाम समाजसेवियों ने सुनी महापुराण

जन एक्सप्रेस । बांद



बिलगांव गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवें दिन कथाव्यास आचार्य डॉ सर्वेश द्विवेदी परशुराम के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ ही गोपीकाओ का वात्सल प्रेम गोवर्धन लीला कथा का रसास्वादन कराया ग्राम बिलगांव के टोलाथोक मोहल्ले में आयोजित की गई श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवे दिन कथाव्यास आचार्य डॉक्टर सर्वेश द्विवेदी परशुराम के द्वारा श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का दिग्दर्शन कराते हुए गोपिकाओं का वत्सल प्रेम गोवर्धन लीला का रसपान कराया गया इसी के साथ ही विभिन्न भक्ति भजनों से श्रोता भक्त तालिया के साथ भक्ति के रस में डूबे रहे कार्यक्रम में बालमुकुंद शुक्ला क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र, राजा कृष्णकांत द्विवेदी, विपिन दीक्षित, राजा कृष्णकांत तिवारी, सोमेश त्रिपाठी, आदर्श तिवारी आदि ने ने शिरकतकर व्यासपीठ की आरती पूजनकर आशीर्वाद लिया आयोजक मनीष तिवारी भाजपा किसान मोर्चा जिलामंत्री, परीक्षित देवहुति महावीर तिवारी, लवलेश सोनू तिवारी, निखिल शुक्ला आदि शामिल रहे और सभी श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# 'मिशन शक्ति 5.0' थाना बदौसा की मिशन शक्ति टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



जन एक्सप्रेस । बांदा

प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल कम्पोजिट विद्यालय निजामनगर में बच्चों एवं बच्चियों से बातचीत कर उन्हे सरल भाषा में गुड टच- बैड टच तथा आपातकालीन पुलिस सेवा के बारे में दी गई जानकारी।

मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में दिनांक 12नवम्बर को थाना बदौसा की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल कम्पोजिट विद्यालय निजामनगर में बच्चों एवं बच्चियों के साथ शक्ति संवाद किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया। बालिकाओं को बाल यौन शोषण,पॉक्सो एक्ट और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान,उनसे सुरक्षा के उपाय,एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण,बाल मजदूरी,चाइल्ड ट्रैफिकिंग,साइबर अपराध और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया।मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर) एवं 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) के बारे में भी जानकारी दी,ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें।उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें,तो निडर होकर अपने माता-पिता,शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना,उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था।

## प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से मोरम का अवैध खनन कर खनन निदेशक के आदेशों की खुलेआम उड़ाई जा रहीं धज्जियाँ

जन एक्सप्रेस/हमीरपुर। सरीला तहसील के इछौरा झिटकिरी मोरम खण्ड--25/9- के बेखौफ, बेलगाम पट्टाधारक और संचालक के ऊपर खनिज अधिकारी हैं मेहरबान। गौरतलब है कि पिछले दिनों इस खण्ड में करीब आधा दर्जन प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से धडल्ले के साथ खुलेआम मोरम का अवैध खनन होने की तस्वीरें मीडिया की सुर्खियां बनी थी, जिसके बाद संयुक्त टीम ने अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग के ट्रकों पर तो कार्यवाही की। लेकिन इछौरा झिटकिरी मोरम खण्ड-- 25/9 के बेखौफ और बेलगाम पट्टाधारक ए0एन0 बिल्डर के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिसके बाद इस खण्ड के दबंग, बेखौफ और बेलगाम संचालक प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन कर खनन निदेशक माला श्रीवास्तव और जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के आदेशों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा रहे हैं।

# दिल्ली धरने में शामिल होगा पहाड़ी के 100 शिक्षकों का जत्था

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की त्रैमासिक बैठक बीआरसी पहाड़ी में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 5 दिसम्बर को दिल्ली में होने जा रहे धरने में जिले में अधिक से अधिक शिक्षकों को ले जाने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि आगामी 5 दिसम्बर 2025 को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले 15 से अधिक राज्यों के शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान में अपनी मांग को लेकर विशाल धरना देंगे। यह धरना केंद्र सरकार द्वारा 23 अगस्त 2010 से पूर्व से नियुक्त शिक्षकों की सेवा शर्तों में भी पात्रता परीक्षा को लागू करने के विरोध में किया जा रहा है। बैठक में दिल्ली धरने को सफल बनाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। ब्लाक अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस धरने में जिला, ब्लाक और संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारी और जनपद के शिक्षक सम्मिलित होंगे। बताया कि पहाड़ी ब्लाक से ही अकेले 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं दिल्ली धरने में शामिल होंगे। इस दौरान संघ के पदाधिकारियो ने खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार को 10 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षक-शिक्षिकाओं को चयन वेतनमान लगाने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि कार्य को तत्काल किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के अमित यादव, रामभूषण पाण्डेय, विजय कुमार शुक्ला, अखिलेश द्विवेदी, कमलेश कुमार कुशवाहा, योगशक्ति पाण्डेय, अनन्त चैरसिया, सौरभ चंद्र, प्रभात सचान आदि मौजूद रहे।

# अग्नि न्यूक्लियर ब्लास्टर एवं पृथ्वी डेडली हिटर्स के बीच होगा महामुकाबला

जन एक्सप्रेस । बांदा

सिंदूर सुपर लीग में अग्नि न्यूक्लियर ब्लास्टर ने जगुआर पैंथर्स लायन को हरा सेमीफाइनल में किया प्रवेश।

दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शुभम दुबे 98 रनों की पारी से बने मैंन ऑफ़ द मैच।सिंदूर सुपर लीग सीजन -1 में पृथ्वी डेडली हिटर्स ने फाइनल में ने प्रवेश किया-जे के क्रिकेट क्लब के गौरवपूर्ण 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जाबांज सैनिकों के पराक्रम एवं शौर्य के सम्मान में जे के क्रिकेट अकादमी के तत्वधान में भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी श्रीनाथ विहार में पहला सेमीफाइनल मैच पृथ्वी डेडली हिटर्स एवं आई एन एस विक्रांत इंडियन डेअर डेविल्स के बीच खेला गया।टॉस जीतकर पृथ्वी डेडली हिटर्स विपक्षी टीम आई एन एस विक्रांत इंडियन डेअर डेविल्स को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए आई एन एस विक्रांत इंडियन डेविल्स ने 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 101 रनों का स्कोर बनाया जिसमें बल्लेबाज विशाल कश्यप ने सर्वाधिक 23 एवं सुदीप पाण्डेय 18 रनों का योगदान दिया जबकि पृथ्वी डेडली हिटर्स की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज अनुवरुल अमीन अन्नू के 3 विकेट रहें।101 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पृथ्वी डेडली हिटर्स



ने 11ओवर में दो विकेट खोकर ही लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।पृथ्वी डेडली हिटर्स की तरफ से सर्वाधिक रन 50 शान्तनु चौहान का रहा।अनवरुल अमीन अन्नू को उनके आलराउंडर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द पुरुस्कार से नवाजा गया। मैच में एम्पायर की भूमिका का निर्वहन वेद प्रकाश एवं रेहान जूनियर तथा स्कोरिंग की भूमिका रोहित सिंह ने निभाई। कमेन्ट्रेटर की भूमिका में दीपक श्रीवास्तव आदिल अहमद,अनिल मिश्रा,जीतेन्द्र शुक्ला रहे दूसरा सेमीफाइनल मैच अग्नि न्यूक्लियर ब्लास्टर ने आकाश रॉयल वारियर्स को 56 रन से हराकर कर फाइनल में प्रवेश किया। मैन आफ द मैच शुभम दुबे 98 रन रहे। कल का फाइनल मैच अग्नि न्यूक्लियर ब्लास्टर एवं पृथ्वी डेडली हिटर्स के बीच खेला जाएगा।मैन ऑफ द का पुरुस्कार चन्द्रमौली भारद्वाज( समाजसेवी ),अंकित कुशवाहा ( डायरेक्टर भागवत प्रसाद एजुकेशन ग्रुप)सुनील सक्सेना वरिष्ठ पत्रकार (समाजसेवी) के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।



**एआई में प्रतिभा की कमी...**

दिल्ली डिफेंस डायलॉग में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज भारतीय सेना की भविष्य की दिशा, तकनीकी बदलावों और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तकनीक और भूगोल का मेल यानी टेक्नोलॉजी और जमीन... पढ़ें पेज 12 पर...

# इलाज नहीं, डकैती : एन.बी. हॉस्पिटल ने मरीज के भरोसे पर डाली लूट की लाठी

- रीढ़ की हड्डी के मरीज से वसूले एक लाख रुपये, सुधार तो दूर, बिगड़ी हालत, बिल भी बिना रसीद के

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



हरदोई जिले के कछौना कस्बे में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर भरोसे की सबसे बड़ी डकैती का मामला उजागर हुआ है। लखनऊ रोड स्थित एन.बी. हॉस्पिटल पर आरोप है कि रीढ़ की हड्डी की तकलीफ से जूझ रहे मरीज सुनील कुमार (40) से दस दिन में करीब एक लाख रुपये वसूले, पर न इलाज मिला, न राहत – बल्कि मरीज की हालत और बिगड़ गई।

## हर दिन नया बहाना, हर दिन पैसे की मांग

मरीज के परिजनों ने बताया कि अस्पताल में भर्ती के पहले दिन ही खर्च के नाम पर 10,000 मांगे गए। उसके बाद लखनऊ से डॉक्टर बुलाने, जांच कराने और दवा लाने के नाम पर हर बार 5,000-10,000 की वसूली हुई। हमने सोचा इलाज चल रहा है, लेकिन हर दिन बस बिल बढ़ता गया। जब हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो लखनऊ ले जाना पड़ा। लखनऊ के निजी अस्पताल में मात्र 50,000 में सफल ऑपरेशन हुआ और मरीज को राहत मिल गई। एन.बी. हॉस्पिटल ने इन तमाम भुगतानों की एक भी रसीद जारी नहीं की। एन.बी. हॉस्पिटल से संदर्भित मरीज को खन्ना डायग्नोस्टिक्स प्रा. लि. (बालागंज, लखनऊ) भेजा गया। 26 अक्तूबर को एमआरआई एलएस स्पाइन और स्क्रीनिंग के नाम पर 5200 वसूले गए। रसीद में 20 की औपचारिक छूट दिखाई गई और एन.बी. हॉस्पिटल के डॉ. मुख्तार का नाम संदर्भ चिकित्सक के रूप में दर्ज था।

### स्थानीय आवाज़ें

इलाज के नाम पर यह खुली लूट है। गांव के लोग विश्वास कर अस्पताल जाते हैं, पर वहां जेब काटी जाती है **-एक स्थानीय नागरिक**

स्वास्थ्य विभाग आंख मूंदे बैठा है। कोई जांच नहीं, कोई कार्रवाई नहीं। **-व्यापारी संगठन सदस्य**

### जन टिप्पणी : भरोसे की हत्या

डॉक्टर भगवान नहीं, व्यापारी बन गए हैं। मरीज की मजबूरी उनका बाजार बन चुकी है। एन.बी. हॉस्पिटल जैसे संस्थान सिर्फ पैसा नहीं वसूल रहे, वे उस विश्वास की हत्या कर रहे हैं जिस पर पूरा समाज टिका है।

### मनमाने बिल और दवाओं की लूट

25 अक्तूबर से 3 नवम्बर तक भर्ती रहने पर अस्पताल ने 9,300 का बिल बनाया...

- पंजीकरण शुल्क 300
- बिस्तर चार्ज 220
- नर्सिंग 2,200
- डॉक्टर परामर्श 5,000

इसके अलावा मरीज को ईशान मेडिकल स्टोर से 4505 की महंगी दवाएं खरीदने को कहा गया, जिनमें मुश्किल से 59 की छूट दिखाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल इलाज से ज़्यादा बिल बनाने में माहिर है।

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा, लिखित शिकायत मिलेगी तो जांच होगी। लेकिन सवाल यह है कि कितने मरीज पहले ही ठगे जा चुके हैं, और प्रशासन शिकायत आने का इंतज़ार कब तक करेगा?

### जन एक्सप्रेस की मांग

- एन.बी. हॉस्पिटल की पूरी वित्तीय जांच कराई जाए।
- बिना रसीद के वसूली पर एफआईआर दर्ज हो।
- संदिग्ध डॉक्टरों और डायग्नोस्टिक सेंटर की मान्यता रद्द की जाए।

# टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल ने छात्र नेतृत्व को किया सशक्त

- बैज सेरेमनी के साथ छात्र प्रशासन के नए युग की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल ने छात्र नेतृत्व और स्व-शासन (सेल्फ गवर्नेंस) को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने स्टूडेंट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में आयोजित बैज सेरेमनी में प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का औपचारिक हस्तांतरण किया गया। यह समारोह एक विशिष्ट छात्र-नेतृत्व वाले प्रशासनिक ढांचे की शुरुआत का प्रतीक रहा, जिसका उद्देश्य संकाय और छात्र समुदाय के बीच समन्वय को मजबूत करना है। नवगठित परिषद विद्यालय के दैनिक संचालन में प्रमुख भूमिका निभाएगी – जिसमें कक्षा उपस्थिति की निगरानी, विभागीय सूचनाओं का प्रसार, शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का समन्वय, तथा छात्र कल्याण से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन देना शामिल है। कार्यक्रम में डीन, फैकल्टी सदस्य और सभी छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद निम्नलिखित छात्रों को प्रमुख नेतृत्व पदों पर नियुक्त किया गया

**स्टूडेंट डीन** – माधवेन्द्र विक्रम सिंह द्वितीय वर्ष

**स्टूडेंट एडिशनल डीन** – आर्यन सरोज प्रथम वर्ष

**स्टूडेंट असिस्टेंट डीन** – प्रखर प्रथम वर्ष

टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल के डीन प्रो. डॉ. सी. पी. सिंह ने कहा, आज हम केवल बैज नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और विश्वास भी सौंप रहे हैं। यह पहल हमारे उस दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत हम न केवल श्रेष्ठ विधि विशेषज्ञ, बल्कि सक्षम नेता और प्रशासक भी तैयार करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि छात्र परिषद में हर छात्र को बारी-बारी से शामिल होने का अवसर मिलेगा। वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल दो सप्ताह का होगा, जिसके बाद नए छात्रों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। परिषद के सदस्य प्रत्येक दिन अनुपस्थित छात्रों के संरक्षकों को सूचना देंगे और शिक्षण कार्य का फीडबैक डीन ऑफिस को प्रेषित करेंगे। नवनियुक्त स्टूडेंट डीन माधवेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा, यह हमारे पूरे दल के लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। हमारा लक्ष्य शक्ति नहीं, सेवा का नेतृत्व है। हम अनुशासन बनाए रखते हुए छात्रों और प्रशासन के बीच सुचारू संचार सुनिश्चित करेंगे। टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल की यह अभिनव पहल विधि शिक्षा में छात्र-नेतृत्व आधारित प्रशासन का नया मानक स्थापित करती है, जो छात्रों को न्यायालय के भीतर और बाहर – दोनों ही स्तरों पर नेतृत्व भूमिकाओं के लिए तैयार करेगी।

# सिंचाई विभाग की नहर बनी दुधारू गाय, मिट्टी खनन से सड़कें तबाह, पुलिया टूटी, किसान में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र इटौंजा में सिंचाई विभाग की नहर अधिकारियों के लिए मानो ÷दुधारू गाय÷ बन गई है। बता दें कि यहां नहर पटरी की मिट्टी को कथित तौर पर नीलामी की आड़ में बड़े पैमाने पर बेचकर अधिकारी मालामाल हो रहे हैं, जिसका सीधा खामियाजा स्थानीय किसानों और आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वहीं नहर पटरी के बगल में पड़ने वाले खेतों के किसान इस अंधाधुंध मिट्टी खनन से खासे आक्रोशित हैं। तीन ट्रैक्टर ट्रालियां और कई डंपर लगातार मिट्टी का खनन कर रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि क्षेत्र की सड़कें भी पूरी तरह तबाह हो गई हैं। तस्वीरें खुद बयां कर रही हैं कि किस कदर मिट्टी से लदे इन भारी वाहनों ने सड़कों और नहर को भारी नुकसान पहुँचाया है। कई जगह सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और दरारें पड़ गई हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। नहर के पास पड़ने वाली पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि नहर से पानी लगाने वाली पंपी (पंप) खुलवाने के लिए भी जेसीबी से खुदाई के पैसे वसूले जा रहे हैं। इन सब के बावजूद, संबंधित सिंचाई विभाग के अधिकारी इस गंभीर अनियमितता पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। सरकार को इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस खबर को लेकर जब सिंचाई विभाग की अधिकारी को फोन किया गया, तो चार बार फोन करने के बावजूद उनका फोन नहीं उठा, इससे यह प्रतीत होता है कि उनकी सहमति से नहर पटरी पर बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन किया जा रहा है।

# निशुल्क सब्जी बीज वितरण 14 नवंबर को उद्यान विभाग लगाएगा विशेष स्टॉल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ बीकेटी में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना एवं अनुसूचित जनजाति कृषक हेतु औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत कृषकों को निःशुल्क संकर शाकभाजी बीज वितरित किए जाएंगे। निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में यह वितरण दिनांक 14 नवम्बर 2025 (शुक्रवार) प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, राजकीय शीतगृह परिसर, सेक्टर-जे, अलीगंज, लखनऊ में किया जाएगा। इस अवसर पर कृषकों को रबी एवं आगामी जायद फसल ऋतु के लिए खीरा, लौकी, तोरई, करेला, कद्दू, टमाटर, मसाला मिर्च, बैंगन, भिंडी सहित अन्य शाकभाजी फसलों के संकर बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। बीज वितरण सैनिक संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा।वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत 60 हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित है, जबकि अनुसूचित जाति/जनजाति कृषक हेतु औद्यानिक विकास योजना में कद्दू वर्गीय फसलों के लिए 7 हेक्टेयर, संकर टमाटर के लिए 5 हेक्टेयर, तथा संकर मसाला मिर्च के लिए 4 हेक्टेयर का लक्ष्य तय किया गया है।इच्छुक कृषक अपने आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी एवं एक फोटो के साथ विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकृत कृषक दिनांक 14 नवम्बर 2025 (शुक्रवार) प्रातः 10 बजे से जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, अलीगंज में उपस्थित होकर बीज प्राप्त कर सकते हैं। बीज का वितरण प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा।

# दो दिवसीय गौरैया संस्कृति महोत्सव आज से

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

गौरैया संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से 13 और 14 नवंबर को शाम चार बजे से एम्फीथियेटर लोहिया पार्क गोमतीनगर में गौरैया संस्कृति महोत्सव 2025 आयोजित कर रहा है। प्रथम दिवस 13 को पद्मभूषण साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा की जोड़ी का शास्त्रीय गायन, अमित दीक्षित रामजी के दल की संगीतमय कृष्णलीला और सुचिता मनोज पाण्डेय की सुगम संगीत प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 14 को माधवी मधुकर झा का संस्कृत गायन, राधा श्रीवास्तव की लोक गीत और यामिनी पाण्डेय की सुगम संगीत प्रस्तुति होगी। विशेष आकर्षण पुत्रकामेष्टि यज्ञ पर आधारित अयोध्या की संगीता आहूजा के दल की नृत्य नाटिका होगी। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, निदेशक सूचना विशाल सिंह, अपर निदेशक सीजीएसटी उग्रसेन धर द्विवेदी, कार्यक्रम प्रमुख दूरदर्शन आत्मप्रकाश मिश्रा, आकाशवाणी के अजीत चतुर्वेदी, लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, और रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय महेंद्र भीष्म आमंत्रित हैं। अध्यक्ष रंजना मिश्रा व महासचिव उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया कि अतिथिगण कथक नृत्यांगना आरती शुक्ला, अर्जुन अवार्डी सुधा सिंह और लोक गायिका संजोली पांडेय को गौरैया नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित करेंगे। महोत्सव के संयोजक द्वय गगन शर्मा व मीठू राय हैं।

# बीकेटी के मदारीपुर में व्यक्ति ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आईं, बीकेटी क्षेत्र के रामपुर देवरई निवासी गुड्डू सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र जगदीश सिंह ने मदारीपुर दुर्गा मंदिर के पास आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना सुबह करीब 8:50 बजे कॉलर रामऔतार द्वारा थाना बीकेटी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आम के पेड़ से लटकता हुआ शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस ने परिजनों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और मौके पर फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित किए और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है,परिजनों से पूछताछ की जा रही है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार, मृतक गुड्डू सिंह परिवार का पालन-पोषण करने वाला व्यक्ति था और बीते कुछ दिनों से वह मानसिक तनाव में दिखाई दे रहा था,हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया है।

# बिजली विभाग में फर्जीवाड़ा, प्रदेश में तीन हजार से ज्यादा प्रीपेड मीटरों से हुई है छेड़छाड़

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में करीब 3050 से ज्यादा प्रीपेड स्मार्ट मीटर क्रिटिकल इवेंट के पाए गए हैं। इसका मतलब है कि इन मीटरों में किसी न किसी रूप में छेड़छाड़ की गई है। जो बिजली चोरी की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्ट प्रीपेड मीटर को उत्तर प्रदेश में बड़े जोर-शोर से लागू किया गया था। बिजली चोरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से इस योजना के तहत राज्य में लगभग 18,885 करोड़ के टेंडर को बढ़ाकर 27,342 करोड़ में अवार्ड किया गया। प्रदेश में अब तक 36,44,871 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं, जिनमें से लगभग 3050 उपभोक्ताओं के मीटरों में क्रिटिकल इवेंट दर्ज किए गए हैं। यह क्रिटिकल इवेंट दरअसल उन मामलों को दर्शाता है, जहां मीटर से छेड़छाड़ की गई है। इसमें मीटर कवर ओपन किया गया, मैग्नेटिक टेंपरिंग की गई, सील तोड़ी गई या न्यूट्रल मिस किया गया। ऐसे मामले सीधे तौर पर अनियमितता या बिजली चोरी से जुड़े माने जाते हैं। अब तक जो आंकड़े सामने आए हैं उसके तहत पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में 1814 मीटर, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 333 मीटर, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 724 मीटर, मध्यांचल में 39 मीटर, दक्षिणांचल में 78 और दूसरी कंपनी के 21 मीटर, किस्को में 41 मीटर शामिल हैं।

# कुर्सी हिलने पर सांप्रदायिक भाषा बोलने लगते हैं मुख्यमंत्री : अखिलेश



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री की भाषा सांप्रदायिक हो गई है। मुख्यमंत्री को जब लगता है कि आम जनता, भाजपा के लोग और विधायक उनके खिलाफ हैं, तो वे घबरा जाते हैं। जैसे ही मुख्यमंत्री की कुर्सी हिलने लगती है, वैसे ही वे सांप्रदायिक भाषण देना शुरू कर देते हैं। साथ ही एसआईआर पर फिर कहा कि वोट खत्म हुआ तो राशन की सुविधा भी खत्म हो जाएगी। प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का विजन इंडिया और न्यू इंडिया से कोई लेना-देना नहीं है। प्रदेश सरकार को स्टार्टअप में क्या करना है, उन्हें इसका भी नही पता। एआई के बारे में भी जानकारी नहीं। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हो गई हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार बिजली विभाग को बेचना चाहती है। मंडियों को बेच दिया। कन्नौज का काऊ मिल्क प्लांट बर्बाद कर दिया। अमूल का कोई प्लांट नहीं ला पाए। पराग दुग्ध को बर्बाद कर दिया। किसानों को दूध की कीमत नहीं दे पा रहे हैं। भाजपा सरकार युवा मामलों में जीरो है। उन्होंने कहा कि यह सरकार निवेश में भी कमीशन लेती है। भाजपा ने नई पीढ़ी के भविष्य को बर्बाद कर दिया है। नई पीढ़ी भविष्य के बारे में सोचती है। उसकी सोच बड़ी होती है। नई पीढ़ी हर धर्म, पंथ, विचार के लिए सहनशील होती है, सबको साथ लेकर चलती है। नई पीढ़ी कट्टर विचारों के खिलाफ है। भाजपा सरकार ने नौ वर्ष में विकास का कोई काम नहीं किया।

### बलिया में नेताजी के नाम पर हाफ मैराथन

अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व मंत्री राम गोविंद चौधरी बलिया में अपनी विधानसभा क्षेत्र में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के नाम पर हॉफ मैराथन कराएंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए स्पोर्ट्स किट लॉन्च की।

एग्जिट पोल भरोसे के लायक नहीं अखिलेश ने कहा कि भाजपा एग्जिट पोल और चैनलों का इस्तेमाल नैरेटिव (धारणा) सेट करने के लिए इस्तेमाल करती है। कई चुनावों में यह एग्जिट पोल गलत साबित हुए हैं।

### वोट खत्म हुआ तो राशन की सुविधा भी हो जाएगी खत्म

सपा अध्यक्ष ने कहा कि वोट खत्म कर दिया तो हो सकता है कि आगे ये राशन की सुविधा खत्म कर देंगे। लाभकारी योजनाओं से बाहर कर देंगे। एसआईआर के मसले पर आगे कहा कि अलीगढ़ में वर्ष 2003 की मतदाता सूची नहीं है। अयोध्या में यह पढ़ने में नहीं आ रही है। एसआईआर की कमियां इकट्ठा की जा रही हैं। इन्हें चुनाव आयोग को भेजेंगे।

# योगी सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सशक्त बनाया : योगेन्द्र

- शिक्षा सेवा चयन आयोग संशोधन अध्यादेश, 2025 को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से स्वीकृति

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग संशोधन अध्यादेश, 2025 का प्रख्यापन कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के माध्यम से स्वीकृत कर दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा उच्च, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभागों में सहायक आचार्य, टीईटी, टीजीटी, पीजीटी जैसी परीक्षाओं को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संचालित करने हेतु उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 के तहत आयोग का गठन किया गया था। यह आयोग सभी स्तरों पर शिक्षा सेवा से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं को एकीकृत, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सुदृढ़ प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार है। आयोग की कार्य-संरचना और इसके बढ़ते दायरे को देखते हुए, अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु पात्रता का दायरा विस्तारित किया गया है। अधिनियम की धारा 4(2)(क) में संशोधन करते हुए पूर्व प्रावधान 'भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य हो या रहा हो और राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद धारण किया हो' के स्थान पर अब 'राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद पर हो या रहा हो' प्रतिस्थापित किया गया है। योगी सरकार का उद्देश्य है कि आयोग का नेतृत्व ऐसे अनुभवी, सक्षम और प्रशासनिक दृष्टि से दक्ष व्यक्तित्व को मिले, जो आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित परीक्षा प्रणाली अपनाकर पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती कर सके।

# सरदार पटेल ने कहा था, बल से नहीं विश्वास से प्राप्त हुई भारत की एकता

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

जब 1947 में भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त की, तब तिरंगा देशभर में लहराया, लेकिन ÷एक भारत÷ का विचार अभी नाजुक था। उपमहाद्वीप कई हिस्सों में बँटा हुआ था,एक ओर ब्रिटिश भारत और दूसरी ओर 560 से अधिक रियासतें, जिनके अपने-अपने राजा, सेनाएँ और आकांक्षाएँ थीं। एक संयुक्त लोकतांत्रिक गणराज्य का सपना उस समय नहीं था। विचारक संजय मुखी नें कहा कि ऐसे मोड़ पर सरदार वल्लभभाई पटेल, जो उस समय भारत के उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे, राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार के रूप में उभरे। पटेल की अटूट दृढ़ता, कूटनीतिक कुशलता और दूरदृष्टि ने बिखरे हुए क्षेत्रों को एक राष्ट्र के सूत्र में पिरो दिया। इतिहासकार राजमोहन गांधी कहते हैं एकता की प्रेरणा जिसने पटेल के कार्य को मार्गदर्शन दिया, वहीं आधुनिक भारत की नींव है। आदर्शवाद से अधिक उनके यथार्थवाद ने देश को एकजुट रखा।÷ दृढ़ विश्वास, राजनीतिक सूझबूझ से लैस पटेल और उनके सचिव सीपी मेनन ने रियासतों के शासकों को भारत में सम्मिलित होने के लिए राजी करने में अथक प्रयास किए। एग्रीमेंट ऑफ एक्सेशन को एक कानूनी उपकरण के रूप में उपयोग किया और रियासतों के राजाओं की जिम्मेदारी व नियति की भावना को संबोधित किया। 1949 के मध्य तक सभी रियासतें, कुछ जटिल मामलों जैसे हैदराबाद, जूनागढ़ और कश्मीर को छोड़कर, भारतीय संघ में शामिल हो गईं। पटेल ने स्वयं कहा था,÷अब हर भारतीय को भूल जाना चाहिए कि वह राजपूत है, सिख है या जाट, उसे केवल यह याद रखना चाहिए कि वह भारतीय है।÷ देश के पहले गृह मंत्री के रूप में उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस की स्थापना की। उनका मानना था कि ये संस्थाएँ कुशल प्रशासन के माध्यम से देश को एक सूत्र में बाँध सकती हैं। उनकी इस दूरदृष्टि ने भारत को एक इस्पाती ढाँचा प्रदान किया जो सात दशकों से अधिक समय तक कायम है।सरदार पटेल ने कहा था, भारत की एकता बल प्रयोग से नहीं, बल्कि विश्वास से प्राप्त हुई है। यह कथन उनके राजनीतिक दर्शन का सबसे स्थायी सत्य है।सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए, भारत सरकार ने 2014 में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस घोषित किया। इस दिन देशभर में ÷रन फॉर यूनिटी÷, सामूहिक शपथ ग्रहण और भव्य एकता परेड आयोजित की जाती है,जो भारत की सामूहिक एकता की इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

# राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना पर दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालक अधिकारी साचीज़ आईएएस अर्चना वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।प्रशिक्षण का उद्देश्य विभागीय कंप्यूटर ऑपरेटरों को स्टेट हेल्थ कार्ड बनाने की प्रक्रिया में दक्ष बनाना तथा योजना से संबंधित तकनीकी जानकारी और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को योजना की पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया, ई-केवाईसी एवं स्टेट हेल्थ कार्ड डाउनलोड करने की भी जानकारी लाभार्थियों को दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाभार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान योजना से जुड़ी प्रक्रियाओं, लाभों और कार्ड के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया ताकि प्रत्येक लाभार्थी योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सके।इस अवसर पर अशोक कुमार द्विवेदी विभागाध्यक्ष ने उपस्थित सरकारी सेवकों को संबोधित करते हुए योजना की सराहना की और कहा कि यह योजना राज्य सरकार की अत्यंत कल्याणकारी पहल है जो सरकारी सेवकों और सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों के लिए निःशुल्क एवं कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करती है। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारियों और लाभार्थियों को प्रेरित किया कि वे शीघ्र अपना स्टेट हेल्थ कार्ड बनवाएं और अपने परिवार के साथ योजना का लाभ उठाएं।

# पराली प्रबंधन एवं फार्मर रजिस्ट्री के प्रति किसानों को जागरूक करने हेतु डीएम ने प्रचार वाहनों को किया रवाना

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



प्रमोशनल ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू योजना के अंतर्गत किसानों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव एवं फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।ये प्रचार वाहन जनपद की सभी तहसीलों के ग्रामीण इलाकों में जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में जानकारी देंगे।तथा उन्हें पराली जलाने के बजाय उसे कम्पोस्ट खाद के रूप में प्रयोग करने हेतु प्रेरित करेंगे।इस अवसर पर डीएम ने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष को न जलाएं क्योंकि इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है।एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है।उन्होंने कहा कि कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ एस.एम.एस.यंत्र का उपयोग करें। ताकि पराली प्रबंधन कटाई के समय ही हो सके।उन्होंने बताया कि पराली जलाने से खेत में मौजूद लाभदायक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं,जिससे अगली फसलों की पैदावार प्रभावित होती है।उन्होंने किसानों को स्ट्रारीपर बेलर,मल्चर, स्ट्राचॉपर,रोटरीस्लेशर जैसे यंत्रों के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया।तथा यह भी कहा कि यदि कोई कम्बाइन स्वामी बिना पराली प्रबंधन यंत्र के प्रयोग के कटाई करेगा,तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।पराली जलाने पर क्षेत्रफल के अनुसार 2500 रूपए से15000 रुपए तक का अर्थदंड लगाया जाएगा।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश सचिव का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं ऊंचाहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह का जन्मदिन बुधवार को बड़े ही धूमधाम से नेताओं,कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों सहित सैकड़ों लोगों ने मनाया।ऊंचाहार सीएचसी,जगतपुर सीएचसी,गौरा सीएचसी,लालगंज सीएचसी,डीह सीएचसी,हरचंदपुर सीएचसी में मरीजों को मिठाई व फल बांटकर एवं जरूरतमंदों की सेवा करके जन्मदिन मनाया गया एवं सिंह के रायबरेली कार्यालय पर सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर केक कटवाकर व मुँह मीठा कराकर जन्मदिन मनाया व सभी लोगों ने नेता जी को दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की!

# विद्यालय में समाजसेवी नीरज शर्मा ने बच्चों को बाँटी शिक्षा सामग्री

### तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों को मिली कॉपी,पेन और ज्योमेट्री बॉक्स किट

**जन एक्सप्रेस | तिलोई,अमेठी**



तहसील तिलोई क्षेत्र के ग्राम सभा रमई के प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को समाजसेवी नीरज शर्मा द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई।उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत तीन सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को कॉपी,पेन,पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का अनुशासन अच्छा है।और शिक्षक ही वास्तव में ईश्वर का स्वरूप होते हैं, जो समाज के भविष्य का निर्माण करते हैं।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार,आदित्य नारायण शुक्ला,विद्यालय के प्रधानाचार्य,अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।समाजसेवी नीरज शर्मा ने सभी शिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके समर्पण और मेहनत से ही विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ रही है।विद्यालय परिसर में कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी।अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने भी इस योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अवैध कब्जे के विरोध में महिला परिवार सहित धरने पर बैठी

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



अमेठी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर फुलवारी गांव की एक महिला ने अपने परिवार के साथ बुधवार को अमेठी तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।महिला का आरोप है,कि उसके पिता की मृत्यु के बाद विरासत में मिली जमीन पर गांव के कुछ दबंग लोग अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।और स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायत करने के बावजूद उसे न्याय नहीं मिला है।पीड़िता ने बताया कि उसने इस मामले की शिकायत राजस्व विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन दोनों से की,लेकिन अधिकारियों द्वारा केवल जांच का आश्वासन दिया गया।अब तक न तो किसी के खिलाफ कार्रवाई हुई,और न ही जमीन से कब्जा हटाया गया। महिला ने कहा कि जब तक मेरी जमीन का कब्जा मुझे वापस नहीं मिलेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी,तब तक मेरा धरना अनवरत जारी रहेगा।धरने की जानकारी मिलते ही तहसील प्रशासन में हलचल मच गई।मौके पर पहुंचे कुछ अधिकारियों ने महिला से बात करने का प्रयास किया,और मामले की पूरी जानकारी ली।वहीं पीड़िता का कहना है कि अधिकारियों ने कई बार सिर्फ भरोसा दिलाया,लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।धरना स्थल पर महिला के साथ उसके परिवार के सदस्य और कुछ ग्रामीण भी मौजूद रहे।ग्रामीणों का कहना है कि पीड़िता लंबे समय से न्याय के लिए भटक रही है,परंतु उसे अब तक कोई राहत नहीं मिली है।उधर प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मामले की जांच के लिए राजस्व विभाग और पुलिस टीम गठित की जा रही है।अधिकारियों ने कहा कि भूमि विवाद की निष्पक्ष जांच कर जल्द ही उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी,ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।

## कुस्ती दंगल में बाबा फकीर सहारनपुर ने हरीश हरियाणा को दी पटखनी



**महराजगंज तराई बलरामपुर।** बस स्टॉप चौराहा मैदान में अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग हिस्सों के नामी पहलवानों ने अपने दमखम और दांव-पेंच से दर्शकों का दिल जीत लिया। दस दिन तक चलने इस आयोजन में अखाड़े में एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकावला देखने को मिला।दंगल के तीसरे दिन पहलवान बाबा फकीर सहारनपुर ने हरीश हरियाणा को मात दी। वही दूसरी ओर पहलवान बाबर पठान बहराइच ने उमेश राजस्थान को एक रोचक मुकाबले में पटखनी दी। शास्त्री पहलवान उत्तराखंड ने मुजफ्फरपुर के पहलवान अर्जुन को हराकर दर्शकों का मनोरंजन किया।

# डीएम ने क्रॉप कटिंग के जरिए परखा धान का उत्पादन

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**



जनपद के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा तहसील अकबरपुर अन्तर्गत राजस्व ग्राम हाजीपुर मरूई में खरीफ़ सीजन की फसल धान की क्रॉप कटिंग के माध्यम से की गई तथा उत्पादकता का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा किसान के खेत में पक कर तैयार धान को फसल की हसिया से कटाई की गई। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा रैंडमली ऑनलाइन चयनित ग्राम हाजीपुर मरूई के गाटा संख्या 08 और 267 जगराम एवं रामनयन के खेत मे 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज क्षेत्र के अन्तर्गत खरीफ फसल धान की कटाई एवं मड़ाई कर उससे प्राप्त धान का वजन भी कराया गया। गाटा संख्या 08 में निर्धारित क्षेत्रफल (43.30वर्ग मीटर ) मे 22.540 किग्रा तथा गाटा संख्या 267 में निर्धारित क्षेत्रफल (43.30वर्ग मीटर ) मे 21.200 किग्रा की फसल का उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर उत्पादकता क्रमशः लगभग 52 एवं 49 कुंतल होती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उपज के सही आँकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित लोगों से क्षेत्र में उत्पादित की जाने वाली प्रमुख फसलों, धान की विभिन्न किस्मो व उत्पादकता संबंधी जानकारी भी प्राप्त की गई। क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा क्षेत्र में फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार कर शासन को भेजे जाते है और इसी आधार पर फसल बीमा धारकों को नुकसान का मुआवजा भी दिया जाता है कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग के आंकड़ों को संग्रहित करके शासन को भेजता है इसके आधार पर ही जनपद के विभिन्न फसलों का प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है इस मौके संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स कराए अपना भौतिक सत्यापन: वरिष्ठ कोषाधिकारी

**रायबरेली।** वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ0 भावना श्रीवास्तव ने कोषागार द्वारा बैंकों के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशन भोगियों को सूचित किया है वे अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा करने हेतु कोषागार रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में बैंक पासबुक तथा पैन एवं आधार कार्ड के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। जीवन प्रमाण पत्र के फार्म कोषागार में निःशुल्क उपलब्ध हैं। कोषागार में पेंशन लेखाकार द्वारा पेंशनर के अभिलेखों से मिलान कर जीवन प्रमाण पत्र हस्ताक्षरित किया जाएगा। तत्पश्चात् पेंशनर द्वारा वरिष्ठ कोषाधिकारीध्सहायक कोषाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन अधिकारी द्वारा पेंशनर को रसीद प्राप्त करायी जाएगी।

# गायत्री मंदिर से शुरू हुई पदयात्रा मोहन बाबा मंदिर पर हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस | तुलसीपुर बलरामपुर**



नपद बलरामपुर के तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में तुलसीपुर विधानसभा की पदयात्रा श्री गायत्री मंदिर बल्देव नगर से शुरू होकर श्री मोहन बाबा मंदिर ललिया में सम्पन्न हुई।

जानकारी के अनुसार 12 नवंबर को आयोजित पदयात्रा में विधायक कैलाश नाथ शुक्ला के साथ विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता, किसान, मजदूर एवं व्यापारियों ने भागीदारी की। सभी कार्यकर्ता, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकुट बिहारी वर्मा, विधान परिषद सदस्य अवधेश सिंह मंजू, लोक सभा प्रभारी शंकर दयाल पाण्डेय, विधान सभा के कार्यक्रम प्रभारी डॉ अजय सिंह पिंकू, विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, विधान सभा संयोजक शिव प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में देशभक्ति के नारे लगाते हुए पदयात्रा पूरी किए। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावां जिला महामंत्री विशुन देव गुप्ता जी, जिला मंत्री राम प्रसाद सिंह जी, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण जी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप वर्मा जी, विनय मिश्रा जी, शेरावाली शुक्ला जी, सभी मण्डल अध्यक्ष, सभी मण्डल महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी वक्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की।

## एम्स में ड्रग रेजिस्टेंस मरीजों हेतु 8 बेड के डीआर टीबी सेंटर का हुआ उद्घघाटन

**रायबरेली।** एम्स रायबरेली में ड्रग रेजिस्टेंस मरीजों हेतु 8 बेड के डीआर टीबी सेंटर का उद्घघाटन डॉक्टर अमिता जैन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एम्स रायबरेली द्वारा किया गया जिसमें संस्थान की डीन एकेडमी प्रोफेसर डॉक्टर नीरज कुमारी डीन एग्जामिनेशन प्रोफेसर डॉक्टर प्रगति गर्ग एवं डीन रिसर्च प्रोफेसर डॉक्टर अर्चना वर्मा के साथ ही लखनऊ से आए विशेष अतिथि डॉ राजीव गर्ग केजीएमयू एवं डॉ अजय कुमार वर्मा केजीएमयू तथा नोडल क्षय रोग विभाग रायबरेली डॉक्टर अनुपम सिंह उपस्थित रहे उद्घाटन के उपरान्त डीआर टीबी- इमर्जिंग चौलेंजेस विषय पर एक सीएमई का भी आयोजन किया गया सीएमई में नोडल ऑफिसर कोर कमेटी एनटीईपी एम्स डॉक्टर प्रमोद कुमार, कोऑर्डिनेटर कोर कमेटी एनटीईपी एम्स डॉ सना इलाही एवं नोडल अधिकारी डीआर टीबी एम्स डॉ महेंद्र कुमार मीणा के साथ ही राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक मनीष श्रीवास्तव जिला पीएमडीटी समन्वयक अतुल कुमार वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अलंकार शर्मा एसटीएलएस अखिलेश त्रिवेदी एवं अन्य स्टाफउपस्थित रहे।

# सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी ने किया पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी बलरामपुर के सीमा चौकी महादेव बुजुर्ग के कार्यक्षेत्र में निःशुल्क ह्वक्ष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 12 नवंबर को संजय कुमार कमांडेंट, 50वीं वाहिनी, स.सी.ब., बलरामपुर के निर्देशन में वाहिनी के कार्यक्षेत्र सीमा चौकी महादेव बुजुर्ग के ग्राम बेनीनगर में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत, डॉ राजेश कुमार गुप्ता पशु चिकित्सा अधिकारी बढ़नी व उप निरीक्षक सामान्य प्रियंका यादव, मुख्य आरक्षी पशुचिकित्सा राहुल कुमार एवं मुख्य आरक्षी पशुचिकित्सा मुकेश कुमार सैनी की उपस्थिति में निःशुल्क ह्वक्ष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें उपस्थित बल कार्मिक एवं ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से वंदेमातरम गीत गाया गया द्य कार्यक्रम के दौरान 19 सीमावर्ती लोगों के 121 जानवरों का निःशुल्क ईलाज श, जाँच एवं निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया द्य जिससे संबंधित छायाचित्र संलग्न हैं।

# अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आयोजित

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज तराई बलरामपुर**



अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का दस दिवसीय दंगल का भव्य आयोजन महराजगंज बस स्टॉप चौराहा में आयोजित किया गया। जिसमें देश व प्रदेश के दर्जनों पहलवान ने प्रतिभा किया। दंगल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथिद थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी व विशिष्ट अतिथि प्रधान प्रतिनिधि गणेश प्रसाद सोनी ने पहलवानों को माला पहनकर दंगल कुश्ती के अखाड़े में सम्मानित किया। प्रभुश्री राम की नगरी अयोध्या के पहलवान बाबा लाडी ने व उत्तराखंड के शास्त्री पहलवान ने दर्शकों का खूब उत्साह मनोरंजन दिया। बाबा पठान देवा शरीफ ने राजस्थान के शेरा पहलवान को पटखनी देकर तमाम पुरस्कार अर्जित किया। सभी पहलवानों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। बाबा पहलवान ने शेरा पहलवान को पटकनी दिया। दंगल प्रतियोगिता के कार्यक्रम में देश व प्रदेश विदेश के पहलवानों ने दंगल प्रतियोगिता में प्रतिभा किया। दंगल के अखाड़े में सिवान उत्तराखंड राजस्थान अयोध्या बहराइच देवा शरीफ के पहलवान ने प्रतिभा किया। सभी पहलवानों के बीच बहुत ही खूबसूरत दंगल देखने को मिला। सभी दर्शकों दंगल के पहलवानों का उत्सवर्धन किया। देवा शरीफ के पहलवान बाबा पठान ने शेरा पहलवान राजस्थान को पटकनी देकर जीत हासिल किया। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या के पहलवान बाबा लाडी ने सोनू पहलवान चंडीगढ़ से मुकाबला जीतकर दर्शकों का दिल जीत लिया। सभी दर्शकों व मंच के अतिथियों ने भरपूर इनाम दिया। दंगल कार्यक्रम में थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने कहा की ऐसे दंगल कार्यक्रम के होने से पहलवानों में उत्सवर्धन का माहौल होता है। देश विदेश व प्रदेश से आए सभी पहलवानों ने अखाड़े के मैदान पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। प्रधान गणेश प्रसाद सोनी ने सभी पहलवानों को माला पहनकर अखाड़ा में स्वागत किया। पहलवानों को इनाम देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महेश जैसवाल मंगलदेव सिंह सौरभ सिंह डी पी राना सहित तमाम लोगों ने पहलवान का उत्साह वर्धन किया।

## शैक्षणिक भ्रमण दल ने किया थारू समाज के गतिविधियों का अध्ययन

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर एमएलके पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के स्नातक और परा स्नातक छात्र- छात्राओं का एक दल बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण हेतु चित्तौड़गढ़ बांध और इमलिया कोडर का भ्रमण किया । दल में शामिल छात्र-छात्राओं ने थारू जनजाति समाज उनके रीति रिवाज, रहन सहन व अन्य गतिविधियों पर अध्ययन किया । जानकारी के अनुसार 12 नवंबर को एमएलके पीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग के शैक्षणिक भ्रमण दल में शामिल छात्र-छात्राओं ने बांध का निरीक्षण कर इमलिया कोडर स्थित थारू संग्रहालय का भ्रमण कर थारू जनजाति की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, व्यापारिक, राजनीतिक जीवन के सभी पहलुओं का गहनता से विश्लेषण किया । भ्रमण दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह ने किया । इस अवसर पर डॉ ओम प्रकाश सिंह, डॉ दिनेश तिवारी, अर्चना शुक्ला, सीमा पांडेय व नीरज पांडेय सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | दीनशाह गौरा , रायबरेली**



विकास क्षेत्र दीनशाह गौरा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन विकास क्षेत्र के ही शिव नारायण सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , रायबरेली राहुल सिंह ने माँ सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , रायबरेली राहुल सिंह ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के माध्यम से ही बच्चों का सही विकास होता है साथ ही बच्चे कठिन परिश्रम करना सीखते है और उसका आने वाले जीवन में लाभ मिलता है । विशिष्ट अतिथि लाल संजय प्रताप सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी । बालक वर्ग की 100 मीटर , 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में अमन मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पूनम ने , 200 मीटर दौड़ में अंजली और 400 मीटर दौड़ में सोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । बालक वर्ग की लंबी कूंद में सूरज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्राथमिक स्तर (बालक वर्ग )की कबड्डी में अलावलपुर की टीम विजेता और गौरा की टीम उपविजेता रही । जूनियर स्तर की कबड्डी (बालिका वर्ग) में जलालपुर धई की टीम विजेता और धमधमा की टीम उपविजेता रही । जूनियर स्तर(बालक वर्ग) की कबड्डी प्रतियोगिता में अलावलपुर विजेता और गौरा उपविजेता रही । ऊँची कूंद में संदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । खो-खो(बालिका वर्ग) में जलालपुर धई की टीम विजेता और अलावलपुर की टीम उपविजेता रही । खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने सभी बच्चों को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग करने हेतु शुभकामनाएं प्रदान की और आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया साथ ही विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया । गौरा अध्यक्ष शैलेश पांडे ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास दोनों होते है । व्यायाम शिक्षक व एसआरजी सुनील यादव ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया । इस अवसर पर हरिकेश बहादुर , अखिलेश कुमार, प्रमोद द्विवेदी , धर्मेंद्र सिंह , दुशान्त प्रताप , ब्रजेंद्र सिंह , मनीष दीक्षित , अरवाब हैदर , रमन सिंह , प्रणव कुमार , दिलीप कुमार , सिद्धनाथ , किरन सिंह , नितिन मिश्रा , उदय चन्द्र , अर्पित यादव , राहुल द्विवेदी , राकेश मिश्रा , अरुणेंद्र सिंह , सर्वेश कुमार , उमेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# मैंने अपनी जिंदगी में बहुत गलतियां की अब खुद को खत्म करने जा रहा हूं



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मैंने अपनी जिंदगी में बहुत सी गलतियां की जिसकी वजह से मैं परेशान हो गया इसलिए मैं आत्महत्या करने जा रहा हू, ये वीडियो बनाकर छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली, सुबह जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और शव देख सभी के होश उड़ गए, पुलिस ने घटना की जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कल्याणपुर बारासिरोही निवासी अजेंद्र यादव किसान है, परिवार में बेटी अपर्णा यादव, बेटा आदित्य यादव व छोटा भाई वरुण यादव (20) है, बड़े भाई आदित्य यादव ने बताया कि करीब,14 वर्ष पूर्व माँ की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी, छोटा भाई वरुण यूनिवर्सिटी कानपुर से बीबीए द्वितीय वर्ष का छात्र है, आदित्य के अनुसार वरुण हमेशा खुश रहता था दोनों भाई आपस में एक दूसरे से सारी बाते भी बताते थे, सोमवार को वरुण छत पर करीब दो घंटे तक उससे बाते करता रहा इस दौरान उसने हसीं मजाक भी किया और कालेज की कई बाते बताई वरुण ने कहा की भाई अब लाइफ में कुछ अच्छा करना चाहता हूँ जॉब लग जाए और पापा का सपना पूरा कर दू, इसदौरान उसने कोई ऐसी बात नहीं कही जिससे यह प्रतीत हो सके कि वह परेशान है, मंगलवार को भाई रोज़ की तरह कालेज गया वहाँ से आकर खाना खाया उसके बाद बहन से थोड़ी देर में आने की बात कहकर चला गया था, शाम करीब आठ बजे घर वापस आया थोड़ी देर रुकने के बाद वापस घर से चला गया, काफी देर तक ज़ब वह वापस नहीं आया तो बहन अपर्णा ने भाई को फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया, काफ़ी देर तक कोई जवाब ना आनेपर पिता ने वरुण के दोस्तों से पूछा मगर भाई का कुछ पता नहीं चला, देर रात पिता ने 112 नंबर डायल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पी आर वी आदित्य को थाने लेकर आई आदित्य यादव ने भाई की देर रात गुमशुदगी दर्ज कराई, थाना प्रभारी रमाकांत शुक्ला ने वरुण के नंबर की लोकेशन निकाली तो यूनिवर्सिटी के पास मिली परिवार के लोग देर रात को यूनिवर्सिटी सहित कई जगह खोजबीन की मगर वरुण नहीं मिला देर रात वरुण ने एक वीडियो बना इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट किया जिसमे वरुण बोल रहा की उसने जिंदगी में अपनी बहुत सी गलतियां की जिससे वह परेशान हो गया,वह अब आत्महत्या करने जा रहा यह उसकी जिंदगी का यह आख़री वीडियो है,

सुबह करीब साढ़े सात बजे कल्याणपुर से कानपुर सेंट्रल स्टेशन जा रही मेमो ट्रेन के आगे पिलर नंबर 124 के सामने छात्र कूद गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, राहगीरों ने 112 नंबर डायल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी, जानकारी मिलते ही कल्याणपुर थाने का फ़ोर्स और जी आर पी मौके पर पहुंचा और मृतक के पास मिले मोबाईल से घटना की जानकारी पुलिस को दी, जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और युवक का क्षत विक्षत शव देख सभी केहोश उड़ गए, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, थाना प्रभारी कल्याणपुर राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया की परिजनों ने पूछताछ की जा रही है अभी तक कोई आरोप पारिवारिक जनों द्वारा नहीं लगाए गए हैं यदि कोई आरोप लगाए जाएंगे तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी,

### देर रात छात्र नेता ने कहा साहब युवक मरने जा रहा वीडियो अपलोड किया बचा लो

कानपुर, देर रात करीब 11.32 पर छात्र नेता अभिजीत राय ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक वरुण ने अपनी इंस्ट्राग्राम आईडी पर वीडियो अपलोड किया है जिसमे वह बोल रहा कि वह अपनी जिंदगी से ऊब गया है और वह मरने जा रहा है, अभिजीत राय ने मृतक कि इंस्ट्राग्राम आईडी और वीडियो भी दिए थे अभिजीत को उसके जूनियर छात्र अनस साहू ने फोन कर घटना से अवगत कराते हुए बचा लेने का निवेदन किया था।

### मृतक छात्र की लास्ट लोकेशन यूनिवर्सिटी मिली थी

कानपुर, जब छात्र ने वीडियो बना इंस्ट्राग्राम पर अपलोड किया तो पुलिस हरकत में आई और देर रात ज़ब थाना प्रभारी ने मृतक की लास्ट लोकेशन निकाली तो वह यूनिवर्सिटी के पास मिली पुलिस और परिजन मिली लोकेशन पर पहुँचे और सुबह करीब तीन बजे तक उसकी खोजबीन तक की मगर सफलता नहीं मिली और सुबह रेलवे ट्रैक पर परिजनों को शव मिला।

### प्रेम प्रसंग के एंगल पर पुलिस करेगी जाँच

कानपुर, मृतक छात्र के मामले में थाना प्रभारी राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि परिवार वालों से बातचीत की गई है, उन्होंने ऐसी कोई बात नहीं बताई जिससे छात्र के सुसाइड का सही पता चल सके, पुलिस छात्र के मोबाइल का सीडीआर निकाल कर जांच करेगी की कही प्रेम प्रसंग का कोई मामला नहीं था जिस वजह से छात्र ने ऐसा कदम उठाया है।

## रोजवेल विद्यालय में बाल दिवस पर होगा भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बाल दिवस के अवसर पर रोजवेल विद्यालय में आगामी 14 नवम्बर, शुक्रवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बाल मेला, आर्ट-क्राफ्ट एवं विज्ञान प्रदर्शनी के आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक राहुल बच्चा उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर बिल्हौर अशोक कुमार, नगर पंचायत चेयरमैन इकलाख खान तथा जिला पंचायत सदस्य गगन ठाकुर नानामऊ शामिल होंगे।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच देने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी विद्यालयों के 4 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को उनके अभिभावकों सहित आमंत्रित किया गया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# एचडीएफसी कर्मी ने फेसबुक स्टोरी लगाई अपने दुख का कारण हम खुद है फिर लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



रावतपुर में एचडीएफसी कर्मी ने अपनी फेसबुक आईडी पर पहले स्टोरी लगाई की अपने दुःख का कारण हम खुद हूँ उसके बाद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली दोस्त ज़ब उसे बुलाने रूम पर पहुँचा तो दरवाजा बंद था, काफ़ी देर तक दरवाजा खटकाने के बाद भी ज़ब कोई आवाज नहीं आई तो युवक ने खिड़की से झाँक कर देखा तो वह फंदे के सहारे पंखे से लटक रहा था, युवक ने घटना की सूचना मकान मालिक सहित 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी, सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

महोबा निवासी अंशुल कश्यप प्राइवेट कर्मी है परिवार में तीन पिता अशोक कश्यप की करीब 13 साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी, माँ किरण व दो भाई अतुल कश्यप (26) प्रिंशूल है, भाई अतुल करीब तीन साल पहले महोबा से कानपुर के रावतपुर मथुरा नगर निवासी पुण्य प्रताप शुक्ला के मकान में रहने आया था यहां रहकर वह रावतपुर केशव पुरम की एचडी एफसी ब्रांच में बीमा विभाग मे कार्यरत था, अंशुल ने बताया कि आज सुबह करीब सात बजे अतुल ने माँ को फोन किया और कहा कि आज रात को नींद नहीं आई तो इसलिए सुबह सुबह आपको फोन कर दिया, जिसपर माँ ने पूछा भी कोई बात तो नहीं है अगर कोई बात हो तो घर आ जाओ लेकिन अतुल ने कहा नहीं कोई बात नहीं बस काम ज्यादा रहता है उसके बाद फोन काटते हुए बोला कि अब शाम को फोन करेंगे, करीब 12 बजे छोटे भाई प्रियम ने अतुल को दो बार फोन किया मगर उसका फोन नहीं उठा, जिसके बाद उसके साथ में काम करने वाले अभिषेक से बात कि और कहा कि भाई के रूम पर जाओ उसका फोन नहीं उठ रहा, अभिषेक करीब एक बजे अतुल के कमरे में पहुंचा मगर दरवाजा अंदर से बंद था, काफ़ी देर दरवाजा खटकाने के बाद भी ज़ब अंदर से कोई आहट नहीं आई तो अभिषेक ने बगल की खिड़की से झाँक कर देखा तो उसका शव दुप्पटे से पंखे के सहारे लटक रहा था, जिसके बाद अभिषेक ने मकान मालिक सहित 112 नंबर डायल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी, जानकारी मिलते ही रावतपुर थाने का फ़ोर्स और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची, वहीं पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो सुनकर सभी के होश उड़ गए, जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे, जिसके बाद रावतपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, थाना प्रभारी रावतपुर मनोज मिश्र ने बताया की सुसाइड की वजह अभी पता चल सकी है परिवार के लोगों से बातचीत की गई है अभी तक परिजनों द्वारा कोई आरोप नहीं लगाए गए अगर कोई तहरीर मिलती है तो जाँच कर कार्यवाही की जायेगी।

# शादी में नहीं दिए दो लाख तो शादी से कर दिया इनकार

- वधु पक्ष के लोगों ने दो लाख रूपये एडवांस माँगने का लगाया आरोप, पुलिस मामले की कर रही पड़ताल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर में वर पक्ष ने दो लाख रूपये एडवांस दहेज के रूप में ना देने पर वर पक्ष गोद भराई होने के बाद भी शादी तोड़ दी, वधु पक्ष ने हाथ पैर जोड़े मिन्नते भी की मगर वह नहीं माने जिसपर वधु पक्ष के लोगों ने कल्याणपुर थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है,

कल्याणपुर अवधपुरी निवासी रामदेवी गृहणी है, उनके पति राम चंद्र की कुछ साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी, रामदेवी ने अपनी बेटी गीता की शादी चौबेपुर फत्तेपुर बंदीमाता निवासी स्व जुग्गी लाल के बेटे सोनू से तय की थी, रामदेवी ने बताया कि बेटी को देखने के लिए वर पक्ष के लोग कल्याणपुर के आशा मंदिर आये थे,उसके बाद दिनांक 28/9/25 को बड़े ही धूमधाम से गोद भराई की रस्म अदा की गई व दहेज के तौर पर वर पक्ष के लोगों ने कोई मांग नहीं की, उन्होंने कहा की आप अपनी सामर्थ के अनुसार जो देना चाहे वो दे सकती है, जिसके बाद दिनांक 16/11/25 शादी की तिथि तय हुई थी, राम देवी ने बताया कि उन्होंने चौबेपुर बंदीमाता रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस बुक कर लिया था, शादी के कार्ड भी वह लगभग बाँट दिए थे, दिनांक 25/10/25 को शाम को सोनू का फोन आया और कहा कि दहेज में दो लाख रूपये एडवांस व्यवस्था करो तो शादी होंगी अन्यथा शादी नहीं करूंगा सोनू कि बात सुनकर घर में हड़कंप मच गया, सोनू कि बात सुनकर ज़ब रामदेवी ने उसकी माँ से बात कि तो उन्होंने कहा सोनू जो कह रहा ठीक कह रहा आप दो लाख रूपये कि जल्द व्यवस्था करके फोन करो तब शादी होंगी वरना शादी कैंसिल कर दो, वधु पक्ष के लोगों ने पैसा देने में समर्थता जताई तो उन्होंने शादी करने से इनकार कर दिया, कई बार लड़की पक्ष के लोग लड़के के घर जाकर बात कि और हाथ पैर जोड़े मगर वह नहीं माने, जिसके बाद रामदेवी नेकल्याणपुर थाने आकर लिखित शिकायत कि, दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बातचीत कि गई लेकिन वर पक्ष शादी को राजी नहीं हुआ, कल्याणपुर थाना प्रभारी राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्ष थाने पर आये थे बातचीत कि जा रही अगर दोनों के बीच समझौता नहीं होता तो पीड़ित पक्ष की तहरीर लेकर मुकदमा दर्जकर करवाई की जायेगी।

## नदीहा धामू में युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। ककवन। थाना क्षेत्र के ग्राम नदीहा धामू में दुकान से घर लौट रहे युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।पीड़ित जगदीश पुत्र नन्हू निवासी नदीहा धामू ने थाना ककवन में दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र आलोक दुकान बंद कर घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही सौरभ उर्फ मुरारी मिला। आलोक ने बताया कि उसने पहले सौरभ को 16 सौ रुपये उधार दिए थे। जब उसने पैसे मांगे तो सौरभ भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा।आरोप है कि सौरभ ने धमकी दी कि दोबारा पैसा मांगा तो जान से मार दूंगा। शोर सुनकर जब पिता जगदीश मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी और वहां से फरार हो गया।सूचना पर पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ककवन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आयुर्वेदिक औषधि विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदा की बिक्री को सीतापुर में प्रतिबन्धित किया जाता है।

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 अमित गुप्ता ने बताया कि डा0 गौतम कुमार विश्वास प्रोपाइटर मेसर्स ए टू जेड फार्मास्युटिकल्स एण्ड लैबोरेट्री गली नं0-01 जवाहर नगर रोहटारोड जनपद-मेरठ के पत्र -25जुलाई 2025 एवं मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका 04अप्रैल .2024 एवं निदेशालय के आदेश -12.मार्च 2024 के विरूद्ध योजित रिट याचिका पर मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 04 अप्रैल 2024 के द्वारा दूसरे राज्य की फर्म (मैसर्स डा0 विश्वास आयुर्वेदा इण्टरनेशनल प्रा0लि0 अम्बाला, हरियाणा) द्वारा उत्पादन की जाने वाली आयुर्वेदिक औषधियों के उत्पादन पर राज्य लाइसेंसिंग अर्थोरिटी द्वारा प्रतिबन्ध नहीं लगाया जा सकता है परन्तु ऐसी आयुर्वेदिक औषधियां जिसमें स्टेरायड की मिलावट पायी गयी हो, उसकी बिक्री पर राज्य लाइसेंसिंग अर्थोरिटी द्वारा रोक लगायी जा सकती है।

# डेंगू से बचाव के लिए जिला पंचायत सदस्य गगन ठाकुर सक्रिय, नसिरापुर में कराया छिड़काव

### लाइटें व नालियां बनवाकर बढ़ाई जनसुविधा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




### ग्रामीणों ने कहा ठाकुर गगन सिंह चौहान के नेतृत्व में नानामऊ क्षेत्र में दिख रहा विकास और जनजागरूकता का असर

नानामऊ। मच्छरों से फैल रहे डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य ठाकुर गगन सिंह चौहान (गगन ठाकुर) ने अपने क्षेत्र में डेंगू रोकथाम अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत बुधवार को नसिरापुर गांव में मच्छरनाशक दवा का छिड़काव कराया गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत महसूस की।इस अवसर पर गगन ठाकुर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने घरों और आस-पास कूड़ा-कचरा या गंदगी जमा न होने दें, साथ ही जहां भी पानी का जलभराव हो, वहां डीजल का छिड़काव करें ताकि मच्छरों के लार्वा का नाश हो सके। उन्होंने बताया कि शाम के समय कपूर जलाना और नीम की पत्तियों का डीजल के साथ धुआं करना मच्छरों को भगाने के पारंपरिक और असरदार उपाय हैं।उन्होंने कहा कि डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनसहयोग और जागरूकता से संभव है। इसी उद्देश्य से पूरे क्षेत्र में जागरूकता अभियान और दवा छिड़काव कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

नानामऊ जिला पंचायत क्षेत्र में ठाकुर गगन सिंह चौहान के कार्यों से विकास और जनसुविधा दोनों में तेजी आई है। उन्होंने अपनी जिला पंचायत निधि से सड़कों व नालियों का निर्माण कराया है तथा गांव-गांव में लाइटें लगवाकर लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ठाकुर गगन सिंह चौहान बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों की समस्याओं पर ध्यान देते हैं और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं।

# संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने में जुटी सपा, विनय यादव ने एसडीएम को सौंपी बूथ लेवल एजेन्ट (बीएलए) सूची

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



समाजवादी पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की दिशा में व्यापक अभियान की शुरुआत की है। विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय सिंह यादव और पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम के नेतृत्व में बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों की बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) सूची तैयार कर एसडीएम बिल्हौर डॉ. संजीव दीक्षित को सौंपी गई।विनय यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी अब हर बूथ पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराने के लिए सक्रिय है। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है, जो मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में सहयोग करेंगे और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को जनता तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य जनता से सीधा संवाद स्थापित कर संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा, बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता ही समाजवादी पार्टी की असली ताकत हैं। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने व आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया। विनय यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता की आवाज है, और हर कार्यकर्ता समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर रचना सिंह, हरिओम पांडे, पंकज यादव, अंशुमान यादव, हरेंद्र गौतम समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अस्पताल संचालक की सूझबूझ से चोरी की वारदात नाकाम, दो चोर दबोचे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पुराने शिवली रोड स्थित निजी प्रांजल हॉस्पिटल में बुधवार तड़के चोरी की वारदात को अंजाम देने पहुंचे दो चोर अस्पताल संचालक की सूझबूझ से धर दबोचे गए। संचालक ने दोनों आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अस्पताल संचालक हिमांशु मल्होत्रा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े चार बजे अस्पताल के कर्मचारियों ने सूचना दी कि वार्ड में भर्ती मरीजों के मोबाइल फोन और ऑफिस का कुछ सामान गायब है। इस पर वे तत्काल मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज में दो युवक चोरी करते हुए और अस्पताल परिसर से बाहर जाते दिखाई दिए। संचालक ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी और कर्मचारियों के साथ उन्हीं की तलाश में निकल पड़े। थोड़ी ही दूरी पर एक युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपने साथी का नाम बताया, जिसके बाद दूसरे चोर को भी कर्मचारियों की मदद से पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शिवांग और नरेंद्र, निवासी बिठूर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कल्याणपुर राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि अस्पताल संचालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आबकारी विभाग सीतापुर पर नही लागू होते सीएम योगी निर्देश

- अधिकांश आबकारी निरीक्षको को सीयूजी नम्बर रहते स्वीच आफ कैसे हो बात
- जानकारी लो तो जिला आबकारी अधिकारी बहाना बनाकर काट देते है सीयूजी नम्बर दोबारा नही करते फोन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

### क्या कहता है शासनादेश

सीयूजी नम्बर जारी के साथ ही शासनादेश दिया गया था कि हर अफसर को सीयूजी नम्बर पर आई काल को अटेण्ड करना है अगर किसी महत्वपूर्ण कारण वश काल अटेण्ड नही का जा सकती है तो बाद की बैक काल करके यह देखा जायेगा कि किसने क्यो और किस कारणवश फोन किया है। यह सीयूजी नम्बर जनता और अधिकारियों के बीच बेहतर ताल मेल बनाने के लिये जारी किये गये थे। सीयूजी नम्बर जारी करते समय अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि अगर कोई भी अधिकारी अगर काल नही उठाता है और बाद में बैक काल नही करता है तो इस घटना क्रम को अधिकारी की घोर लापरवाही माना जायेगा और वह कार्यवाही की जद में आयेगा।

सीएम योगी के सख्त निर्देश सीतापुर के आबकारी विभाग पर लागू नही हो रहे है। जिला आबकारी अधिकारी तथा उनके अधीनस्थ कुछ आबकारी निरीक्षको ने पिछले कई दिनों से सीयूजी नम्बर स्वीच आफ कर रखा है। जबकि तत्कालीन जिलाधिकारी ने जिले की जनता से अपील करते हुए कहा था कि कोई भी व्यक्ति प्राइवेट स्थानों से शराब न खरीदे हमेशा शराब सरकारी ठेके से खरीदे ऐसी अपील इस लिये की गई थी कि गांव की बनी कच्ची शराब जिले सहित पूरे प्रदेश के कई लोगो की मौत हो गई थी। इन मौतों को लेकर तत्कालीन जिलाधिकारी ने शराब पियक्कड़ो की सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर इस अपील जारी करते हुए कहा गया था कि अगर कहीं भी अवैध रूप से शराब का कारोबार हो रहा हो तो इन नम्बरों पर फोन करे। जिसमें जिलाधिकारी आबकारी अधिकारी से लेकर आबकारी निरीक्षको से सीयूजी नम्बर जारी किये गये थे। इसी दौरान सीएम योगी ने सूबे के सभी असफरों को निर्देश दिये थे कि सरकारी अफसर को हर हाल में सीयूजी नम्बर पर आये फोन को उठाना है। अगर किसी कारण वश फोन नही उठा पा रहे है तो कारण समाप्त होने के बाद फोन मिलाकर फोन करने वाले से बात करे। अगर कोई अफसर सीयूजी नम्बर का फोन वापस नही करता है तो उसके अफसर की लापरवाही मानी जायेगी। इस तरह के आदेश जारी होने के बाद भी सीतापुर में अबाकारी अधिकारी पर कोई फर्क नही पड़ रहा है। पिछले की कई दिनों से जो साक्ष्य मिले रहे है उनके अनुसार एक जानकारी लेने के लिये जिला आबकारी अधिकारी को दस नम्बर को 9935742590 से उनके सीयूजी नम्बर पर करीब शाम चार बजे काल की गई जब उनसे कम्पोजिट शराब के ठेको के बार में जानकारी ली गई तो उन्होने सीयूजी नम्बर पर आ रही काल को यह कहकर काट दिया कि दूसरा जरूरी फोन आ रहा है इससे बात कर दोबारा आपको फोन मिलाते है। उसके बाद उन्होने दोबारा बात नही की। जब इसी नम्बर से 11 को शाम करीब 2.23 बजे फोन मिलाया गया तो उन्होने सीयूजी नम्बर ही नही उठाया बेल बजती रही। उसके बाद 11 नवम्बर को इसी नम्बर से 9454466288 पर फोन किया गया तो यह फोन भी स्वीच आफ था। यह फोन सिटी सर्किल के आबकारी निरीक्षक का होना बताया कि जब इस बारे में जानकारी ली गई तो पता चला कि आबकारी निरीक्षक की अभी कुछ माह पूर्व अचानक मौत हो गई थी इस कारण यह फोन उनके निवास स्थान पर चला गया है कल आ जायेगा इस कारण इसका स्वीच आफ है। इसके बाद उक्त मोबाइल नम्बर से ही 9454466289 पर बात की गई यह फोन भी स्वीच आफ मिला। इसी तरह से उक्त मोबाइल नम्बर से ही आबकारी निरीक्षक के सीयूजी नम्बर 9454466289 पर फोन मिलाया गया यह मोबाइल नम्बर भी स्वीच आफ मिला उसके बाद लहरपुर सर्किल के आबकारी निरीक्षक का सीयूजी नम्बर मिलाया गया तो उन्होने फोन उठाया। इस तरह से सरकारी द्वारा जारी किये गये आबकारी विभाग के अधिकांश सीयूजी नम्बर स्वीचय आफ ही रहते है। कारणों के जानने के लिये जब जिला अबाकारी अधिकारी का सीयूजी नम्बर मिलाया गया तो बजती रही घण्टिया नही उठा फोन।

# एआरटीओ प्रशासन ने परिवहन कार्यालय के आसपास मौजूद दुकानों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय के आसपास मौजूद दुकानों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान फैली अव्यवस्था देखकर उन्होंने गहरा असंतोष जताया। स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचे एआरटीओ ने बाहर खड़े व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कार्यालय के बाहर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागीय सेवाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन हैं, इसलिए किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशान होने की जरूरत नहीं है आवेदक स्वयं अथवा जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से अपने आवेदन कर सकते हैं।

निरीक्षण के दौरान एआरटीओ ने आसपास की दुकानों पर जाकर जांच की और निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि न ली जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी दुकान या व्यक्ति द्वारा अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायत मिली तो मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। कई लोग तत्काल परिसर से बाहर निकल गए। एआरटीओ चतुर्वेदी ने यह भी आदेश दिया कि परिवहन कार्यालय में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है। आवेदक स्वयं निर्धारित काउंटर पर आकर अपना कार्य कराएं। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को भी चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ की इस सख्त कार्रवाई से कार्यालय परिसर और कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले के निकट पर्यवेक्षण में थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त रामहेत कश्यप पुत्र स्व0 बुद्धी कश्यप उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बीहटगौड थाना रामकोट जपनद सीतापुर को 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 336/2025 धारा 25 (1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# रफ्तार का कहर, कब लगेगा ब्रेक?

**सड़क दुर्घटनाओं का आर्थिक पक्ष भी गंभीर है। नीति आयोग के अनुसार, भारत हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग तीन प्रतिशत तक खो देता है। यानी न केवल लोग मर रहे हैं, बल्कि विकास की रफ्तार भी घट रही है। एक व्यक्ति की मृत्यु परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए स्थायी क्षति है। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि मानवीय जीवन के सम्मान का प्रश्न है। अब प्रश्न यह है कि इस स्थिति को बदला कैसे जाए? सबसे पहले तो सड़क सुरक्षा को प्रतिक्रियात्मक नहीं, निवारक नीति के रूप में अपनाना होगा।**

*देश की सड़कों पर हर दिन लगभग 400 लोग अपनी जान गंवाते हैं। यह आंकड़ा किसी आपदा या महामारी से नहीं, बल्कि हमारी सड़कों पर व्याप्त अव्यवस्था और लापरवाही से जुड़ा है। अनेक योजनाएं, अभियान और कानून बनने के बावजूद भारत आज भी दुनिया के सबसे अधिक सड़क दुर्घटना मृत्यु दर वाले देशों में गिना जाता है। सवाल यह नहीं कि सरकार ने कुछ किया या नहीं, बल्कि यह है कि हमने सड़क सुरक्षा को कितनी प्राथमिकता दी। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक विफलता है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक संस्कृति की भी परीक्षा है। देश में सड़क सुरक्षा पर चर्चा अकसर किसी बड़ी दुर्घटना या प्रसिद्ध व्यक्ति के हादसे के बाद तेज होती है, लेकिन कुछ दिनों में सब सामान्य हो जाता है। सड़क सुरक्षा को लेकर जो नीतियां बनती हैं, वे अधिकतर कागजों तक सीमित रह जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत विश्व की कुल सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का लगभग ग्यारह प्रतिशत अकेले वहन करता है, जबकि हमारे पास विश्व की कुल गाड़ियों का हिस्सा मात्र एक प्रतिशत है। यह असंतुलन किसी भी जिम्मेदार राष्ट्र के लिए चेतावनी है। सड़क दुर्घटनाओं के पीछे कई गहरे और परस्पर जुड़े कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण है-अवसंरचना की गुणवत्ता और डिजाइन में गंभीर खामियां। हमारे अनेक राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर संकेतक, डिवाइडर, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा अवरोधक नहीं हैं। कई बार सड़कों का चौड़ीकरण बिना यातायात प्रवाह के वैज्ञानिक अध्ययन के किया जाता है। छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में सड़कें वर्षा में टूट जाती हैं और वर्षों तक बिना मरम्मत के उपयोग में रहती हैं। सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और निम्न गुणवत्ता के कारण लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। दूसरा बड़ा कारण है-कमजोर प्रवर्तन प्रणाली। भारत में यातायात नियम तो हैं, पर उनके पालन की संस्कृति नहीं है। तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के यात्रा करना और नशे की हालत में गाड़ी चलाना आम बात है। पुलिस के पास न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही तकनीकी प्रशिक्षण कि वे इन नियमों को सख्ती से लागू करा सकें। ई-चालान जैसी पहलें केवल बड़े शहरों तक सीमित रह जाती हैं, जबकि ग्रामीण भारत में यातायात नियंत्रण लगभग नाममात्र का है। तीसरा कारण है-ड्राइविंग लाइसेंस व्यवस्था की खामियां। भारत में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना कौशल का नहीं, बल्कि प्रक्रिया की औपचारिकता का प्रतीक बन गया है। प्रशिक्षण केंद्रों की कमी और भ्रष्टाचार के कारण बिना समुचित परीक्षण के लाइसेंस जारी कर दिए जाते हैं। परिणामस्वरूप असुरक्षित चालक सड़कों पर उतर जाते हैं। कई देशों में वाहन चलाना एक जिम्मेदारी का प्रतीक माना जाता है, जबकि भारत में यह केवल एक अधिकार की तरह देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, वाहनों की तकनीकी सुरक्षा प्रणाली का अभाव भी दुर्घटनाओं में मृत्यु का बड़ा कारण है। अधिकांश वाहनों, विशेषकर ट्रक, बस और ऑटो श्रेणी में टक्कर-चेतावनी प्रणाली, एयरबैग, या ऊर्जा-अवशोषक ढांचा नहीं होता। विकसित देशों में वाहन निर्माण के समय सुरक्षा प्रावधान अनिवार्य हैं, परंतु भारत में ये केवल महंगे मॉडलों तक सीमित रहते हैं। वाहन उद्योग और नियामक संस्थाओं के बीच जवाबदेही का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। दुर्घटना के बाद की स्थिति और भी भयावह है। ट्रॉमा केयर और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की कमी के कारण घायल व्यक्ति समय पर उपचार नहीं पा पाते। स्वर्णिम घंटा यानी दुर्घटना के बाद का पहला घंटा जीवन बचाने के लिए निर्णायक होता है, परंतु हमारे देश में यह घंटा अकसर सड़कों पर तड़पते हुए बीत जाता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इक्कीसवीं सदी का भारत केवल आर्थिक या तकनीकी महाशक्ति नहीं बनेगा, यदि उसके भीतर मानसिक और सांस्कृतिक एकता का सूत्र न हो। संघ इसी सूत्र को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। भागवत का संदेश भारत के बहुलतावाद और धार्मिक विविधता में निहित एकता को स्वीकार करता है। यह एक ऐसा आमंत्रण है जो हर नागरिक को यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि भारतीयता हमारी साझा पहचान है, बाकी सब उपाधियाँ हैं। इस दिशा में संघ का दृष्टिकोण समरस समाज की रचना पर केंद्रित है? ऐसा समाज जहाँ मुसलमान, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी सभी अपने धर्म का पालन करते हुए भी राष्ट्र को अपनी मातृभूमि मानें और भारतीय संस्कृति के गौरव से जुड़ें।**

# भागवत की नई दृष्टि और समरस भारत की परिकल्पना



ललित गर्ग

**यह विभाजन नहीं, समन्वय का सूत्र है। यही सच्ची भारतीयता है- जो विविधताओं में एकता को, विरोध में संवाद को और मतभेद में सह-अस्तित्व को स्वीकार करती है। संघ का यह दृष्टिकोण बताता है कि हिंदुत्व का अर्थ किसी पंथ का वर्चस्व नहीं, बल्कि उस जीवनदर्शन का पुनर्जागरण है जिसमें भारत की आत्मा बसती है। यही भाव राष्ट्र को अखंडता, शांति और विकास के पथ पर अग्रसर करेगा।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रायः हिंदूवादी संगठन के रूप में देखा जाता रहा है, परंतु वस्तुतः वह केवल एक धार्मिक या सांप्रदायिक संगठन नहीं, बल्कि भारतीयता और राष्ट्रीयता की जीवंत चेतना का प्रतीक है। संघ की मूल प्रेरणा वसुधैव कुटुम्बकम्‌ के भाव से उपजी है, जो भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा है। इसी दृष्टि का विस्तार संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हालिया बेंगलुरु वक्तव्य में परिलक्षित हुआ, जब उन्होंने खुले हृदय से कहा कि ईसाई और मुसलमान भी संघ में शामिल हो सकते हैं। यह कथन न केवल साहसिक है बल्कि यह नए भारत, विकसित भारत और संतुलित भारत की सोच का परिचायक भी है। संघ में मुस्लिम, ईसाई समेत किसी भी संप्रदाय के लोगों के स्वागत की भागवत के वक्तव्य की व्यापक चर्चा होना स्वाभाविक है। लेकिन यह वक्तव्य संघ की व्यापक सोच का भी परिचायक है और उसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। मोहन भागवत का यह वक्तव्य संघ की विचारधारा में निहित उस भारतीय दर्शन की पुनः पुष्टि करता है जिसमें धर्म का अर्थ संप्रदाय नहीं बल्कि जीवन-मूल्यों का समुच्चय है। संघ के लिए हिंदुत्व किसी धर्म विशेष का नाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह पद्धति है जिसमें समरसता, सह-अस्तित्व, करुणा और राष्ट्रनिष्ठा के तत्व समाहित हैं। यही कारण है कि संघ की दृष्टि में ÷हिंदुत्व÷ का अर्थ भारतीयता है अर्थात् भारत की संस्कृति, परंपरा, इतिहास, संवेदना और जीवनशैली से आत्मीय जुड़ाव। ऐसा नहीं है कि इसके पहले संघ में विभिन्न संप्रदायों के लोगों को आने की अनुमति नहीं थी, यह अनुमति पहले से है और सच तो यह है कि उसके कार्यक्रमों में विभिन्न संप्रदायों के लोग आते भी रहे हैं। इनमें मुस्लिम और ईसाई भी हैं। इस सबके बाद भी धारणा यह भी है कि संघ के कार्यक्रमों में केवल हिंदू संप्रदाय के लोग शामिल होते हैं। इस धारणा का कारण यह है कि हिंदू संप्रदाय को लेकर संघ की अपनी विशिष्ट धारणा और परिभाषा है। उसके अनुसार देश में रहने वाले सभी लोग हिंदू ही हैं, भले ही उनका संप्रदाय और उनकी उपासना पद्धति कुछ भी हो। संघ की ओर से बार-बार यह स्पष्ट किया गया है कि चूंकि इस देश में रहने वाले समस्त लोगों के पूर्वज हिंदू ही थे, इसलिए वह सभी को हिंदू के रूप में देखता, मानता और संबोधित करता है। आखिर इस अवधारणा में कठिनाई क्या है? संघ के दूसरे सरसंघचालक गुरुजी गोलवलकर ने कहा था, ÷हिंदुत्व केवल धर्म नहीं, वह संस्कृति है, जीवन का एक दृष्टिकोण है।÷ इसी सूत्र को आगे बढ़ाते हुए मोहन भागवत स्पष्ट करते हैं कि हिंदुत्व किसी जाति, भाषा, मज़हब या सीमित परंपरा का नाम नहीं है। संघ यह मानता है कि भारत में रहने वाले सभी लोग, चाहे वे किसी भी पंथ या विश्वास से जुड़े हों, इस धरती के सांस्कृतिक उत्तराधिकारी हैं। इसीलिए वे भारतीय हैं और इस दृष्टि से ÷हिंदू÷



**मोहन भागवत का यह वक्तव्य संघ की विचारधारा में निहित उस भारतीय दर्शन की पुनः पुष्टि करता है जिसमें धर्म का अर्थ संप्रदाय नहीं बल्कि जीवन-मूल्यों का समुच्चय है। संघ के लिए हिंदुत्व किसी धर्म विशेष का नाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह पद्धति है जिसमें समरसता, सह-अस्तित्व, करुणा और राष्ट्रनिष्ठा के तत्व समाहित हैं।**

अर्थात् इस भूमि की सभ्यता के उत्तराधिकारी। संघ की दृष्टि में ÷हिंदू÷ शब्द धार्मिक पहचान से अधिक सांस्कृतिक अवधारणा है। यह भारतीय जीवन का पर्याय है, जो समानता, सहिष्णुता और एकात्मता में विश्वास करता है। यही भाव ÷सर्वे भवन्तु सुखिनः÷ और ÷एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति÷ जैसे मंत्रों में प्रतिध्वनित होता है। आज की राजनीति में समाज को जाति, धर्म और भाषा के आधार पर बाँटने का जो विषवमन चल रहा है, उससे राष्ट्र की एकात्मता को गहरी चोट पहुँच रही है। संघ का उद्देश्य इस विभाजनकारी मानसिकता के प्रतिरोध में खड़ा होना है। मोहन भागवत का यह वक्तव्य इसी विषहरण की प्रक्रिया का हिस्सा है, एक ऐसी पुकार जो समाज के हर वर्ग को यह विश्वास दिलाती है कि राष्ट्र की आत्मा किसी संकीर्ण धार्मिक पहचान में नहीं, बल्कि साझा सांस्कृतिक चेतना में निहित है। संघ के लिए राष्ट्र ही सर्वोच्च देवता है। इस राष्ट्रभक्ति के केंद्र में धर्मनिरपेक्षता नहीं बल्कि धर्मसम्मतता है अर्थात् ऐसी आस्था जो सभी मतों का सम्मान करती है। इसी भाव से प्रेरित होकर संघ अपने कार्यकर्ताओं को ÷हिंदू समाज की सेवा के माध्यम से समग्र भारतीय समाज की एकता÷ का लक्ष्य देता है। भागवत का यह संदेश उस भारत की परिकल्पना करता है जिसमें मतभेद तो हो सकते हैं, पर मनभेद नहीं। वे मानते हैं कि ÷जो भी इस भूमि में जन्मा है, उसका पूर्वज कोई न कोई हिंदू ही रहा है।÷ यह कथन ऐतिहासिक नहीं, सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह इस तथ्य की ओर संकेत करता है कि भारत की सभ्यता का मूल एक ही रहा है, जिसने विविध रूपों में विकसित होकर अनेक धर्मों और संप्रदायों को जन्म दिया। इस संदर्भ में भागवत का दृष्टिकोण गांधीजी की उस संकल्पना से मेल खाता है जिसमें उन्होंने कहा था- ÷मेरा हिंदुत्व सबको समेटने वाला है, किसी को बाहर करने वाला नहीं।÷ यही समावेशी भाव राष्ट्र की एकता का आधार बन सकता है। यदि संघ इस पर बल देता है कि उसका उद्देश्य हिंदुओं को संगठित करना है तो इसका अर्थ यही भी है कि वह सभी भारतीयों को संगठित करके एक सशक्त राष्ट्र की परिकज्पना करता है। कठिनाई यह है कि उसके विरोधी यह प्रचारित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते कि वह तो केवल हिंदू समाज का संगठन है। चूंकि यह दुष्प्रचार बड़े पैमाने पर हो रहा है, इसलिए आवश्यक हो जाता है कि संघ के स्तर एवं अन्य स्तरों पर इन देश तोड़क स्थितियों एवं दुष्प्रचार का स्पष्टीकरण होता रहे। संघ को लेकर फैलायी जा रही यह भ्रांति एवं गुमराह पूर्ण स्थितियों का खुलासा होना जरूरी है कि संघ संप्रदाय विशेष के लोगों को एकजुट करने का कार्य कर रहा है। यदि यह मिथ्या धारणा दूर हो सके तो संघ का कार्य और अधिक आसान एवं सृजनात्मक हो जाएगा, लेकिन यह मानकर चला जाना चाहिए कि संघ के विरोधी उसके बारे में दुष्प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। जो भी हो, संघ प्रमुख ने यह कहकर एक तरह से अपने विरोधियों और आलोचकों की ओर मित्रता का हाथ बढ़ाया है कि उसके कार्यक्रमों में सभी संप्रदायों के लोग आ सकते हैं, लेकिन केवल भारत माता के पुत्र के रूप में। उनकी इस पहल का सकारात्मक उत्तर दिया जाना चाहिए, उसका व्यापक स्तर पर स्वागत भी होना चाहिए। लेकिन बड़ी विडंबना यह है कि कुछ लोग भारत को माता के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं। क्या यह किसी से छिपा है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से भारत माता की जय कहने से बचा जाता है? पिछले दिनों इसी संकीर्ण दृष्टि के कारण वंदे मातरम् के विरोध में स्वर सुनाई दिए। इक्कीसवीं सदी का भारत केवल आर्थिक या तकनीकी महाशक्ति नहीं बनेगा, यदि उसके भीतर मानसिक और सांस्कृतिक एकता का सूत्र न हो। संघ इसी सूत्र को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। भागवत का संदेश भारत के बहुलतावाद और धार्मिक विविधता में निहित एकता को स्वीकार करता है। यह एक ऐसा आमंत्रण है जो हर नागरिक को यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि भारतीयता हमारी साझा पहचान है, बाकी सब उपाधियाँ हैं। इस दिशा में संघ का दृष्टिकोण समरस समाज की रचना पर केंद्रित है? ऐसा समाज जहाँ मुसलमान, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी सभी अपने धर्म का पालन करते हुए भी राष्ट्र को अपनी मातृभूमि मानें और भारतीय संस्कृति के गौरव से जुड़ें। मोहन भागवत के बेंगलुरु वक्तव्य ने हिंदुत्व की परिभाषा को एक व्यापक और आधुनिक संदर्भ दिया है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 10:58 तक |
| नक्षत्रः | अश्लेषा 18:35 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | शुक्ल, 08:02 तक |
| सूर्योदयः | 06:41 |
| सूर्यास्तः | 17:29 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 12:05-01:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है कुचलना फन !

*सुलझ रही है गुत्थी ।*
*जुड़े दूर तक तार ।।*
*है कुचलना फन ।*
*हमको बार बार ।।*
*लंबी है लड़ाई ।*
*और बड़ा इलाज ।।*
*खुल रहीं हैं परतें ।*
*कई गहरे राज ।।*
*पल पल नया मोड़ ।*
*धर पकड़ है जारी ।।*
*लग रहा इस बार ।*
*बड़ी कुछ तैयारी ?।।*
*गहन छानबीन और ।*
*उठ रही भी मांग ।।*
*समाधान स्थायी हो ।*
*चल रहा जो स्वांग ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# औषधीय गुणों से भरपूर है अदरक

**ज्यादातर** भारतीय घरों में अदरक का इस्तेमाल किया जाता है। आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर अदरक में बहुत से पोषक तत्व भी होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-वायरल के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से स्वास्थ्य को कई तरह के लाभ मिलते हैं। आज के समय में अक्सर लोग स्वास्थ्य से जुड़ी किसी न किसी समस्या से परेशान रहते हैं, जिनमें से कई समस्याओं में अदरक फायदेमंद हो सकती है। आपको बता दें, ओन्लीमायहेल्थ आरोग्य विद आयुर्वेद नाम की एक स्पेशल सीरीज चला रहा है। इस सीरीज में हम आपको आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के बारे में बताते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद हैं। इसमें हम अपने पाठकों को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों और जड़ी-बूटियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं, ताकि लोग इन आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों और औषधीय गुणों से भरपूर इन जड़ी-बूटियों से मिलने वाले फायदे, नुकसान और सेवन या इलाज के तरीकों के बारे में जान सकें।



**अदरक गर्म होती है या ठंडी?:** डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, अदरक एक जड़ वाली मेडिसिन है, इसका स्वाद तीखा व गर्म होता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं, साथ ही, इसमें विटामिन-सी, मैग्नीशियम और पोटैशियम होते हैं। अदरक की तासीर गर्म होती है, लेकिन सोंठ का बूरा और ठंडे पानी के साथ सेवन करने से इसकी तासीर बदल जाती है।

**पाचन के लिए फायदेमंद:** अदरक का सेवन करने से गैस, ब्लोटिंग और अपच यानी जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है। अदरक में मौजूद जिंजरोल और शोगोल नामक तत्व होते हैं। इनसे डाइजेस्टिव एंजाइम्स को एक्टिव करने में मदद हैं।

**सर्दी-जुकाम और खांसी में फायदेमंद:** अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-वायरल के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने, सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है। अदरक इन समस्याओं में फायदेमंद है।

**गठिया में फायदेमंद:** अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इससे गठिया, रूमेटाइड अर्थराइटिस, जोड़ों के दर्द और इनकी सूजन को कम करने में मदद मिलती है।

**ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करे:** अदरक में बहुत से औषधीय गुण होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन के स्तर को बेहतर करने और शरीर को डिटॉक्स कर और टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद मिलती है।

**कोलेस्ट्रॉल को बैलेंस करे:** अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित करने में मदद मिलती है। ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करे। अदरक का सेवन करने से यौन क्रिया को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# दिल्ली की चौकसी पर गंभीर सवाल



योगेश कुमार गोयल

**29 अक्तूबर 2005 को दीवाली से दो दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में एक साथ तीन धमाके किए थे, जिनमें 60 से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई थी।**

**एक कश्मीरी डॉक्टर के किराए के मकान से 360 किलो विस्फोटक, हथियार और टाइमिंग डिवाइस बरामद किए गए थे। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिनमें मेडिकल प्रोफेशनल्स और मौलवी भी शामिल बताए गए। अब भले ही दोनों घटनाओं के बीच सीधा संबंध साबित नहीं हुआ हो लेकिन समय और भौगोलिक समीपता ने जांच एजेंसियों को सतर्क कर दिया है।**

**दिल्ली** के ऐतिहासिक लाल किला के पास सोमवार शाम को हुए कार विस्फोट ने न केवल देश की राजधानी दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय चेतना को झकझोर दिया। शाम के करीब सात बजे जब दिल्ली अपनी सामान्य चहल-पहल में डूबी थी, अचानक लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास तेज धमाका हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। कुछ ही पलों में कार जलते मलबे में बदल गई। आसपास खड़ी गाड़ियां आग की लपटों में घिर गईं और घना धुआं आसमान में छा गया। यह दृश्य किसी युद्ध के बाद की तबाही जैसा था, आवाज इतनी भयावह कि चांदनी चौक से लेकर जामा मस्जिद तक सायरन और चीखों की गूंज फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफेद हुंडई आई-20 कार में अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। कार के परखच्चे उड़ गए और आग ने पास खड़ी गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि को अपनी लपटों में ले लिया। कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका दहशत के घेरे में था। अब तक की रिपोर्टों में कम से कम 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।दमकलकर्मियों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्कत की जबकि दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते, स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों ने तुरंत पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जांच एजेंसियां इन फुटेज का विश्लेषण कर रही हैं ताकि पता लगाया जा सके कि वाहन में कौन सवार था और विस्फोट से पहले क्या गतिविधियां हुई। लाल किला केवल एक राष्ट्रीय स्मारक नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और अस्मिता का प्रतीक है। इसकी दीवारों पर हर स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का भाषण गूंजता है। ऐसे पवित्र स्थल के समीप हुआ यह धमाका सुरक्षा व्यवस्था के सबसे गहरे स्तरों तक प्रश्न खड़े करता है। क्या यह कोई आतंकी हमला था या कोई सुनियोजित साजिश अथवा किसी लापरवाही का परिणाम? फिलहाल जांच एजेंसियां इन सवालों के उत्तर खोज रही हैं पर यह स्पष्ट है कि यह घटना किसी सामान्य तकनीकी दुर्घटना से कहीं अधिक गंभीर है। विस्फोट की तीव्रता ने न केवल वाहनों को चूर-चूर किया बल्कि लाल किला और आसपास की इमारतों तक को हिला दिया, आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए और लोगों के दिलों में एक बार फिर वही पुराना भय लौट आया, वह भय जो दिल्ली ने 2001, 2005, 2008 और 2011 के धमाकों के दौरान महसूस किया था। सवाल यह है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद राजधानी के दिल में यह घटना कैसे घट गई? दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में लाल किला सबसे उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में शामिल है, जहां नियमित रूप से सीसीटीवी, ड्रोन और बीट पैट्रोलिंग की जाती है। फिर भी यदि इस स्तर का विस्फोट हो सकता है तो यह केवल तकनीकी विफलता नहीं बल्कि सुरक्षा मानसिकता की जड़ता का भी संकेत है। यह दर्शाता है कि हम अब भी उस सुरक्षित भ्रम में जी रहे हैं, जहां खतरे को हमेशा दूर मान लिया जाता है, जब तक कि वह हमारे दरवाजे पर दस्तक नहीं देता। इस धमाके की भयावहता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी गूंज लगभग 200 मीटर दूर तक सुनाई दी और आसपास के वाहनों में आग फैल गई, फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और दिल्ली स्पेशल सेल, जो आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़े मामलों की जांच करती है, तुरंत मौके पर पहुंची, एनआईए और एनएसजी की टीमें भी सक्रिय हैं। दिल्ली में ऐसा धमाका करीब 13 वर्ष बाद हुआ है। फरवरी 2012 में इजराइली राजनयिकों को निशाना बनाकर हुए बम धमाके के बाद से राजधानी अपेक्षाकृत शांत रही है। उससे पहले 7 सितंबर 2011 को दिल्ली हाई कोर्ट गेट नंबर-5 के पास हुए धमाके में 15 लोग मारे गए थे। 2008 के सिलसिलेवार धमाकों में तो दिल्ली का दिल ही दहल गया था, जब करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश जैसे इलाकों में मौत और तबाही की कहानियां लिखी गई थी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# यह केवल विवाह समारोह नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल

## मुख्यमंत्री की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम: स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

### मुख्य आकर्षण

- कुल पंजीकृत जोड़े- 520
- विवाह सम्पन्न हुए जोड़े- 484
- अल्पसंख्यक जोड़े सम्मिलित- 21
- प्रति जोड़ा व्यय- 1,00,000
- कन्या के खाते में सहायता राशि- 60,000
- उपहार सामग्री का मूल्य- 25,000
- समारोह व्यवस्था हेतु व्यय- 15,000
- विशेष पहल- जिलाधिकारी द्वारा नवदम्पतियों को पौधे भेंट

■ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 484 जोड़ों का हुआ विवाह समारोह ड्रमंड इंटर कॉलेज परिसर में सम्पन्न हुआ भव्य आयोजन

■ जिलाधिकारी की पहल पर नवदम्पतियों को मिले पौधे, स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने दिया आशीर्वाद

**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**



**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को राजकीय ड्रमंड इंटर कॉलेज, पीलीभीत में भव्य विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विकासखंड मरौरी, विकासखंड बरखेड़ा एवं नगर पंचायत बरखेड़ा के पंजीकृत 520 जोड़ों में से कुल 484 जोड़ों का विवाह विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न कराया गया।

सुबह से ही ड्रमंड कॉलेज परिसर में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे दूल्हा-दुल्हन और उनके परिजनों का तांता लगा रहा।

विवाह स्थल को आकर्षक पुष्प सज्जा से सजाया गया था, जहाँ हर मंडप में धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संस्कार सम्पन्न हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख बरखेड़ा प्रतिनिधि, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, उप जिलाधिकारी तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक समन्वय और सामाजिक समरसता का उदाहरण

इस सामूहिक विवाह में विभिन्न धर्मों और समाजों के जोड़ों ने भाग लिया, जिनमें 21 अल्पसंख्यक जोड़े भी सम्मिलित हुए। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सभी नवविवाहितों को गृहस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए गृह उपयोगी उपहार सामग्री वितरित की। प्रत्येक जोड़े को कपड़े, पायल-बिछिया, डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, घड़ी, सीलिंग फैन, आयरन प्रेस, गद्दा, कंबल आदि सामग्री दी गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रति जोड़ा 1 लाख व्यय करने की व्यवस्था है, जिसमें से 60,000 कन्या के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे, जबकि 25,000 की सामग्री और 15,000 समारोह व्यवस्था पर व्यय किए जाएंगे।

### जिलाधिकारी की अनोखी पहल नवदम्पतियों को उपहार में पौधे



इस बार समारोह की विशेषता यह रही कि जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने एक नई पहल करते हुए प्रत्येक नवदम्पति को पौधा भेंट किया।उन्होंने कहा कि जीवन की नई शुरुआत के साथ पर्यावरण की रक्षा का संकल्प भी उतना ही आवश्यक है। यह पौधे न सिर्फ पर्यावरण का प्रतीक हैं, बल्कि दाम्पत्य जीवन में स्थिरता और समृद्धि का संदेश भी देते हैं। इस पहल को उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने खूब सराहा।

### स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने दिया आशीर्वाद



कार्यक्रम में उपस्थित महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सभी नवदम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा, यह केवल विवाह समारोह नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह योजना उन परिवारों को सम्मान देने के लिए शुरू की है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों के विवाह को लेकर चिंतित रहते हैं। आज यह योजना जनकल्याण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हो रही है।卐उन्होंने आगे कहा कि समाज के हर वर्ग को इस योजना से जुड़कर गरीब परिवारों के सहयोग में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को उनके नए जीवन की शुरुआत पर बधाई दी और कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता का प्रतीक है।



"मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने समाज के गरीब और असहाय परिवारों को नई उम्मीद दी है। यह आयोजन समाज में सहयोग, एकता और संस्कारों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह योजना समाज को आत्मनिर्भरता और सम्मान की दिशा में अग्रसर कर रही है।

**स्वामी प्रवक्तानंद महाराज**
**महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक।**

# टाइगर रिजर्व के पास बाघ के हमले से किसान की मौत, ग्रामीणों में दहशत

■ जंगल में मिला अधखाया शव, गांव में मातम का माहौल वन विभाग व प्रशासन ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



पूरनपुर। पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में बाघ का आतंक एक बार फिर देखने को मिला है। बुधवार की रात बराही रेंज की नवदिया बीट के पास ग्राम टांडा छत्रपति में खेत पर रखवाली कर रहे किसान पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। गुरुवार सुबह जंगल के भीतर किसान का अधखाया शव मिलने से गांव में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम टांडा छत्रपति निवासी 45 वर्षीय छोटे लाल पुत्र खेमकरन मंगलवार की शाम रोज की तरह फसल की रखवाली करने खेत पर गए थे। खेत पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बराही रेंज की नवदिया बीट से सटा हुआ है। देर रात तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिवार को चिंता हुई। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने खेत के पास कुछ पगचिह्न और झाड़ियों में खून के निशान देखे। थोड़ी ही दूरी पर छोटे लाल का अधखाया शव पड़ा मिला। यह दृश्य देख ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों फैल गया।ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। बराही रेंज के रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि शव की स्थिति स्पष्ट रूप से बाघ के हमले की ओर संकेत करती है। पगचिह्नों और घटनास्थल की जांच की जा रही है। टीम ने बाघ की मौजूदगी का पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया है।पूरनपुर क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया, कोतवाल पवन कुमार पांडे, तहसीलदार और ग्राम प्रधानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक किसान के परिवार में दो छोटे बच्चे हैं। 16 वर्षीय बेटी और 12 वर्षीय बेटा। पिता की दर्दनाक मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में बाघों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। इससे पहले भी कई घटनाओं में ग्रामीण अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई न होने से लोगों में गहरा रोष है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की कि गांव के आसपास के इलाकों में गश्त बढ़ाई जाए और बाघ को जल्द पकड़ा जाए ताकि लोग भयमुक्त होकर खेती-बाड़ी कर सकें।घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरनपुर विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान भी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि सरकार की ओर से जो भी मुआवजा देय होगा, उसे दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वन विभाग की टीम ने गुरुवार को भी जंगल में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें बाघ की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। विभाग ने आसपास के गांवों के लोगों को खेतों में अकेले न जाने और सतर्क रहने की अपील की है।टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में यह पहली घटना नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते महीनों में बाघ के हमले से कई लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन न तो बाघ को पकड़ा गया और न ही सुरक्षा के स्थायी उपाय किए गए। इससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

छोटे लाल की मौत के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मुआवजा देने के साथ-साथ ऐसे किसानों के परिवारों के लिए स्थायी सहायता योजना बनाने की मांग की है, जो जंगल किनारे रहकर हर पल बाघ के खतरे में जीवन यापन कर रहे हैं।

इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में इंसान और वन्यजीव के बीच टकराव आखिर कब थमेगा। जब तक जंगल की सीमा से लगे गांवों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोक पाना मुश्किल होगा।

# भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की घोषणा की

■ प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह बने मुख्य वक्ता, आदिवासी उत्थान को बताया मोदी सरकार की प्राथमिकता

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




भारतीय जनता पार्टी द्वारा 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती मनाने की घोषणा की गई है।इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता ने संतोष सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी ने आदिवासी अस्मिता, आत्मसम्मान और स्वराज की अलख जगाई। उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध उलगुलान महान आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में राष्ट्रीय सम्मान देकर भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को अमर कर दिया है।मुख्य वक्ता ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (श्वस्त्र्न्) के तहत आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। वन धन योजना के तहत वन उत्पादों का मूल्य संवर्धन व विपणन सशक्त हुआ है। प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण मिशन से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कृषि में समग्र विकास हुआ है।

लखपति दीदी योजना और महिला स्वयं सहायता समूहों से जनजातीय महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना ने आदिवासी परिवारों की जीवन गुणवत्ता को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने वनटांगिया और मुसहर समुदायों को सरकारी पहचान दी है। इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति महोत्सव, जनजाति संग्रहालय और छात्रवृत्ति व कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय गौरव को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा भाजपा का विचार साफ हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास।जनजातीय समाज केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के साझेदार हैं। आजादी के अमृत काल में आदिवासी समाज भारत के भविष्य के निर्माता के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती केवल स्मरण का नहीं, बल्कि संकल्प का वर्ष है। हम संकल्प लें कि कोई भी जनजातीय परिवार पिछड़ा न रहे।

प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, जिला महामंत्री लेखराज भारती, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार और जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल उपस्थित रहे।

# खकरा में माता भगवती का 49वां विशाल दुर्गा जागरण सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

नगर क्षेत्र के मोहल्ला खकरा स्थित श्री महावीर शिव मंदिर परिसर में आयोजित 49वां मां भगवती का विशाल दुर्गा जागरण एवं भंडारा भव्यता और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ।श्री महानुराग दुर्गा जागरण मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देर रात तक भक्तिमय संगीत गूंजता रहा।जागरण में टी-सीरीज कलाकार पंकज निगम (गोंडा), मानसी त्रिवेदी (कानपुर), कपिल बाबरा (शाहजहांपुर) और वैशाली जागरण ग्रुप (शाहजहांपुर) के कलाकारों ने माता रानी के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया।श्री हनुमान व माता के जयकारों से पूरी रात मंदिर परिसर गूंजता रहा। जागरण के उपरांत आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और अनुशासन से सेवा दी। समिति ने उन दिवंगत भक्तों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने इस जागरण परंपरा को वर्षों तक जीवित रखा स्व. कृष्ण कुमार देवल, भगवानदास व्योम, देवकीनंदन, सुरेश कुमार राठौर, शंकर लाल राठौर, अनुराग देवल सहित कई श्रद्धालु अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पूर्व समिति में श्याम कुमार देवल, मनोहर लाल राठौर, राजू कश्यप, गोविंद कोरी, योगेश राठौर, सीताराम राठौर, अनिल सक्सेना, गोविंद कश्यप जैसे वरिष्ठ जनों ने इस आयोजन को जन-जन तक पहुंचाया। वर्तमान में स्वतंत्र देवल, अशोक सक्सेना, सोहनपाल दिवाकर, शालू राठौर, जीतू कश्यप, विजय राणा, राहुल सक्सेना, अंकित सक्सेना, सौरभ कश्यप, नितिन राठौर, पप्पू भारती, मनोज भारती, पंकज दिवाकर, विनोद राठौर, रिंकू कश्यप, अंशुल जोहरी, पारस सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, शुभम सक्सेना, सागर देवल, वतनदीप मिश्रा (सभासद) सहित सैकड़ों श्रद्धालु इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि अगले वर्ष माता रानी की कृपा से यह जागरण अपने 50 वर्ष पूर्ण करेगा, जिसके लिए पहले से ही भव्य तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

# इंटर कॉलेज के छात्रों के दो गुटों में बेल्टों से मारपीट, वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के दो गुटों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में बेल्टों और लात-घूंसों से जमकर मारपीट हो गई।

घटना का वीडियो दूसरे छात्रों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे हड़कंप मच गया। मामला थाना सेहराम क्षेत्र के गांव जोगाराजपुर स्थित एक इंटर कॉलेज का है।

बताया जा रहा है कि किसी मामूली बात पर दो छात्रों के बीच विवाद हुआ, जो धीरे-धीरे दोनों गुटों में बदल गया। पहले एक पक्ष के छात्रों ने दूसरे छात्र की पिटाई की। कुछ देर बाद पीड़ित छात्र ने अपने साथियों को बुलाकर दूसरे पक्ष को रास्ते में घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बेल्टों, लातों और घूंसों से छात्रों पर ताबड़तोड़ वार किए गए। आसपास मौजूद अन्य छात्रों ने बीच-बचाव करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एसआई मनोज कुमार ने बताया कि छात्र अमित कुमार की ओर से मारपीट की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने पीटने वाले छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कॉलेज प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए छात्रों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही है।

# एक्सप्रेस खबरें...

### लखनऊ पब्लिक स्कूल में साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल में साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक तनवीर अहमद ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में सोशल मीडिया के अंधानुकरण से बचने, उसका संयमित उपयोग करने तथा केवल विश्वसनीय प्लेटफॉर्म और वेबसाइटों का प्रयोग करने की सलाह दी।कांस्टेबल आज़म अली ने साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियाँ बताते हुए विद्यार्थियों को ईमेल, सोशल मीडिया, ई-वॉलेट और नेट बैंकिंग आदि के सुरक्षित पासवर्ड बनाने, प्रोफाइल लॉक रखने तथा निजी जानकारी साझा न करने के उपाय बताए। महिला कांस्टेबल संदीप कौर ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी- साइबर हेल्पलाइन 1930, पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, और आपातकालीन सेवा 112 आदि के उपयोग की जानकारी साझा की।कार्यक्रम के अंत में सीनियर इंचार्ज श्री प्रदीप रस्तोगी ने उपनिरीक्षक तनवीर अहमद एवं उनकी टीम को इस उपयोगी सत्र के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों से प्राप्त जानकारियों को अपनाने और अपने अभिभावकों के साथ साझा करने का सुझाव भी दिया।

### अचानक तबीयत बिगड़ने से सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** ओयल स्थित नए वृद्धा आश्रम में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मस्जिद पुरवा हरदासपुर निवासी श्याम जी के रूप में हुई है। पुलिस प्रशासन ने मौत की असल वजह जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने का निर्णय लिया है।जानकारी के अनुसार, श्याम जी 11 नवंबर को बाइक से ओयल स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे थे, जहां वे सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर कार्यरत थे। काम के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे चक्कर खाकर बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। आश्रम के कर्मचारियों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए लखीमपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद श्याम जी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि श्याम जी पूरी तरह स्वस्थ थे। उनकी अचानक हुई मौत से परिवार सदमे में है। मृतक के भाई राम जी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की। श्याम जी की मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आज, 12 नवंबर, बुधवार को शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।खीरी थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का खुलासा हो पाएगा।स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### नक़ली खाद पर कठोर कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बुधवार को प्राप्त शिकायत के क्रम में एक पिकअप पर संदिग्धअवस्था में उर्वरक ले जाया जा रहा है, उक्त शिकायत की जांच हेतु सूर्य प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी थाना गोला पहुंच कर पिकअप के ड्राइवर से उपलब्ध उर्वरकों के अभिलेख दिखाने को कहा, ड्राइवर जगदीश अभिलेख नहीं दिखा सके, मैजिक गाड़ी पर 31 ड्डड्डद्द डीएपी एवं पांच ड्डड्डद्द जिंक सल्फेट की मात्रा पाई गई, ड्राइवर द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि उर्वरक सुशील कुमार के द्वारा उन्हें अपनी पिकअप पर रात्रि में ले जाने हेतु कहा गया था, अतः संदिग्ध अवस्था में उपलब्ध उक्त 31 बैंक डीएपी और पांच ड्डड्डद्द जिंक सल्फेट सल्फेट से नमूने ग्रहित कर उसकी सुपरदगी थाना गोला में प्रभारी निरीक्षक को कर दी गई तथा प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज हेतु कार्यवाही की जा रही है, साथ ही उर्वरकों की गुणवत्ता हेतु सतत कार्यवाही जारी रहेगी।

### दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट को लेकर हैदराबाद पुलिस हुई एलर्ट

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** विगत दिनो दिल्ली मे लालकिले के पास हुये बमब्लास्ट के चलते उसमे लगभग बारह लोग मर गये जबकि कई दर्जन लोग घायल हो गये।वही ग्रह मंत्रालय की ओर से भारत देश के सभी देशो के जिलो को एलर्ट किया गया। वही देश के सभी प्रमुख मन्दिरो मथुरा, अयोध्या,काशी अक्षर धाम,सहित देश के सैकड़ो मन्दिरो की सुरक्षा बढा दी गई है।वही जिला लखीमपुर खीरी के



पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशानिर्देश मे हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक की अगुवाई मे हैदराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने बाले सभी प्रमुख मार्गो पर चार पहिया वाहनो की तलाश अभियान चलाया गया ।इस दौरान लगभग चार दर्जन से अधिक संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की गई। इस अवसर पर हैदराबाद थाने के एस एस आई संतपाल सिंह राठौर, अशोक सिंह सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

# बाइक सवार टायर मिस्त्री से मारपीट, सात पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

मंगलवार शाम घर लौट रहे बाइक सवार टायर मिस्त्री पर सात लोगों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडों और धारदार हथियार से की गई पिटाई में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चार नामजद सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार, माधोटांडा निवासी हिफाजत खां पुत्र शराफत खां मंगलवार को किसी कार्य से पूरनपुर आए थे। शाम को जब वह बाइक से घर लौट रहे थे, तभी मंडी के पास गांव लोधीपुर निवासी फिरोज खां, अफरोज खां पुत्रगण ताबुद्दीन, सोयब खां पुत्र आजाद मोहम्मद, जीशान खां पुत्र कमरुद्दीन सहित तीन अन्य ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करने के बाद हिफाजत खां पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल हिफाजत को राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सातों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दी 1.94 करोड़ की सौगात

## मिदनियां तिराहे से एसएसबी तक बनेगा चमचमाता रास्ता

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

शहर की सबसे व्यस्त सड़क को विकास की नई दिशा मिल गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मिदनियां तिराहे से एसएसबी के आगे तक गढ़ी मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नाली निर्माण का कार्य शुरू होने जा रहा है। यह परियोजना अवस्थापना विकास निधि और विकास शुल्क निधि से 1.94 करोड़ रुपये की लागत से पूरी होगी। वही अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा।

फिलहाल यह सड़क महज तीन मीटर चौड़ी है, जिसे अब 5.5 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। इसके साथ एक ओर पक्की नाली और दोनों ओर इंटरलॉकिंग का कार्य भी कराया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है, जबकि जिला पंचायत निधि से इंटरलॉकिंग की जिम्मेदारी तय की गई है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्त ट्रैफिक रूट है, जहां से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। सड़क चौड़ी होने से जाम की समस्या खत्म होगी और लोगों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। गढ़ी मार्ग के सुधरने से केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही एसएसबी बटालियन, बस परिवहन और आमजन को भी सुगमता होगी। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्से की पैचिंग का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जाएगा, ताकि सड़क पूरी तरह दुरुस्त हो सके।

गुणवत्ता पर रहेगी कड़ी निगरानी, टीम गठित गढ़ी मार्ग के विकास कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एक तीन सदस्यीय पर्यवेक्षण समिति गठित की है। इस समिति की अध्यक्षता एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह करेंगे। समिति में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद और अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को सदस्य बनाया गया है। यह टीम समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता पर डीएम को रिपोर्ट देगी।

# जिला अस्पताल में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जिला चिकित्सालय पीलीभीत में संचालित सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र द्वारा पीलीभीत बैंकट हॉल में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आलोक कुमार, उपप्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. रमाकांत सागर और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय डॉ. राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।कैंप में विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें एचआईवी, सिफलिस, एसटीआई, टीबी आदि रोगों की जांचें की गईं।

स्वास्थ्य परीक्षण में डॉ. महावीर सिंह (जनरल फिजीशियन), डॉ. हेमलता सक्सेना (डेंटल विभाग), डॉ.आशा गंगवार (स्त्री रोग विभाग) और डॉ. एस.पी. सिंह (चर्म रोग विभाग) ने अपनी सेवाएं दीं। साथ ही, पूनम गंगवार (एसएसके काउंसलर) ने एचआईवी परामर्श प्रदान किया, अनामिका गंगवार (एसएसके एलटी) ने मरीजों की जांच की, जबकि सोम प्रकाश गंगवार (एसटीआई काउंसलर) ने एसटीआई/आरटीआई संबंधी परामर्श और उपचार दिया। टीबी विभाग से रामनरेश (एलटी) ने मरीजों की टीबी स्क्रीनिंग की।शिविर में 512 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया और 196 मरीजों की एचआईवी एवं सिफलिस जांच की गई। कार्यक्रम में एचआईवी-सिफलिस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रमाणपत्र और फ्लावर पैट देकर सम्मानित किया। मेगा हेल्थ कैंप को सफल बनाने में सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के प्रबंधक हर्ष राय का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मोहम्मद मुजाहिद (ओआरडब्ल्यू-01) और आकाश दीप (ओआरडब्ल्यू-02) ने मरीजों को उपलब्ध सेवाओं के संचालन में सहयोग किया।

कैंप के आयोजन से जिले में स्वास्थ्य जागरूकता और जांच सेवाओं को नई दिशा मिली है।

# डीएम ने जल जीवन मिशन, जल संस्थान एवं जल निगम की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

## लापरवाही पर जताई नाराजगी, कार्यदायी संस्थाओं को तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन, जल संस्थान एवं जल निगम की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति जनहित से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
जिलाधिकारी ने विकासखंड कदौरा के 22 गाँवों में पाइपलाइन बिछाने के दौरान टूटी सड़कों की मरम्मत न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ब्रज गोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी को 30 नवंबर तक सभी सड़कों की मरम्मत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार, विकासखंड डकोर के 6 गाँवों में भी पाइपलाइन कार्य के बाद सड़कों की मरम्मत न होने पर उन्होंने जीवीपीआर एजेंसी को भी 30 नवंबर तक सड़क पुनर्स्थापना कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। कहा कि पेयजल से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए, यदि शिकायत मिलती है तो उसका तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कोटरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की लगातार मिल रही शिकायतों पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए आज ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी पाइपलाइन लीकेज या ट्रांसफार्मर की खराबी की शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारी तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यकुशलता बढ़ाएं और जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाएं। अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत जालौन नगर में बन रही पेयजल योजना की धीमी प्रगति पर डीएम ने जल निगम अर्बन को फटकार लगाई और कहा कि कार्य को युद्ध स्तर पर बढ़ाकर तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने सीएलडीएस संस्था को भी कोटरा, कदौरा और माहिल तालाब पर चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि तालाब निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि शहर में स्थापित 19 नए ट्यूबवेलों में से शेष 9 ट्यूबवेलों का शीघ्र विद्युत ऊर्जीकृत करना सुनिश्चित करें, जिससे शहरवासियों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति मिल सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण आंचल गुप्ता, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील, अधिशासी अभियंता नगरीय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 12 दिनों से लापता नाबालिक लड़की के न मिलने से पारिवारिकजनों ने हत्या की जताई आशंका

जन एक्सप्रेस/उरई।
कालपी। कोतवाली क्षेत्र में लापता नाबालिग 12 दिन बाद भी बेसुराग है। परिजनो पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर उसकी हत्या की आशंका जाहिर की है।
महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय पुत्री गत 29 सितम्बर की रात गायब हो गई थी। परिजनो ने 30 सितम्बर को अशोक निवासी सरौठा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात के खिलाफ कोतवाली में उसे बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया था लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई अता पता नहीं है। वुधवार को नाबालिग के परिजनो ने कोतवाली पुलिस पर मामले में लापरवाही का आरोप लगाया है। उसने आशंका जाहिर की है कि युवक उसकी पुत्री की हत्या कर सकता है। उसने इस मामले में गांव निवासी तथा आरोपी के रिश्तेदार पर भी घटना मे शामिल होने का आरोप लगाया है। कोतवाल अजय ब्रम्ह तिवारी के अनुसार पुलिस इस मामले में बेहद संवेदनशील है शीघ्र ही उसको बरामदकर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने अन्नदाता कृषक बंधुओं से पराली न जलाने की करी अपील

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एनआईसी सभागार में बैठक में समस्त एसडीएम, तहसीलदार, उप कृषि निदेशक, बीडीओ सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पराली जलाने की किसी भी घटना पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि जोत के अनुसार जुर्माने की राशि निर्धारित की गई है, दो एकड़ भूमि जोत वाले किसानों पर पाँच हजार रुपये, दो से पाँच एकड़ भूमि जोत वाले किसानों पर दस हजार रुपये तथा पाँच एकड़ से अधिक भूमि जोत वाले किसानों पर तीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाए। डीएम ने जनपद के अन्नदाता कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे पराली न जलाएं, बल्कि फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीके अपनाएं। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन हेतु आवश्यक उपकरण जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर, स्ट्रॉ रीपर आदि रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान इन यंत्रों का उपयोग कर पराली को मिट्टी में मिलाकर जैविक खाद तैयार कर सकते हैं, जिससे फसल की उत्पादन क्षमता और मिट्टी की गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होगी। डीएम ने राजस्व, कृषि एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों और वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पराली जलाने वाले किसानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक भाई हमारे अन्नदाता हैं और पर्यावरण की रक्षा में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि सभी किसान पराली न जलाने का संकल्प लें, तो हम अपने प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

# आवारा कुत्तों को पकडकर शेल्टर होम में भिजवाने की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

नगर में आवारा कुत्तों के चलते लोग परेशान हैं। झुंडों के रूप में घूम रहे कुत्तों ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। नगर के व्यक्ति ने ईओ को शिकायती पत्र देकर आवारा कुत्तों को पकडकर शेल्टर होम में भिजवाने की मांग की है।
नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने ईओ सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर में आवारा कुत्ते झुंड बनाकर घूम रहे हैं। कुछ दिन पूर्व मोहल्ला बालमभट्ट व रापटगंज में बकरियों पर हमला कर इन कुत्तों ने उन्हें मार दिया था। आवारा कुत्तों के चलते मोहल्ले के निवासी और छोटे बच्चे दहशत में हैं। उन्होंने कहा कि नगर में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और अब यह झुंड के रूप में घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और अब यह झुंड के रूप में घूम रहे हैं। यदि शीघ्र ही इन्हें नियंत्रित नहीं किया गया, तो गंभीर घटनाएं घट हो सकती हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार नगर पालिका प्रशासन विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़े और उन्हें सुरक्षित स्थान या शेल्टर हाउस में भिजवाने की व्यवस्था करे। इसे लेकर ईओ सुशील कुमार ने बताया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने का नगर पालिका द्वारा समय समय पर अभियान चलाया जाता है। यदि आवारा कुत्ते घूम रहे हैं तो उन्हें पकड़वाया जाएगा।

# लापता नवजात शिशु का शव तालाब के कीचड़ से पुलिस ने किया बरामद

**जन एक्सप्रेस । उरई**

गोहन थाना क्षेत्र के कासिमपुर निवासी राजेश कुमार उर्फ दिनेश राठौर ने पुत्री आरती देवी की शादी दो साल पहले रूपापुर निवासी कमल प्रताप राठौर के पुत्र संतोष राठौर के साथ की थी। शादी के कुछ दिनों तक सब ठीकठाक चला, लेकिन बाद में संतोष राठौर शराब पीने लगा और कई बार पत्नी के साथ मारपीट की। गर्भवती होने से पुत्री को तीन माह से पिता अपने घर कासिमपुर में रखे थे और 27 अक्टूबर को आरती ने पुत्र को जन्म दिया था। आरती की मां कांति देवी का कहना है कि मंगलवार की दोपहर में दामाद राजेश कुमार घर के बाहर बैठा था और पुत्री खाना खा रही थी। दोपहर में नवजात चारपाई पर सो रहा था, इसी दौरान शिशु अचानक गायब हो गया।नवजात शिशु न देख घर में चीख पुकार मच गई और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी सतीश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। नवजात शिशु न देख घर में चीख पुकार मच गई और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी सतीश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्वजन व ग्रामीणों के साथ आसपास शिशु की खोजबीन की। पुलिस ने पिता राजेश कुमार व पति कमल प्रताप राठौर को हिरासत में ले लिया था और उनसे पूछताछ की जा रही थी। बुधवार की दोपहर को कासिमपुर के तालाब में नवजात का शव कीचड़ में फंसा देख ग्रामीणों ने पुलिस के सूचना दी थी। पुलिस ने शव को कीचड़ से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि नवजात शिशु के गायब पर शिशु के नाना, नानी, मां व मामा के बयान लिए गए थे। शिशु का शव तालाब से बरामद कर लिया गया है। साथ दोनों पक्षों के स्वजन से पूछताछ की जा रही है। शिशु को किसी एक पक्ष ने आवेश में आकर तालाब में फेंका है। जल्द ही पूरे मामले का राजफाश किया जाएगा।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम दौन निवासी मिथुन कठेरिया पुत्र नारायण पर चोरी, लूट, तमंचा से फायरिंग सहित 10 से अधिक मुकदमा दर्ज हैं। जिसने गिरोह बंद तरीके से अवैध रूप से धन अर्जित किया था। इस पर तत्कालीन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंजन कुमार सिंह ने 25 सितंबर को गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। इस कारण पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार की रात को डकोर कोतवाली प्रभारी विजय कुमार पांडेय ने मुखबिर की सूचना पर मदारीपुर के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया है। मुकदमा दर्जकर उसे जेल भेज दिया गया है।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर में पति से हुई कहासुनी के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके बालों ने ससुराल वालों पर पुत्री की हत्याकर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है।
शहर के मुहल्ला इंदिरा नगर निवासी सोनू वर्मा का 4 मई 2023 को ग्राम सिहारी दाउदपुर निवासी 22 वर्षीय मोहिनी से विवाह हुआ था। उनकी एक 10 माह की बच्ची भी है। बताया गया कि दो दिन पहले मोहिनी के पिता शिवकुमार की तबियत खराब हो गई थी। इसके बाद सोनू उन्हें देखने जा रहा था तो पत्नी मोहिनी ने कहा कि उसे भी वह साथ ले चले लेकिन सोनू उसे साथ नहीं ले गया और अकेला ही वह चला गया। वहां से वापस आने पर इसी बात को लेकर दम्पति में कहासुनी हो गई थी। बुधवार की सुबह चार बजे के लगभग मोहिनी ने घर के कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।वहां से वापस आने पर इसी बात को लेकर दम्पति में कहासुनी हो गई थी। बुधवार की सुबह चार बजे के लगभग मोहिनी ने घर के कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब पति जागा तो पत्नी को फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद सीओ अर्चना सिंह मौके पर पहुंचीं और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका के पिता शिवकुमार ने कहा कि उनकी बेटी की हत्याकर शव को फंदे पर लटका दिया है।

# सरदार पटेल की जयंती पर निकाली गई एकता पदयात्रा

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**




लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के मौके पर बुधवार को दोपहर ÷रन फॉर यूनिटी÷ के तहत एकता पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। अंबेडकर पार्क से एकता पदयात्रा का शुभारंभ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी द्वारा किया गया। इसमौके पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, शाहाबाद, टोडरपुर और पिहानी ब्लॉक प्रमुखों ने अम्बेडकर पार्क में वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश दिया। एकता पदयात्रा अम्बेडकर पार्क से बस अड्डा, सिनेमा चौराहा, घासमंडी तिराहा, दिलेरगंज, नगरपालिका, सरायं दरवाजा, खलील,अल्हापुर तिराहा, नवीन मंडी होते हुए ब्लाक मुख्यालय पहुंची जहां पर एकता पदयात्रा का समापन किया गया। एकता पदयात्रा में ÷सरदार पटेल अमर रहें÷, ÷भारत माता की जय÷ और ÷वंदे मातरम÷ के गगनभेदी जयकारे गूंजते रहे। इस मौके पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और बताया सरदार पटेल भारत की अखंडता और एकता के प्रतीक थे। सरदार पटेल के कार्यों से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि भाजपा पूरे देश में सरदार पटेल की जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मना रही है। सरदार पटेल भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं और वर्तमान पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुजरात में नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर डैम और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी उनके योगदान के सजीव प्रतीक हैं। पदयात्रा में नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनिल पांडे पिंटू, महामंत्री सत्येंद्र राजपूत, ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, पिहानी ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता,छात्र-छात्राएँ और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रमुख के बुलाने पर भी मंच पर नहीं गए नगर अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष और क्षेत्र पंचायत प्रमुख के बीच चल रही रार एकता पदयात्रा कार्यक्रम में भी देखने को मिली। मंच का संचालन कर रहे ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र ने कई बार भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू को मंच पर आने के लिए आमंत्रण दिया लेकिन नगर अध्यक्ष पांडे लगातार उनके अनुरोध को अनसुना करते रहे। इससे वहां बैठे लोगों में कानाफूसी शुरू हो गई कि दोनों के बीच में गहरा विवाद है। इसलिए ब्लॉक के कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष मंच पर जाना नहीं चाहते हैं।

### हरदोई की बेटी ने देवभूमि हरिद्वार में परचम फहराया



**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

उत्तराखंड के पहाड़ों पर योग,यज्ञ व संस्कृत की शिक्षा ग्रहण कर रही कटियारी की बेटी ने हरिद्वार में परचम फहराकर जिले का नाम रोशन किया है।
हरपालपुर कस्बा निवासी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की मुख्य संस्था भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी रामसिंह की पौत्री संध्या पतंजलि गुरुकुलम देवप्रयाग उत्तराखंड में कक्षा 11 की छात्रा है। वह वहां योग यज्ञ संस्कृत की शिक्षा ग्रहण कर रही है। भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से अचार्यकुलम हरिद्वार में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पतंजलि गुरुकुलम की छात्रा संध्या की टीम ने पूरे देश में तीसरा स्थान पाया है।पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष योगऋषि स्वामी रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने पूरे देश में तीसरा स्थान पाने वाली पतंजलि गुरुकुलम देवप्रयाग की टीम को पुरस्कृत किया है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिवंश सिंह संरक्षक अरविंद कुमार हरपालपुर योग शिक्षक राम शंकर यादव ने पूरी टीम की सराहना की है।

# स्वाट/सर्विलांस व संडीला पुलिस ने 5 शातिर चोर गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई में स्वाट टीम, सर्विलांस सेल और थाना संडीला पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर चोरी की वारदात में शामिल 5 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन, एक अदद मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद एसपी अशोक कुमार मीणा ने टीम को सराहना दी। जानकारी के अनुसार, बीते 4/5 सितम्बर 2025 की रात को संडीला क्षेत्र के कस्बा स्थित एक दुकान बंद कर लौट रहे व्यक्ति संदीप सिंह से कुछ बदमाशों ने मोबाइल, मोटरसाइकिल और कागजात छीनकर फरार हो गए थे। मामले में थाना संडीला में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने जांच शुरू की थी।एसपी के निर्देशन पर बनी पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक और सर्विलांस तकनीक की मदद से आदिल पुत्र शकील, ईशा पुत्र रफीक, इरफान पुत्र जहीर, रेहान पुत्र इदरीश व सोहिल पुत्र शौकत अली सहित 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी किए गए मोबाइल, एक मोटरसाइकिल व 2710 रुपये नकद बरामद हुए।पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने कबूल किया कि उन्होंने 4 सितम्बर को वारदात को अंजाम दिया था। वे संडीला क्षेत्र में रात के समय बंद दुकानों के आसपास घूमते थे और मौका मिलते ही लूट या चोरी कर फरार हो जाते थे।बरामद मोटरसाइकिल का इंजन व चैसिस नंबर मिटाया गया पाया गया, जिस पर पुलिस अब और जांच कर रही है। सभी अभियुक्तों पर बीएनएस की धारा 317(2) सहित अन्य धाराओं में वृद्धि कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### शराब के नशे में प्रधान ने सेक्रेटरी को पीटा, अभिलेख फाड़ने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत फिरोजपुर खुर्द के प्रधान विवेक पांडे ने शराब के नशे में अपने दो साथियों के साथ मिलकर अपनी ही ग्राम पंचायत के सचिव को गाली-गलौज कर मारा पीटा और सरकारी अभिलेख फाड़ दिये। घटना से नाराज सचिवों ने बीडीओ को घटना से अवगत कराते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर ब्लॉक मुख्यालय पर कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान शराब के नशे में ग्राम पंचायत फिरोजपुर खुर्द के प्रधान विवेक पांडे अपने दो साथियों के साथ शराब के नशे में झूमता हुआ आया और अपनी ही ग्राम पंचायत सचिव हर्षित सिंह से कार्य के एस्टीमेट को लेकर विवाद करते हुए पहले ही पेमेंट की मांग करने लगा। इस पर सचिव ने मना कर दिया जिससे नाराज होकर प्रधान विवेक पांडे ने पंचायत सचिव पर हमला कर पीट दिया।ग्राम प्रधान लगातार सेक्रेटरी को गोली से मारने की धमकी देता रहा। ग्राम प्रधान के बवाल का वीडियो भी वहां मौजूद लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।वहीं दूसरी तरफ आक्रोशित ग्राम सचिवों ने एक बैठक करके नाराजगी जताते हुए बीडीओ दिनेश चंद्र शर्मा को घटना से अवगत कराया तथा थाने में लिखित तहरीर दी।

# जॉनसन्स बेबी ने नई ब्रांडिंग, अपग्रेडेड फॉर्मूलेशन और सस्टेनेबल पैकेजिंग का किया अनावरण

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

पेरेंटहुड की दुनिया काफी विकसित हो गई है। आज के माता-पिता अधिक जानकार हैं और अपने शिशुओं के लिए सोच-समझकर चुनाव करते हैं। व्यस्त जीवन के बीच, नहलाना और मालिश जैसे रोजमर्रा के पल आज भी पेरेंट्स और बेबी के बॉन्डिंग के लिए यादगार होते हैं। इस जुड़ाव के पलों को और यादगार बनाने के लिए, दुनिया के नंबर 1 बेबी केयर ब्रांड, जॉनसन्स बेबी ने अपनी रेंज को अपग्रेड किया है, उन्नत बेबी स्किन साइंस आधारित फ़ॉर्मूलेशन और नई सस्टेनेबल पैकेजिंग के साथ, ताकि वे नए जमाने के माता-पिता की उभरती जरूरतों को पूरा करें 7 ये रेंज खासकर डिज़ाइन किया गया है बेबी की नाजुक त्वचा और बालों की सुरक्षा के लिए 7जो अनमोल है, उसे प्रोटेक्ट करने के अपने वादे को निभाते हुए, जॉनसन्स0 बेबी ने अनिल और सोनम कपूर के साथ अपने %इट्स प्योर लव% कैंपेन का भी अनावरण किया, जो बॉन्डिंग के इन अनमोल क्षणों को सेलिब्रेट करते है।बेबी के लिए बेहतर~ बेबी की त्वचा के लिए डिजाइन किए गए एडवांस्ड फॉर्मूले 130 से अधिक वर्षों से, जॉनसन्स बेबी बेबी के लिए सर्वोत्तम उत्पादों का अग्रणी रहा है, जो बेबी स्किन साइंस की गहरी समझ पर आधारित हैं। एक और कदम आगे बढ़ाते हुए, जॉनसन्स बेबी ने बदलते मौसम में बेबी की त्वचा की बेहतर सुरक्षा के लिए उद्योग में पहली बार तैयार किए गए फ़ॉर्मूले के साथ अपनी पूरी रेंज को अपग्रेड किया है। हर उत्पाद को बेबी की नाजुक त्वचा, बालों और आंखों की प्राकृतिक कोमलता प्रोटेक्ट करने के लिए और जॉनसन्स की प्यारी खुशबू के साथ सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है।

# पुलिस लाइन में थानाध्यक्ष के सरकारी आवास से 35 लाख के जेवर चोरी

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई जिले की पुलिस लाइन में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल देने वाली एक बड़ी वारदात सामने आई है। सवायजपुर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार के सरकारी आवास से लगभग 35 लाख रुपये के जेवरात चोरी हो गए। घटना की रिपोर्ट मंगलवार को शहर कोतवाली में दर्ज कराई गई है।
जानकारी के मुताबिक, थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार बीती नवंबर को सर्दी की वर्दी लेने हरदोई स्थित अपने आवास पर पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे मिले और सारा सामान बिखरा हुआ था। बताया गया कि अज्ञात चोर पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसे और चोरी को अंजाम दिया।थानाध्यक्ष के अनुसार, चोर उनके बक्से में रखे करीब 20 लाख रुपये मूल्य के पारिवारिक जेवर जिनमें सोने का हार, चेन, अंगूठी, चूड़ी, कंगन और मंगलसूत्र आदि उड़ा ले गए। इसके अलावा, पत्नी के परिजनों से मिले लगभग 15 लाख रुपये के जेवर भी चोरी हो गए हैं।पुलिस लाइन जैसे संवेदनशील और सुरक्षित क्षेत्र में हुई इस वारदात ने पुलिस की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस लाइन की सुरक्षा में तैनात चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस ने शीघ्र ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

### एसपी ने की पूर्वी जोन के बीट आरक्षियों के कार्य की समीक्षा

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** हरदोई ।बुधवार को एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुलिस कार्यालय में बैठक कर जनपद के पूर्वी जोन के सभी थाना क्षेत्रों से बुलाए गए बीट आरक्षियों के कार्य की समीक्षा की। इस बैठक में कुल 12 बीट आरक्षी शामिल हुए।
बैठक के दौरान एसपी ने बीट प्रणाली को पुलिस-जनसंपर्क की रीढ़ बताते हुए कहा कि बीट आरक्षी क्षेत्र में पुलिस की पहली कड़ी हैं, जिनकी सक्रियता से ही अपराध नियंत्रण और जनता का विश्वास सुनिश्चित होता है। उन्होंने प्रत्येक आरक्षी से उनके क्षेत्र की स्थिति, जनसमस्याओं, सक्रिय अपराधियों और चल रहे अभियानों की जानकारी ली। एसपी मीणा ने सभी आरक्षियों को क्षेत्र में निरंतर गश्त, सतर्कता और आमजन से संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और नशे के खिलाफ चल रहे अभियानों पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने 25 करोड़ के मोटर एक्सीडेंट इंश्योरेंस धोखाधड़ी का खुलासा किया

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत की अग्रणी प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने थर्ड पार्टी क्षतिपूर्ति क्लेम के आधार पर 25 करोड़ रुपये के मोटर एक्सीडेंट इंश्योरेंस धोखाधड़ी को सफलतापूर्वक खुलासा किया है। इस धोखाधड़ी को गलत एफआईआर और भ्रामक दस्तावेज़ों के माध्यम से मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल, भुज को सबमिट किया गया था।
यह केस भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत साणंद पुलिस स्टेशन में दर्ज एक एफआईआर से शुरू हुआ था। यह शिकायत कथित चालक द्वारा दर्ज कराई गई थी, जिसने दावा किया कि वह महिंद्रा ज़ायलो चला रहा था और अचानक एक कुत्ता सड़क पर सामने आ गया, जिसके कारण वाहन पलट गया। उसने आरोप लगाया कि उसके बगल में बैठे सह-चालक को गंभीर चोटें आईं और उसे साणंद सरकारी हॉस्पिटल में मृत घोषित कर दिया गया।
इसके बाद मृतक के कानूनी वारिसों ने भुज में एम टी सी के समक्ष 25 करोड़ रुपये का मुआवज़ा क्लेम दायर किया। बजाज जनरल इंश्योरेंस को कोर्ट के समन प्राप्त हुए और आंतरिक जांच शुरू की गई । कंपनी ने एफआईआर, चार्जशीट, पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्ट, घटनास्थल और पंचनामा रिपोर्ट्स और वाहन के डॉक्यूमेंट प्राप्त किए। कंपनी को एफआईआर और सहायक डॉक्यूमेंट संदिग्ध लगे और उनसे यह संकेत मिला कि ये धोखाधड़ी करने की तैयारी के साथ किया गया प्रयास था।

# डीएम की सर्जिकल स्ट्राइक, पराली और खेतों में धधकते आग पर कसा शिकंजा

## ग्राउंड जीरो से चला प्रशासन का अभियान, 7 मशीनें सीज, 2.72 लाख का जुर्माना ठोका

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने खुद कमान संभाल ली है। बुधवार को डीएम ने सदर तहसील क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग, लखिमा और कटहरा समेत कई ग्रामों का दौरा कर खेतों में पराली जलाने की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम रामपुर बुजुर्ग में बिना एसएमएस के संचालित एक कंबाइन मशीन को मौके पर ही सीज कर दिया। वहीं जिन खेतों में पराली जलती मिली, उनके विरुद्ध एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम शर्मा ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि पराली जलाना गैरकानूनी है। इससे न केवल भूमि की उर्वरता घटती है, बल्कि वायु प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता है।उन्होंने किसानों को हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (स्त्र्स) और कम्पोस्टिंग जैसे वैकल्पिक उपाय अपनाने की सलाह दी। डीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसानों को दंड देना नहीं, बल्कि जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी निभाना है। उन्होंने किसानों से अतिरिक्त पराली गौशालाओं को दान करने की अपील करते हुए कहा कि पराली ले जाने की व्यवस्था जिला प्रशासन करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पराली जलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय और एनजीटी का रुख स्पष्ट है अब पराली जलाने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे में कृषि विभाग को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि किसानों को निःशुल्क या सब्सिडी पर मिलने वाले उपकरणों की जानकारी हर गांव तक पहुंचाई जाए, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें।निरीक्षण के बाद प्रशासन ने पराली जलाने के आरोपी 13 लोगों को निरुद्ध किया, जबकि 27 लोगों पर जुर्माने की कार्रवाई, और 3 कंबाइन मशीनें सीज की गई। इसी के साथ प्रशासन ने जनपदभर में 80 मामलों में नोटिस जारी, 7 मशीनें बिना एसएमएस के सीज, तथा खेतों में पराली जलाने वाले के विरुद्ध 2,72,500 का जुर्माना अधिरोपित किया है। वही ग्रामीणों ने जिलाधिकारी की इस सख्त और संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए पराली न जलाने का संकल्प लिया।

# मोबाइल रिकॉर्ड बने जांच का आधार, कड़ियां जोड़ने में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

क्षेत्र के चर्चित सेठी ढाबा से टोकन जारी होने के मामले में जांच तेज हो गई है। इससे प्रशासनिक महकमे हड़कंप मचा है। यह शुरुआत में एक स्थानीय वसूली प्रकरण लग रहा था, वह अब एक संगठित नेटवर्क में तब्दील हो चुका है।

ढाबे से बरामद हुई डायरी, मोबाइल कॉल डिटेल्स और भुगतान का रिकॉर्ड पूरे सिस्टम में चल रहे संरक्षण खेल का पर्दाफाश करना शुरू कर दिया है। हाईवे पर सक्रिय गिरोह की कड़िया पुलिस साक्ष्य के आधार पर जोड़ने में जुटी है।

राज्य कर विभाग की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे के बाद जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे नाम तो सामने आ रहे है, लेकिन जांच अधिकारी चुप्पी भी साध रहे हैं। कोई इस मामले में मुंह नहीं खोल रहा है। माना जा रहा है कि मामला केवल ढाबा संचालक तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आरटीओ, जीएसटी, पुलिस, परिवहन और टोल प्रबंधन के अफसरों तक उसकी गूंज पहुंच चुकी है।

# काल भैरव अष्टमी पर विधिवत पूजे गए बाबा भैरवनाथ

## जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब व आनंद परिवार के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



गर के प्रसिद्ध शिव मंदिर परिसर में बुधवार को काल भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब, महराजगंज एवं आनंद परिवार के संयुक्त तत्वावधान में बाबा भैरवनाथ की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना संपन्न हुई। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दीप, नैवेद्य, पुष्प और पंचामृत से विशेष अभिषेक कर भक्तों ने नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।

आनंद स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिन भगवान शिव ने भैरव रूप में अवतार लिया था, जो न्याय और धर्म की रक्षा के प्रतीक हैं। पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान भैरव 'दंडपाणि' के रूप में अधर्म का नाश करते हैं। यह पर्व समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को सशक्त करता है। कार्यक्रम में अनेक पत्रकारों, गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। अंत में बाबा भैरवनाथ की आरती कर समस्त जनों ने शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार दीपक शरण श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिंह, विश्वदीपक त्रिपाठी, सुनील श्रीवास्तव, संजय पांडेय, अनिल वर्मा, शैलेश पांडेय, विपिन श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, सुनील यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, अंकुश श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा वोट चोरी कर रही, आतंकी देश में जगह जगह ब्लास्ट कर रहे

जन एक्सप्रेस । देवरिया



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को टाउनहाल स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता किया। उन्होंने इसमें भाजपा पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि देश मे आतंकी जगह जगह बम ब्लास्ट कर रहे है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट में बहुत से लोग हताहत हुए हैं। इस हादसे में देवरिया जनपद के भलुअनी का युवक के घायल हुआ है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायलों को ईश्वर जल्दी स्वस्थ करें और इस बम ब्लास्ट में जो नहीं रहे उनके परिजनों के प्रति हमारी संवेदना है। उन्होंने कहाकि सरकार वोट चोरी करने के लिए सारे जतन करती है। मगर देश के लोगों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नही है। देश की आंतरिक सुरक्षा पर कोई ध्यान नही। पूरे देश में और दिल्ली के आसपास किलो के भाव आरडीएक्स मिल रहा है। उन्होंने देश की खुफिया एजेंसी और गृह मंत्रालय ब्लास्ट को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहाकि पुलवामा की घटना का आज तक कोई पता नहीं चला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय गेट पर मिली गंदगी पर जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

क्षेत्र के अहिरौली बाजार गांव में मंगलवार को एडीओ पंचायत ने जांच किया। उनके जांच के दौरान गांव के विद्यालय गेट के पास गंदगी मिली। इस पर उन्होंने गांव के सफाई कर्मी को बुलाकर फटकार लगाए।मंगलवार की दोपहर हाटा एडीओ पंचायत चंद्रिका प्रसाद ने अहिरौला बाजार गांव में संचालित संविलियन विद्यालय की जांच करने पहुंचे थे। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई, एमडीएम और बच्चों की उपस्थिति आदि की जानकारी ली। उनके निरीक्षण के दौरान विद्यालय के गेट पर जलभराव और गंदगी दिखी। इसको गंभीरता से लेते हुए गांव के सफाई कर्मी को बुलाकर फटकार लगाई।

# लापरवाही : नाबालिग के हांथ, ई रिक्शे की कमान, खतरे में नौनिहाल की जान

## ई-रिक्शे पर स्कूली बच्चों व सवारियां बैठाकर नाबालिग भर रहे फरार्टा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जनपद में शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक ई-रिक्शा की भरमार है। एक ओर जहां बैट्री से चलने वाला ई-रिक्शा बेरोजगारों के लिए रोजगार का माध्यम बना तो वहीं दूसरी ओर ई रिक्शे की कमान नाबालिगों के हांथ आ जाने पर दुर्घटना का कारण भी बन जाता है। आपको शहर में तो इक्का दुक्का लेकिन जिले की कोहड़ौर, कांधरपुर, मदाफरपुर, मंगरौरा, जेठवारा, कुण्डा, बाबूगंज समेत कई प्रमुख बाजारों के साथ ही ग्रामीण अंचल के रास्तों पर ई-रिक्शे की कमान नाबालिगों के हाँथों में कहीं न कहीं दिख ही जायेगी। सवारियां ढोने के साथ ही छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल ले जाने और घर पहुंचाने का कार्य भी कर रहे हैं। लापरवाही पूर्वक उसे दौड़ा रहे हैं। यह चालक बिना इंडीकेटर जलाए ही अचानक वाहनों को जहां मन करता है मोड़ देते हैं, वहीं सवारियों के आवाज लगाने पर अचानक सड़क पर ही वाहन का ब्रेक लगा देते हैं जिसके कारण यातायात के नियमों का पालन करने वाले भी दुर्घटना का शिकार बन जाते हैं। बिना लाइसेंस के चालक ई-रिक्शा को तेज रफ्तार में दौड़ा रहे, बेतरतीब ढंग से रोड पर भी लगा देते हैं जो आये दिन जाम का कारण भी बनते हैं। बिना लाइसेंस के ये चालक इस हल्के वाहन को तेज रफ्तार में दौड़ाते हैं जिससे स्कूली बच्चों के साथ ही लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है। नाबालिगों के हाथों में स्टेयरिंग होने से ई-रिक्शा पलटने की कई घटनाएं भी ही चुकी हैं। लोगों की जान खतरे में डालकर फरार्टा भरने वाले ऐसे वाहन चालकों पर नजर पड़ने के बाद भी पुलिस ने उन्हें यातायात नियम बताना मुनासिब नहीं समझ रही है। हां लेकिन जब कहीं दुर्घटना हो जाती है तब पुलिस आननफानन में कार्रवाई करना शुरू कर देती है। यातायात माह के दौरान इस तरह की तस्वीरें कहीं न कहीं यातायात नियमों को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। उक्त मामले के बाबत जब एआरटीओ से बात की तो उन्होंने बताया कि आये दिन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही दंडात्मक कार्रवाई भी की जाती है। लोगों को चाहिए कि कोई भी वाहन अपने नाबालिग बच्चों के हाँथ में न दें। चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी।

# जिला स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर एथलेटिक, व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सभी 18 ब्लॉक के सभी टीमों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। जिलाधिकारी ने बच्चों के मार्च पास्ट की सलामी ली और गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और बेसिक के नन्हे बच्चों की प्रस्तुति को देखकर बहुत प्रभावित रहे। पीटी में कुंडा विजेता व पट्टी उपविजेता, एकांकी में मांधाता विजेता व गौरा उपविजेता रही। 100 मीटर बालक में साबिर प्रथम, आरिफ द्वितीय, सागर तृतीय, बालिका में सुमन प्रथम, ज्योति द्वितीय, लाडली तृतीय रही। 200 मीटर बालक में शिवम प्रथम, आयन द्वितीय, बादल तृतीय, बालिका में अंतिम प्रथम, शालू द्वितीय, सिमरन तृतीय, ऊंची कूद में ज्योति प्रथम, अंतिम द्वितीय, काजल तृतीय, बालक में कार्तिक प्रथम, सूरज द्वितीय, शिव तृतीय, 600 मीटर बालिका मे उमा प्रथम, पूनम द्वितीय, काजल तृतीय, बालक में जैद प्रथम, पीयूष द्वितीय, आदित्य तृतीय रहे। कार्यक्रम आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया तथा मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम में क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव सदर, संजय सिंह कुंडा, अमित कुमार दुबे गौरा, जंगीलाल मौर्य सडवा चंद्रिका, संतोष कुमार वर्मा मंगरौरा, गुलाब चंद पट्टी, सुरेश सिंह लालगंज, सुरेश सरोज लक्ष्मणपुर, बंशी धर पांडेय बिहार, सूर्य नारायण सिंह कालाकांकर, आशीष कुमार मिश्रा बाबागंज, सुशील त्रिपाठी आसपुर देवसरा का अमूल्य सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रतियोगिता की सफल आयोजन हेतु जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील सिंह मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका राजेंद्र पांडेय, शैलेश सिंह, पवन सिंह, कौशलेंद्र सिंह, सुभाष मिश्र, खुर्शीद अली, राम सुख प्रजापति, कमलेश सिंह, आदित्य सिंह, संजीव शुक्ला, पंकज सिंह, मनोज भारती, शैलेन्द्र सिंह, श्रीमंत शुक्ल, धर्मेंद्र मिश्रा, संजय सिंह, विमल कुमार, कपिल देव, अजय कुमार रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षक की मौत

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में मंगलवार सुबह बाइक से स्कूल जा रहे प्राइवेट विद्यालय के शिक्षक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कंधई थाना इलाके के अमहरा गांव निवासी राजमणि सिंह (57 वर्ष) थाना क्षेत्र के बनी तेरह मील के समीप एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापक हैं। मंगलवार सुबह नौ बजे स्कूल जा रहे थे जैसे ही लौवार गांव के पास पहुंचे ही थे कि स्कूल से बच्चों को छोड़कर आ रहे अपाचे सवार युवक ने शिक्षक की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे राजमणि सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के दो बेटी एक बेटा है, बेटा सूरज सिंह घर पर ही रहकर खेती-बाड़ी का काम करता है। मृतक दो भाई में दूसरे नंबर पर थे। इस संबंध में चौकी प्रभारी दीवानगंज दीपक कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हॉउस से देर शाम घर आ गया। बुधवार को परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव बने मोहम्मद शादाब


जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर के विजरा वार्ड निवासी सपा नेता मो. सईद के बेटे मोहम्मद शादाब को समाजवादी व्यापार सभा का प्रदेश सचिव बनाया गया है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने उन्हें प्रदेश सचिव नामित किया। शादाब को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। प्रदेश सचिव बनाये जाने पर उनके आवास पर कार्यकर्ताओं का हुजूम लग गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर मिठाई बांटते हुए हर्ष व्यक्त किया। आवास पर बधाई देने आये पार्टी के कार्यकर्ताओं से मोहम्मद शादाब ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल एवं समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने हम नौजवानों को जो जिम्मेदारी व दायित्व सौपा है हम लोग गांव-गांव जाकर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे। युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर कस्बे के पूर्व जिला पंचायत सदस्य व प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी मैशाद अहमद, मो. सईद अहमद, राजन यादव, रमेश पाठक सहित सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# डीएम ने निषेधाज्ञा लागू की : धारा-163 के तहत 1 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी निषेधाज्ञा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में डीएम शिव सहाय अवस्थी द्वारा एक जनवरी 2026 तक के लिए धारा 163 लागू कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि सोमवार शाम नई दिल्ली में लालकिला के पास हुये ब्लास्ट, आगामी त्योहारों एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में 01 जनवरी 2026 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। ताकि जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित न हो और लोक व्यवस्था बनी रहे। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, संगठन, समूह, संप्रदाय, दल, सोशल मीडिया साइट्स जैसे व्हाट्सअप, फेसबुक आदि के माध्यम से किसी धर्म का अनादर नहीं कर सकता। न ही बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किये देवी-देवताओं अथवा किसी भी महापुरूष की मूर्ति ही स्थापित करेगा। सामान्य स्थितियों को छोड़कर एक स्थान पर पांच से अधिक व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह एकत्र नहीं होगा। किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, राइफल, एक नली बन्दूक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्युटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथा बैंक में लगे हुए सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। मस्जिदों, गिरिजाघरों, मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी। डीएम ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति इस निषेधाज्ञा का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पालिकाध्यक्ष ने वृद्ध के हाथों कराया सीसी रोड का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । देवरिया

नगरपालिका स्थित मोहांव में मंगलवार को पालिकाध्यक्ष श्वेता जायसवाल और ईओ निरुपमा प्रताप ने वार्ड के ही एक वृद्ध के हाथों बनाई गई सीसी सड़क का लोकार्पण कराया। नगरपालिका की ओर से करीब 26 लाख की लागत से मोहांव में रामप्रसाद यादव के मकान से छोटी पुलिया तक सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण मंगलवार को किया गया। इस मौके पर सभासद यशोदिया देवी, मुरारी जायसवाल, मनोज गुप्त, जोखन बाबू, सरवन, संतोष सिंह गहमरी, आनंद सिंह, रितिका यादव, निधि, रतन वर्मा मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली गई एकता पदयात्रा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



ब्यूरो, जन एक्सप्रेस जनपद में बुधवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में %%रन फॉर यूनिटी%% के तहत जनसभा एवं एकता पद यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि आज हम जिस विराट और विस्तृत भारत का स्वरूप देख रहे हैं इसके निर्माण में देश के पहले गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का अतुलनीय योगदान है। उनकी प्रेरणा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार कर रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद वह भारत के पहले गृहमंत्री और उप-प्रधानमंत्री बने और उन्होंने 562 रियासतों को भारत में एकीकृत कर अखंड भारत का निर्माण किया जिसके कारण उन्हें %%लौह पुरुष%÷ कहा जाता है। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाकर अखंड भारत के निर्माण में मोदी सरकार उनके विचारों को आगे ले जा रही है। सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्रनिष्ठा से देश को एकता के सूत्र में पिरोने का अद्वितीय कार्य किया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठन क्षमता आज भी राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं। इसके पश्चात सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कॉलेज से लेकर अवधेश विद्या निकेतन कॉलेज तक पदयात्रा को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने झंडा दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा में बढ़ चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व सांसद संगम लाल, पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा नेता गिरधारी सिंह, पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र, प्रतिभा सिंह, जिलामंत्री रामजी मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र शुक्ल समेत काफी संख्या में लोगों ने पदयात्रा में हिस्सा लिया।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत के उद्घोष संग निकली भव्य पदयात्रा, सरदार पटेल को नमन

जन एक्सप्रेस। बस्ती



राष्ट्र की एकता, अखण्डता और दृढ़ नेतृत्व के अप्रतिम प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऐतिहासिक पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र एक भारत, श्रेष्ठ भारत तथा भारत माता की जय के घोष से गुंजायमान हो उठा।

पदयात्रा का शुभारंभ दुबौला चौराहा से हुआ, जहां सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा, महिलाएं और आमजन देशभक्ति के उत्साह के साथ एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगीत से हुई। पदयात्रा का नेतृत्व विधानसभा संयोजक अखण्ड सिंह ने किया। तिरंगा झंडों और प्रेरणादायक नारों से सजी यह यात्रा अनुशासन, एकता और राष्ट्रप्रेम का जीवंत उदाहरण बनकर आगे बढ़ी। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रियों का अभिनंदन किया और देशभक्ति के इस महोत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

यात्रा का समापन श्री गणेश विद्या मंदिर किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरदी बाबू में हुआ, जहां भव्य समापन सभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि ÷सरदार पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रहित में समर्पित होने की प्रेरणा देता है। उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और नेतृत्व ने देश को संगठित स्वरूप प्रदान किया। आज का युवा उनके आदर्शों को आत्मसात करे, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विशिष्ट अतिथि एवं गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ल ने सरदार पटेल के संपूर्ण जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका योगदान भारतीय राजनीति की आधारशिला है। वे केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक विचार, एक विश्वास और एक युग थे।

सभा में पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने पटेल जी के संगठन कौशल को राह दिखाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और राष्ट्रीय एकता किसी भी विकसित राष्ट्र की रीढ़ है। सरदार पटेल ने इसे अपने जीवन से सिद्ध किया। संचालन करते हुए मीडिया संयोजक राधेश्याम कमलापुरी ने कहा कि नयी पीढ़ी को ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना चाहिए।

जिले के प्रभारी राकेश श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण में कहा कि 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि इतिहास का सबसे स्वर्णिम अध्याय है। मुख्य वक्ता उमा शंकर पटवा ने कहा कि ÷पटेल जी का जीवन हमें सिखाता है कि यदि इरादे अडिग हों तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल भारतीय राजनीति के वह ध्रुव तारे हैं जिनकी दूरदृष्टि आज भी देश का मार्गदर्शन कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके अखंड भारत के स्वप्न को साकार करने का कार्य निरंतर जारी है।

सभा में पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, पूर्व विधायक सी.ए. चंद्र प्रकाश शुक्ला, प्रत्यूष सिंह, अरविंद सिंह, मंडल अध्यक्ष गौरव मणि त्रिपाठी, लवकुश शुक्ला, राजेश कमलापुरी, मनोज पाठक, गंगेश सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मंचासीन रहे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह, आनंद सिंह कलहंस, विनोद चौधरी, अनुपम पांडे, गजेंद्र मणि त्रिपाठी, विजय गुप्ता, नागेंद्र सिंह, सिंकू राणा, दिग्विजय सिंह, सोनू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्रबंधक संजय सिंह, सहाबुद्दीन निषाद, मनोज ओझा, हरेंद्र तिवारी और आईटी संयोजक रवि तिवारी समेत अनेक गणमान्य जनों की मौजूदगी में कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। पदयात्रा और सभा ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरदार पटेल की विचारधारा आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में जीवंत है और राष्ट्र की एकता के लिए प्रेरणा का अटूट स्रोत बनी हुई है।

# डायट जौनपुर में 1.75 करोड़ का घोटाला! शासन ने की बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) जौनपुर में करोड़ों रुपये की वित्तीय हेराफेरी का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में तत्कालीन प्राचार्य डा. राकेश सिंह और लिपिक शुभम सिंह की मिलीभगत उजागर हुई है। शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लिपिक को तत्काल निलंबित कर दिया है, जबकि पूर्व प्राचार्य पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है।

जानकारी के अनुसार, डीएलएड प्रवेश काउंसिलिंग के दौरान प्रति छात्र ?10,000 की धनराशि परीक्षा नियामक प्राधिकरण (पीएमपी) के पास जमा होती है, जिसे काउंसिलिंग पूर्ण होने के बाद डायट के खाते में स्थानांतरित किया जाता है। यह धनराशि आगे संबंधित विद्यालयों को भेजी जानी थी, मगर पूर्व प्राचार्य ने इसे विद्यालयों तक पहुंचाने के बजाय अन्य मदों में खर्च दिखा दिया।

सूत्रों के मुताबिक, यह हेराफेरी दो वर्ष पूर्व की गई थी। इतना ही नहीं, डीएलएड कापियों के मूल्यांकन का पारिश्रमिक भी परीक्षकों को नहीं दिया गया। जब विद्यालय संचालकों ने बकाया भुगतान की मांग की तो वर्तमान प्राचार्य डा. विनोद शर्मा ने पीएमपी से डिमांड भेजी। वहां से जवाब मिला कि राशि तो पहले ही डायट जौनपुर के खाते में भेज दी गई थी। शिकायत के बाद शासन ने सख्ती दिखाते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की, जिसमें वाराणसी के संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश सिंह, आज़मगढ़ के तत्कालीन जेडी और पीएमपी के रजिस्ट्रार शामिल थे। जांच टीम ने गहराई से जांच की तो लगभग 1.75 करोड़ की वित्तीय अनियमितता का खुलासा हुआ। रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है और कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश सिंह ने पुष्टि करते हुए कहा, डायट में वित्तीय अनियमितता की शिकायत सही पाई गई। लगभग 1.75 करोड़ रुपये की हेराफेरी हुई है। शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। संबंधित लिपिक को निलंबित किया गया है। सूत्रों का कहना है कि जांच अभी सतही स्तर पर हुई है। यदि पूर्व प्राचार्य के पूरे कार्यकाल की परतें खोली जाएं, तो घोटाले की रकम कई गुना अधिक निकल सकती है।

# महिला थाने में सुनवाई के दौरान आक्रोशित हुआ पति, थाने में ही पत्नी को मारने पीटने के लिए टूट पड़ा

**महिला पुलिस कर्मियों ने युवक को लिया हिरासत में, किया शांति भंग में चालान**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर जनपद की महिला थाने में ही पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के सुनवाई के दौरान एक युवक आकर्षित होकर अपनी पत्नी को मारने पीटने के लिए टूट पड़ा। जिस पर पत्नी के ऊपर हमला करने जा रहे पति को महिला थाने की मौजूद पुलिसकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने बताया कि बुधवार को महिला थाने पर महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी महिला संबंधी समस्याओं की जनसुनवाई कर रही थी। इसी बीच लगभग साढ़े 11 बजे सुरेरी थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव की पूजा कश्यप पुत्री रिंकू कश्यप व द्वितीय पक्ष से पूजा के पति वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र के राहुल गौड़ के बीच चल रहे विवाद की सुनवाई कर रही थी। इसी बीच पूजा ने अपने पति राहुल पर आरोप लगाते हुए महिला थाना प्रभारी को कुछ जरूरी जानकरी देने लगी जिस पर पूजा का पति राहुल गौड़ आक्रोशित हो गया और वह महिला थाना पर ही अपनी पत्नी पूजा को भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारने पीटने के लिए टूट पड़ा। जिस पर महिला थाना प्रभारी व महिला पुलिस कर्मियों ने राहुल को पकड़ लिया। यदि पुलिस नही पकड़ती तो राहुल अपने पत्नी की थाना परिसर में ही जमकर पिटाई कर देता।

इस मामले में पूछे जाने पर महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने बताया कि पत्नी पत्नी के बीच चल रहे विवाद की सुनवाई की जा रही थी।

जिस पर राहुल अपनी पत्नी को मारने पीटने का प्रयास किया। जिससे उसे हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया गया

# अम्बेडकर पार्क के लिये भूमि सुरक्षित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। बस्ती

बुधवार को भीम युवा वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने मण्डलायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि लालगंज थाना क्षेत्र के थरौली गांव में गाटा संख्या 133 रकबा 0.0930 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे से तत्काल मुक्त कराकर इसे अम्बेडकर पार्क के लिये सुरक्षित कराया जाय।

मण्डलायुक्त को ज्ञापन देने के बाद सोनू राव ने कहा कि गाटा संख्या 133 रकबा 0.0930 हेक्टेयर भूमि सरकारी जमीन है और राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।

यहां अम्बेडकर पार्क का निर्माण हो जाने से अनुसूचित जाति के ग्रामीणों को अपने सामाजिक कार्य करने के लिये भी अवसर मिल सकेगा। मांग किया कि

इस भूमि को अम्बेडकर पार्क के लिये सुरक्षित कराया जाय।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भीम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राव उर्फ प्रमोद, संदीप गौतम, अवनीश प्रभात, देवीलाल गौतम, दीपक गौतम, वीरेन्द्र गौतम, जितेन्द्र गौतम, राहुल गौतम, नीरज, शिव कुमार, जितेंद्र, राम रूप, इंद्रावती, रोशनी आदि शामिल हैं।

# बाणसागर नहर में गिरे युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

**लालगंज।** देवरी उत्तर गांव निवासी चंदन (35) रविवार की देर रात को घर लौटते समय बाणसागर नहर में फिसलकर गिर गया था। उसे उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया। जहां सोमवार की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। देवरी उत्तर निवासी चंदन रविवार की देर रात घर जा रहे थे। अंधेरा होने के कारण उनका पैर फिसल गया। वह बाणसागर नहर में गिर गए। नहर में पानी कम था। इससे वह घायल हो गए। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने किसी तरह चंदन को बाहर निकालकर मंडलीय अस्पताल लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सोमवार की देर रात चंदन की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर लौट आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि बाणसागर नहर में गिरने से घायल युवक की मौत हो गई।

# जमीनी विवाद में चली लाठियां बुजुर्ग महिला की मौत, तीन गंभीर

**तीन आरोपी गिरफ्तार**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर जिले के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के कछौरा गांव में बुधवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब सात बजे केवला देवी (70) पत्नी सत्यदेव यादव अपने घर के सामने उपली पाथ रही थीं। तभी पड़ोसी पाटीदारों से चल रहे पुराने जमीनी विवाद को लेकर उनके साथ गाली-गलौज होने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में केवला देवी के सिर पर गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव के दौरान पारसनाथ यादव (70), उनकी बहू शीला देवी (50) पत्नी विजय बहादुर यादव और कृतिका (20) पुत्री लाल बहादुर यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सिंगरामऊ मुंतजिर हुसैन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगरामऊ भेजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पारसनाथ यादव और शीला देवी को जिला अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार पारसनाथ की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना में आठ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है

# स्टांप वेंडर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शाहगंज स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन द्वारा स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री को सम्बोधित आठ सूत्रीय मांग पत्र उप निबंधक सुनील कुमार सिंह को सौंपा गया। उक्त ज्ञापन जिलाध्यक्ष चंद्रेश कुमार के नेतृत्व में सौंपा गया। आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए वेंडरों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

वेंडरों की प्रमुख मांग थी कि कलर स्टेशनरी की लिमिट 50 फीसदी स्टॉक शेष रहते ही पुनः रिक्वेस्ट की सुविधा दी जाए। एरर सुधार में तेजी रेक्टिफिकेशन का समय अधिकतम 15 मिनट किया जाए। ई-स्टाम्प बिक्री नियंत्रण ?100 से अधिक का ई-स्टाम्प केवल अधिकृत वेंडर ही बेच सकें। मैन्युअल ट्रेनिंग की व्यवस्थाः प्रत्येक माह एक रविवार को स्टॉक होल्डिंग द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए। हेल्प डेस्क की जवाबदेही तय हो।अधिकारियों को फोन रिसीव कर तुरंत समाधान देना अनिवार्य किया जाए। एसीसी एग्रीमेंट रिन्यूअल एक माह पूर्व पीडीएफ फॉर्मेट में सभी ग्रुप्स में भेजी जाए। ई-स्टाम्प वापसी में वेंडरों से अतिरिक्त रिपोर्ट न मांगी जाए। सर्वर डाउन की समस्या पर डाउन टाइम की पूर्व सूचना दी जाए और नगद लेनदेन की स्पष्ट अनुमति मिले। वेंडरों ने कहा कि बार-बार सर्वर डाउन होने और हेल्प डेस्क के उदासीन रवैये से उनका काम ठप हो जाता है। उन्होंने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की।

इस दौरान मुनेन्द्र सिंह, सुनील कुमार गुप्ता, रत्नेश्वर प्रसाद बरनवाल, अखिलेश चंद्र दूबे, कुश कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, इंद्रपाल सिंह, फूलचंद सोनकर, सत्येंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, संतोष अग्रहरि, अभिषेक कुमार मिश्रा, रणवीर सिंह समेत कई स्टांप वेंडर मौजूद रहे।

# पुलिस ने गोतस्कर को तमंचे व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जफराबाद क्षेत्र के हौज तिराहे से मंगलवार की देर रात पुलिस ने एक गोतस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा, एक कारतूस और 740 रुपये नकद बरामद हुए। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल को मुखबिर से सूचना मिली कि हौज गांव के तिराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। सूचना पर वे चौकी प्रभारी कस्बा राधेश्याम सिंह, उपनिरीक्षक जयवीर, अनिल यादव, प्रवीण राय, दुर्गेश पाण्डेय तथा तेजबहादुर सिंह के साथ मौके पर पहुंचे।

थोड़ी देर में एक व्यक्ति आता दिखाई पड़ा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध तमंचा, कारतूस और नकदी बरामद हुई।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दरोगा कुमार पुत्र गिरिजराम राम, निवासी सदलपुरा दयालपुर, थाना अलीनगर, जनपद चंदौली के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी स्थानीय थाने में पशु तस्करी का मामला दर्ज है।

# जौनपुर हौज पाही पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सांसद प्रिया सरोज से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जफराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ते हादसों और आवागमन की कठिनाइयों से परेशान क्षेत्रवासियों ने हौज पाही के पास अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मड़ैया गांव निवासी समाजसेवी दिनेश चौहान ने किया।

ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि हाईवे बनने के बाद हौज पाही क्षेत्र अत्यंत व्यस्त और खतरनाक जोन में तब्दील हो गया है। सड़क पार करते समय आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में गांव निवासी प्रकाश चौहान के भांजे की स्कॉर्पियो की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

दिनेश चौहान ने बताया कि हौज पाही और हौज पोखरा के किसानों की खेती की जमीन फोरलेन के दोनों ओर बंटी हुई है,

जिसके कारण उन्हें खेत तक पहुंचने के लिए करीब चार किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। इससे न केवल किसानों को असुविधा हो रही है, बल्कि आवागमन के दौरान हादसे की आशंका भी बनी रहती है

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस मार्ग से हौज, कजगांव, बैजाबाद, राजेपुर, महरूपुर सहित कई गांवों के लोग गुजरते हैं। साथ ही सरजू प्रसाद विद्यालय,

एस.एन.बी. इंटर कॉलेज और डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राएं भी इसी रास्ते से स्कूल आते-जाते हैं।

सांसद प्रिया सरोज ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि हौज पाही क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए जल्द ही अंडरपास निर्माण हेतु संबंधित विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई कराई जाएगी।

सांसद से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में पवन सिंह डम्मी, आशीष चौहान, निहाल चौहान, संदीप चौहान सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

# विंध्यधाम क्षेत्र नौ व्हीकल जोन, स्थानीय लोगों को मिलेगा पहचान पत्र पर प्रवेश

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

दिल्ली में लाल किला के पास हुए ब्लास्ट के बाद विंध्यधाम को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि धाम क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। स्थानीय लोगों को पहचान पत्र दिखाने पर ही वाहनों को प्रवेश की अनुमति मिल रही है। धाम परिक्षेत्र के पुरानी वीआईपी चौराहे से गेट नंबर एक, बंगाली तिराहे से न्यू वीआईपी गेट नंबर दो और बरतर तिराहे से सदर बाजार होते हुए गेट नंबर तीन तक के क्षेत्र को पुलिस प्रशासन ने नो व्हीकल जोन बनाया है। इन क्षेत्रों में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। विंध्य कॉरिडोर में पुलिस, एलआईयू व अन्य खुफिया विभाग की टीमें संदिग्धों पर नजर रखी हैं। जिले में अलर्ट जारी होने के बाद मंगलवार की सुबह से ही विंध्य कॉरिडोर में सुरक्षा व्यवस्था दोगुनी कर दी गई है। देर रात में ही विंध्य कॉरिडोर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों ने बैठक की। इसमें निर्णय लिया गया कि धाम की सुरक्षा व्यवस्था दोगुनी की जाए। बैठक के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, आईजी आरपी सिंह, डीएम पवन कुमार गंगवार, एसएसपी सोमेन बर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ रात से ही जिले के प्रमुख स्थानों की चेकिंग करने के साथ ही सुरक्षा बढ़ा दिए हैं। विंध्यधाम की सुरक्षा में पहले 84 पुलिसकर्मी तैनात थे। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के बाद अब पुलिसकर्मियों की संख्या 100 हो गई है। प्रवेश द्वार पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। वाहनों को अंदर जाने से रोका जा रहा है। कॉरिडोर के साथ ही रेलवे स्टेशन विंध्याचल और पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया गया।

## अत्याचार सहेंगे तो बढ़ेगा, अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति के तहत हक की बात जिलाधिकारी के साथ, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि अत्याचार सहेंगे तो बढ़ेगा, अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं। इसमें यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूणहत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि के संबंध में संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझाव, सहायता व कानूनी सहायता आदि विषयों को लेकर पारस्परिक संवाद किया गया। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं की यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न व दहेज हिंसा के संबंध में संरक्षण सुरक्षा तंत्र सुझाव व सहायता के लिए जानकारी प्रदान करना व उन्हें जागरूक करना है। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने छात्राओं व महिलाओं के द्वारा पूछ गए सवालों का जवाब दिया। छात्राओं ने पूछा कि यदि हमारे पास मोबाइल उपलब्ध न हो या मोबाइल में नेटवर्क न हो तो हम अपनी सुरक्षा कैसे करें

# अनुराग सिंह उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**घनश्याम पटेल को महामंत्री पद पर दो मतों से मिली जीत**
**लेखपाल साथियों ने माल्यार्पण कर किया जोरदार स्वागत**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जनपद इकाई के जिला कार्यकारिणी का द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को कलेक्ट्रट प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। जिसमें अनुराग सिंह 329 मत पाकर जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।

जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी संजय कुमार को 302 मत मिला। जिला मंत्री के रूप में कांटे की टक्कर में घनश्याम पटेल निर्वाचित घोषित किए गए। घनश्याम पटेल को 313 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी को 311 मत हासिल हुआ। चुनाव परिणाम घोषित होते ही मौजूद लेखपाल साथियों ने अपने सभी निर्वाचित पदाधिकारी का माल्यार्पण कर नारेबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया। इसके पहले मुख्य चुनाव अधिकारी करुणेश सिंह की अध्यक्षता में हुए चुनाव में जैसे ही अनुराग सिंह को 27 मतों से विजयी घोषित किया गया। उपस्थित लेखपालों साथियों ने नारेबाजी करते हुए माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। यह बताते चलें कि अनुराग सिंह मौजूदा समय सदर तहसील के अध्यक्ष पद पर थे। संगठन मंत्री पूर्वी जोन उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ व चुनाव अधिकारी राम आसरे खंड मंत्री मिर्जापुर मंडल की देखरेख में का कार्य कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सकुशल सम्पन्न हुआ। जिला कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित अन्य पदाधिकारियों केराकत तहसील में तैनात सतीश कुमार जिला उपाध्यक्ष पद पर तथा रिजवान अहमद उपमंत्री पद पर निर्वाचित हुए हैं। जिला कोषाध्यक्ष के रूप में दीपक सिंह( तहसील मछलीशहर), आय व्यय निरीक्षक के रूप में आमीन खान ( तहसील केराकत) निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। रमेश बिन्द (तहसील शाहगंज) कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर निर्वाचित हुए। नई कार्यकारिणी के गठन में लालचंद श्रीवास्तव खंड मंत्री वाराणसी मंडल, पूर्व जिला मंत्री जयशंकर यादव समेत समस्त तहसीलों के अध्यक्ष/मंत्री के साथ जिला जौनपुर की समस्त तहसीलों के लेखपालों ने प्रतिभाग किया

जौनपुर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह के नेतृत्व में बुधवार को सभी पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम डॉ दिनेश कुमार सिंह से उनके चेंबर में मिला। इस दौरान उन्हें अपनी नई कार्यकारिणी के गठन के बारे में सूचना दी और उनसे हर संभव सहयोग का भरोसा लिया। जिलाधिकारी के साथ वहां मौजूद अपर जिलाधिकारी व सिटी मजिस्ट्रेट ने भी नई कार्यकारिणी को बधाई देते हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के साथ तहसील सदर से लेखपाल नीलांशु यादव, विक्रांत चौहान,जगदीश यादव, सदन पाल अन्य उपस्थित रहे

# नवजात शिशु की मौत, एएनएम पर लगा लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



हैदरगढ़। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मृत्यु होने पर परिजनो ने महिला नर्स पर प्रसव में लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए, जमकर हंगामा काटा। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाबुझा कर शांत कराया। पीड़ित परिजनो ने अस्पताल में तैनात महिला नर्स की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कर कार्यवाही की मांग है। क्षेत्र के बेहटा टीकाराम धाम निवासी मंशाराम साहू अपनी पत्नी सुधा साहू जो गर्भ से थी। प्रसव पीड़ा शुरू होने पर मंगलवार को आशा बहु को साथ लेकर पीड़ित मंशाराम अपनी पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि स्टाफ नर्स गीता यादव का व्यवहार तीमारदारों के प्रति ठीक नही रहा, इसलिए परिजन अपने मरीज को रेफर करने को कहने लगी लेकिन महिला नर्स ने उन्हे कही नही जाने दिया। महिला नर्स ने पहले मेडिकल स्टोर से दवाएं और अन्य जरूरी सामान मंगवाए फिर प्रसव कराने लगी। परिजनो ने बताया कि इसी दरमियान नवजात शिशु की मौत हो गई। नवजात शिशु की मौत होने की जानकारी जैसे ही तीमारदारो को हुई तो लोग महिला नर्स पर भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। अस्तपताल में तीमारदारो का हंगामा होने की जानकारी चैकी प्रभारी कपिलदेव यादव को हुई तो वह भी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और उग्र लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। परिजनों का कहना था कि हमें पहले ही एहसास हो गया था हमारे मरीज के साथ ऐसा ही होगा, क्योंकि अस्पताल में तैनात नर्स का व्यवहार मरीज के प्रति ठीक नही रहा। प्रसूता के पति ने महिला नर्स के खिलाफ कोतवाली पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया है।

### मेडिकल स्टोर से मंगाई दवाएं

पीड़ित मंशा राम ने बताया कि अस्ताल में छोटी-छोटी दवाएं और प्रसव कराने में उपयोग होने वाली समाग्री भी अस्पताल में उपलब्ध नही है, इसे भी तीमारदारों को मेडिकल स्टोर से परचेज करना पड़ता है, सिर्फ सरकारी अस्पताल कहने को है बाकी व्यवस्थाएं प्राइवेट ही समझे। पीड़ित ने बताया कि नर्स के आदेश पर हमे भी दस्ताना सहित दो प्रकार का तेल और दवाएं बाहर से मंगवानी पड़ी। इसके बावजूद मेरे बच्चे को बचा नही सकी यदि लापरवाही से प्रसव न करवाती तो शायद मेरा बच्चा बच सकता था।

### नर्स के खिलाफ होगी कार्यवाही

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी जय शंकर पाण्डेय ने बताया कि महिला नर्स द्वारा प्रसव में लापरवाही किया है, मामला संज्ञान में है महिला नर्स पर कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है, कार्यवाही निश्चित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल का स्टाप किसी भी मरीज अथवा तीमारदारो के साथ व्यवहार अच्छा नही रहा तो उसके ऊपर भी कार्यवाही निश्चित रूप से की जाएगी।

## राष्ट्रीय जंबूरी के आयोजन में चयनित हुए राजेन्द्र, खुषी की लहर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बेसिक शिक्षा परिषद में जिला स्काउट मास्टर पद पर कार्यरत राजेंद्र त्रिपाठी को राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा ग्रैंड फिनाले डायमंड जुबली 19 वीं राष्ट्रीय जंबूरी में राष्ट्रीय स्टाफ में चयन किया गया है। इनके चयनित होने पर जनपद गौरवित महसूस कर रहा है। बताते चले कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन करने का सौभाग्य 64 वर्षों बाद प्राप्त हो रहा है। इस डायमंड जुबली राष्ट्रीय जंबूरी का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगामी 23 नवंबर को किया जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश सहित देश के समस्त राज्यों की टीमें शामिल होंगी। इस संपूर्ण आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय स्टाफ के पद पर जनपद के कर्मठ जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी का नाम शामिल है। विशेष उल्लेखनीय है कि राजेंद्र त्रिपाठी इस जंबूरी में न सिर्फ बाराबंकी बल्कि अयोध्या मंडल से चयनित होने वाले एकमात्र स्काउट मास्टर हैं। श्री त्रिपाठी के राष्ट्रीय स्टाफ में शामिल होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय द्वारा विष्व स्काउटिंग के एसएचएफ 1 सेफ हार्म एसेशियल लर्निंग प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



हैदरगढ़। विकास खण्ड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुबेहा परिसर में बुधवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कबड्डी, दौड़, लंबी कूद और खो-खो जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। यह प्रतियोगिता खेलकूद प्रभारी बृजेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा खेल अनुदेशक मोहम्मद इसराइल, अवधेश पाठक और मलिका यादव की देखरेख में संपन्न हुई। प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में सुबेहा फर्स्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में अमन प्रथम, सौरभ द्वितीय और विकास तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की प्राथमिक स्तर की दौड़ प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम, आफरीन ने द्वितीय और नित्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। लंबी कूद में सुश्री प्रथम और हिमांशी द्वितीय रहीं। उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक और बालिका दोनों वर्गों की कबड्डी प्रतियोगिता में शरीफाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की उच्च प्राथमिक स्तर की दौड़ प्रतियोगिता में शिवाकांत प्रथम, अमरेश कुमार द्वितीय और आकाश गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की उच्च प्राथमिक स्तर की दौड़ प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम, अंशिका द्वितीय और राजरानी तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में अंशिका ने प्रथम और रुचि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की उच्च प्राथमिक स्तर की लंबी कूद में अमरेश प्रथम और आकाश द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर आनंद मिश्रा नोडल न्याय पंचायत सुबेहा, अभय प्रताप सिंह, विपिन सिंह, रामसागर, अमरेंद्र शर्मा, बृजेंद्र मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, सरवर, आदित्य बंसल, धर्मेंद्र वर्मा, हरिनाम, रश्मि और अमर पाल सहित कई शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में, न्याय पंचायत सराय गोपी के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय जारमऊ के परिसर में भी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें टिकरहुवा, बलीपुर, शुकुलपुर, मगौवा, चिरैया, जलालपुर और सराय गोपी जैसे विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद और ऊंची कूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया।इस मौके पर पर्यवेक्षक राजेंद्र किशोर पांडे, खेल अनुदेशक सावना मिश्रा और दिलीप कुमार, नोडल जितेंद्र वर्मा, राधेश्याम और विनोद सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# तालग्राम में हुई सरदार पटेल की याद में यूनिटी मार्च

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




पूर्व सांसद सुब्रत पाठक व छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय के नेतृत्व में और मेरा युवा भारत कन्नौज, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में व जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से तालग्राम में लौहपुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती समारोह अंतर्गत सरदारञ्च150 एक भारत आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन विधान सभा स्तर पर किया गया जिसके तहत छिबरामऊ विधानसभा में भव्य पदयात्रा यूनिटी मार्च निकाली गयी। कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ सलेमपुर पुलिस चौकी से मुख्य अतिथि छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत , जिला युवा अधिकारी माय भारत सागर महेश्वरी मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात सरदार पटेल एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्जन कर नमन भी किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल थें और यह पदयात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि आज़ादी के समय 1947 में खण्ड-खण्ड भारत हमे मिला था, उसे अखण्ड बनाने का चुनोतीपूर्ण काम लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने ही किया था। जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी ने मेरा युवा भारत कन्नौज की ओर से विधायक ,पूर्व सांसद, जिलाध्यक्ष व अन्य अतिथियों को यूनिटी मार्च का सम्मान चिन्ह भेंट करते हुए पदयात्रा कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक रूपरेखा पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि पटेल जी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लोगो को संगठित एंव एकजुट करने का काम किया था। पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रियासतों का एकीकरण करना था। उन्होने 500 से अधिक रियासतों को भारतीय खण्ड में एकीकृत किया, जिस कारण उन्हे भारत का लौह पुरूष कहा जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को आत्मनिर्भर भारत, नशा मुक्त भारत व राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी गयी और स्वदेशी मेले अंतर्गत स्टाल प्रदर्शनी, कारण उन्हे भारत का लौह पुरूष कहा जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को आत्मनिर्भर भारत, नशा मुक्त भारत व राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलायी गयी और स्वदेशी मेले अंतर्गत स्टाल प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक व एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण भी किया गया। एकता दीवार पर सभी अतिथियों एवं युवाओं ने हस्ताक्षर कर कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्य अतिथि विधायक छिबरामऊ ने अपने सम्बोधन मे सरदार वल्लभभाई पटेल को शत-शत नमन कर उपस्थित आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आज हम लोग उनको इसलिए याद कर रहे हैं क्योकि यदि वह नहीं होते तो हमारा देश, एक देश न होता। अंग्रेजों ने जिस प्रकार हमारे देश भारत को छिन्न भिन्न करके हमें दिया था। आज सरदार पटेल की ही देन है कि उन्होंने अपनी कूटनीति, राजनीति के बल पर एक सूत्र में पिरओकर भारत को एक बनाया। पदयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर विधायक ने रवाना किया। पदयात्रा सलेमपुर से शुरू होकर सुशीला देवी इंटर कॉलेज में विशाल जनसभा के साथ समाप्त हुई। पदयात्रा में एन.एस.एस., एन0सी0सी0, भारत स्काउड गाइड, माय भारत के स्वयं सेवक, खेल विभाग, युवा कल्याण विभाग, विभिन्न शैक्षिक संस्थान के युवाओं के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम सहयोग में विद्यालय प्रधानाचार्य विजय कन्नौजिया, भाजपा उपाध्यक्ष गौरव जी, भाजपा महामंत्री रामवीर कठेरिया, चक्रेश पांडे, राजेंद्र कुमार, आदर्श, सुमित कुमार आदि अतिथियों की उपस्थिति एवं सहभागिता प्राप्त हुई।

## सभी जिला स्तरीय अफसरों, सीडीपीओ को दिया गया एस.आई.आर.का प्रशिक्षण




जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी (सी0डी0पी0ओ0) व सुपरवाइजरों (मुख्य सेविका) को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर नियुक्त मास्टर ट्रेनर आकाश कटियार एवं स्नेहलता द्विवेदी द्वारा विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में बताया कि बी0एल0ओ0 द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्र में निर्वाचक का नाम, ईपिक, पता, क्रम संख्या, भाग संख्या और नाम, एसी/पीसी का नाम, राज्य व क्यू आर कोड वर्ष-2025 की निर्वाचक नामावली के अनुसार पूर्व मुद्रित होगे तथा मतदाता को हाल की रंगीन फोटो चस्पा करेगें तथा मतदाता अपने विवरण में सभी प्रविष्टियों को अंकित करेगे। प्रशिक्षण प्राप्त जिला स्तरीय अधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर अपने अधीनस्थ नियुक्त बी0एल0ओ0 के कार्यों की मानिटरिंग करते हुए उनकी सहायता करेगें तथा बी0एल0ओ0 एप में पेंडिंग बुक ए कॉल विद बी0एल0ओ0 की पेडेन्सी को निस्तारित भी करायेगें।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13सीसी के अन्तर्गत समस्त बी0एल0ओ0 भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिनियुक्ति पर समझे जाएगें। बी0एल0ओ0 सांसद/ विधायक/ जन प्रतिनिधि/ प्रधान/ मीडिया पर्सन/ प्रमुख व्यक्ति इत्यादि के गणना प्रपत्रों को शत्-प्रतिशत वितरित करें।

प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी श्री रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर/नोडल (प्रशिक्षण) नवनीता राय आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विहिप की बैठक सम्पन्न, कार्यक्रमों की बनी रुपरेखा



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

विष्व हिंदू परिषद की जिला बैठक कैलाश आश्रम में संपन्न हुई। विष्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। संगठन मंत्री ने जिला कार्यकारिणी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड मंत्री, बजरंग दल प्रखंड संयोजक व आयाम के प्रमुखों ने चर्चात्मक संवाद कर संपन्न हुए कार्यक्रमों के समीक्षा एवं आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने रन फॉर यूनिटी, संस्कार परीक्षा, धर्म रक्षा निधि, जनजाति दिवस, गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस, गीता जयंती, शौर्य दिवस,युवा संत सम्मेलन आदि पर चर्चा की। बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के कार्य के साथ ही अन्य सभी आयामों के कार्य जिले में और विस्तार लें। सेवा, सामाजिक समरसता, स्वालंबन, गौरक्षा, धर्म प्रसार के स्थाई कार्य का विस्तार होगा। बैठक जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य के अध्यक्षता एवं जिला मंत्री राहुल कुमार के संचालन में संपन्न हुई। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका नेहा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## एकता का संदेष देती है राष्ट्रीय एकता पदयात्रा : सतीश शर्मा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



सिरौलीगौसपुर। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा के नेतृत्व में सैदखानपुर से हमीदनगर होते हुए कई गांवों में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा निकाली गई। रैली का समापन महमूदाबाद हनुमान मंदिर पर हुआ। यह यात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित की गई। जिसमें हजारों लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिस्सा लिया। बुधवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के सैदखानपुर से महमूदाबाद तक 8 किलोमीटर लंबी यह पदयात्रा निकाली गई। इसमें पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, जिलापंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, टिकैतनगर चेयरमैन जगदीश गुप्ता, संतोष सिंह, सहित भाजपा के जिला स्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।इस दौरान राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा ने बताया कि यह पदयात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली गई है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक बनाने के लिए संघर्ष किया और देश को एकजुट किया।

इसी उपलक्ष्य में हम लोग एकता का संदेश देने के लिए यह पदयात्रा निकाल रहे हैं, ठीक वैसे ही जैसे पटेल जी ने राज्यों का भ्रमण कर भारत को एक किया था। राज्य मंत्री सतीश शर्मा का हमीदनगर, अकबरपुर, महमूदाबाद सहित कई स्थानों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ रामसनेहीघाट सीओ सदर ,सफदरगंज, दरियाबाद,थाना के पुलिसकर्मी तैनात रहे।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, खंड विकास अधिकारी दरियाबाद मोनिका पाठक, संजीव कुमार गुप्ता, सीडीपीओ अर्चना वर्मा सहित ब्लॉक और तहसील के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

इस मौके पर अध्यक्ष पवन वर्मा मुलायम सिंह यादव सहित, पुष्पेन्द्र शुक्ला, अनिल वर्मा, विकेश वर्मा, मोहम्मद अहमद लवलेश पंडित, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कृषि अधिकारी ने बताए किसानों को रबी बुआई के वैज्ञानिक तरीके

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता ने किसानों से अपील की है कि रबी फसलों की बुवाई में वैज्ञानिक पद्धति को अपनाएं, जिससे फसलों में उर्वरकों का प्रयोग संतुलित मात्रा में हो सके और कम लागत पर अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और दीर्घकालिक रूप से कृषि आय में वृद्धि होती है। जिला कृषि अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र अनोगी के डॉ. अमर सिंह ने बताया कि यदि किसी कारणवश मिट्टी परीक्षण संभव न हो, तो किसान भाई संतुलित खाद एवं उर्वरक का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि आलू की अगेती फसल हेतु प्रति हेक्टेयर 150 किलोग्राम नाइट्रोजन, 80 किलोग्राम फास्फोरस, 80 किलोग्राम पोटाश, 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट, 25 किलोग्राम सल्फर, 15 किलोग्राम बोरेक्स, 35 से 40 किलोग्राम फेरस सल्फेट तथा 10 से 12 किलोग्राम रीजेंट का प्रयोग किया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि यदि डी.ए.पी. खाद उपलब्ध न हो, तो प्रति बीघा 48 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट, 14 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा 7 से 8 किलोग्राम यूरिया का प्रयोग बुवाई के समय किया जाए।

वहीं, यदि एन.पी.के. 12¬32¬16 खाद उपलब्ध हो, तो प्रति बीघा 25 किलोग्राम एन.पी.के., 5 किलोग्राम यूरिया तथा 6.5 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश का प्रयोग बुवाई के समय करने की सलाह दी जाती है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में जनपद में यूरिया 331924 बोरी, हक्क्य 175547 बोरी, सिंगल सुपर फॉस्फेट 99905 बोरी, डीएपी 169914 बोरी एवं पोटाश की 32544 बोरी उपलब्ध है।

किसान भाई अनावश्यक भंडारण न करें और खतौनी के आधार पर उर्वरक क्रय कर सकते है।

# साठ हजार का खाद्य तेल सीज़, भरे गए नमूने

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जनपद में आमजन को शुद्ध, ताजे तथा गुणवत्तापरक खाद्य तथा पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने एवं मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु प्राप्त अभिसूचना के आधार पर उमेश प्रताप सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 के दिशा निर्देशन में, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री संतोष श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार साहू एवं सर्वेश द्वारा पूर्वी क्रॉसिंग, गुरसहायगंज में मो0 जलिस पुत्र मो0 अनीस निवासी गुरसहायगंज की दुकान से सरसों तेल के दो नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। मौके पर शेष लगभग 350 किलोग्राम सरसों का तेल (कुल मूल्य 60000 रुपए) सीज कर विक्रेता की अभिरक्षा में दे दिया।

आज संग्रहित 02 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत तद्नुसार अग्रिम कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव द्वारा इस अभियान के दौरान खाद्य कारोबार कर्ताओं सहित आम जन को रंगीन, मिलावटी तथा दूषित खाद्य पदार्थ एवं मिलावट के हानिकारक प्रभाव तथा उनके स्थानीय परीक्षण की विधियों की जानकारी देते हुए खाद्य पदार्थों के उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि जनपद में आमजन को गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से मुख्यालय से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के अनुसार अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।

## षिक्षकों ने एबीएसए को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

हैदरगढ़। प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक हैदरगढ़ अध्यक्ष अभय प्रताप ने खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी को एक ज्ञापन सौंपा।

इसमें शिक्षकों के ऑनलाइन चयन वेतनमान पत्रावली को शीघ्र अग्रसारित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा जारी आदेश का भी उल्लेख किया गया। इसके तहत, आगामी 31 दिसम्बर तक उन सभी शिक्षकों की ई-सर्विस बुक में संशोधन अनिवार्य रूप से कराया जाना है, जिनमें कोई सुधार कार्य लंबित है।

ब्लॉक अध्यक्ष अभय प्रताप ने बताया कि शिक्षकों को 10 वर्ष की सेवा पूरी करने पर चयन वेतनमान दिया जाता है।

वर्तमान में यह प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन और पारदर्शी हो गई है। उन्होंने मांग की कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभी पात्र शिक्षकों की चयन वेतनमान पत्रावली को जल्द से जल्द अग्रसारित करे, ताकि शिक्षकों को समय पर इसका लाभ मिल सके। अभय प्रताप ने यह भी कहा कि मौजूदा व्यवस्था में ब्लॉक स्तर की करेक्शन आईडी से शिक्षकों की ई-सर्विस बुक में संशोधन का कार्य करने का आदेश जारी किया गया है। इसलिए, महानिदेशक के आदेश के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हैदरगढ़ में सामूहिक रूप से शिक्षकों की सर्विस बुक संशोधन का कार्य संपन्न कराया जाए।

## सहारनपुर मंडल बना बालक एवं बालिका वर्ग में चैम्पियन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम, बाराबंकी में आयोजित 69वीं विद्यालयी प्रादेशिक कुराश प्रतियोगिता का समापन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथियों का स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी द्वारा पुष्पगुच्छ, पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक चरण में कम्पोजिट विद्यालय संदौली की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा पी.एम. श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ भी हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। सभी अतिथियों, अधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर कार्यक्रम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम का संचालन उत्कृष्ट समन्वय एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ,

जिसमें सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना एवं टीम स्पिरिट का शानदार परिचय दिया।

प्रतियोगिता के परिणामों में सहारनपुर मंडल ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता मंडल का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में वाराणसी मंडल तथा बालिका वर्ग में मेरठ मंडल को उपविजेता घोषित किया गया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को विशिष्ट अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल अयोध्या योगेंद्र कुमार सिंह द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डी.पी. तिवारी, अशोक त्रिपाठी, संतोष कुमार मौर्य, अर्चना पांडेय, अनंत कुमार अस्थाना, मनोज चैधरी, शशि सिंह, विपिन कुमार, दिवाकर गांधी, अभिषेक सिंह, कामरान मलिक, उमेश पंकज, भूपेंद्र सिंह, अनिल साहू, कामेष्वर, सुनील, राजकुमार वर्मा, रेफरी मंजू नयाल, पर्व, अजीत सहित अनेक व्यायाम शिक्षक एवं प्रशिक्षकगण एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षाएं उपस्थित रहे।

# अब सीडीओ ने दिए दो दिन में गोबंश को ठंड से बचाव के इंतज़ाम के निर्देश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी की उपस्थिति में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों / पशुचिकित्साधिकारियों के साथ वीडियो कान्फेन्सिंग के माध्यम से जनपद में संचालित समस्त अस्थायी/ स्थायी, कांजी हाउस, कान्हा उपवन में सरंक्षित गोवंशों को ठण्ड से बचाव की प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा में पाया गया कि 159 गो आश्रय स्थलों में से 25 गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को ठण्ड से बचाव के समुचित उपाय कर लिये गये हैं।

समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि दो दिवस के अन्दर पूर्व मे दिये गये निर्देशानुसार समस्त गोवंश आश्रय स्थलों में समुचित उपाय कर लिये जाये। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये कि समस्त गोवंश आश्रय स्थलों में कैमरा स्थापित करा लिये जायें तथा कार्यदायी संस्था से स्थापित कैमरों को इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर कन्नौज में लागिन कराये। जिससे स्थापित कैमरों से गोवंश आश्रय स्थलों की जिले स्तर से निगरानी की जा सके।

# एआई में प्रतिभा की कमी

## हम सैनिकों को बनाएंगे विशेषज्ञ : सेना प्रमुख

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली डिफेंस डायलॉग में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज भारतीय सेना की भविष्य की दिशा, तकनीकी बदलावों और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तकनीक और भूगोल का मेल यानी टेक्नोलॉजी और जमीन दोनों का संतुलन बेहद जरूरी है।



### जमीन ही जीत की रहेगी असली मुद्रा

जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जमीन ही विजय की मुद्रा बनी रहेगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, जब ट्रंप और पुतिन की मुलाकात अलास्का में हुई थी, तब भी चर्चा जमीन पर ही हुई थी। तकनीक हमें जमीन पर ही लाभ देनी चाहिए, चाहे वह विनाश हो, कब्जा हो या बेदखली। उन्होंने आगे कहा, हम जिस स्थिति की कल्पना कर रहे हैं, उसमें स्मार्ट बूट्स ऑन ग्राउंड और बॉट्स दोनों साथ होंगे। यानी सैनिक और मशीनें मिलकर काम करेंगी, माइंड इन द क्लाउड, आइज इन द स्काई। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि युद्ध के दौरान कभी-कभी तकनीक विफल भी हो सकती है, इसलिए सैनिकों को बिना तकनीक के भी लड़ने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने इसे क्लाउड-सेंट्रिक और नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर का मिश्रण बताया।

### इंडस्ट्री 5.0- इंसान को केंद्र में रखती तकनीक

सेना प्रमुख ने आगे कहा कि अब दुनिया इंडस्ट्री 4.0 से आगे बढ़कर इंडस्ट्री 5.0 की ओर जा रही है। उन्होंने समझाया, इंडस्ट्री 4.0 में एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसी चीजों पर बात होती थी। लेकिन 5.0 ने यह महसूस किया कि तकनीक को इंसान की जगह नहीं लेनी चाहिए, बल्कि उसकी मदद करनी चाहिए। यही भारतीय सेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम मानव-केंद्रित तकनीकी अपनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। हमें ह्यूमन एम्प्लीफाइड बाय एआई की दिशा में सोचना होगा। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता, संवेदनशीलता और समस्या समाधान जैसी मानवीय क्षमताएं हमेशा नियंत्रण में रहनी चाहिए। इस दौरान जनरल द्विवेदी ने नई तकनीक की बात करते हुए कहा कि अब दुनिया टेक्नोलॉजी जेनरेशन-7की ओर बढ़ रही है, जिसमें मोबाइल, कंप्यूटर, गेम कनसोल और 7-नैनोमीटर माइक्रोचिप शामिल हैं। उन्होंने कहा, इन सभी तकनीकों को हमें एक साथ जोड़कर देखना होगा, ताकि भारतीय सेना को इनसे अधिकतम लाभ मिल सके।

#### पुराने सिस्टम रहेंगे, लेकिन उन्हें सुधारना होगा

सेना प्रमुख ने कहा कि पुराने यानी लेगेसी सिस्टम्स अभी खत्म नहीं होंगे। कम से कम अगले पांच-सात साल तक ये बने रहेंगे, इसलिए हमें इन्हें सुधारकर सक्षम बनाना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटल और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर में अभी भी कमी है।नेटवर्क स्पेक्ट्रम पूरी तरह परिपक्व नहीं हुआ है। सैटेलाइट प्रोजेक्ट्स भी सभी तीनों सेनाओं में समय ले रहे हैं।

#### 'एआई में टैलेंट की कमी, सेना को खुद तैयार होना होगा'

उन्होंने कहा कि 2027 तक एआई से जुड़ी लगभग 23 लाख नौकरियां होंगी, लेकिन कुशल जनशक्ति सिर्फ आधी यानी 12 लाख के करीब होगी। अगर ऐसा हुआ, तो सेना को एआई सेवाएं आउटसोर्स करनी पड़ेंगी और यह महंगा सौदा होगा। इसलिए हमें आज से ही तैयारी करनी होगी, स्कूलों में एआई विशेषज्ञता लानी होगी और सेना में भी एआई विशेषज्ञ तैयार करने होंगे।

#### 'रक्षा खरीद प्रक्रिया में किया गया बड़ा सुधार'

जनरल द्विवेदी ने कहा कि रक्षा खरीद प्रणाली में हाल ही में बड़ा सुधार किया गया है। नई डिफेंस एक्विजिशन प्रोसीजर तेजी से आगे बढ़ रही है और दिसंबर तक इसे अंतिम रूप देकर अगले वित्त वर्ष से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयात पर निर्भरता फिलहाल बनी रहेगी क्योंकि कुछ अहम तकनीकें अभी देश में विकसित नहीं हुई हैं। आने वाले चार से पांच साल तक कुछ महत्वपूर्ण घटक बाहर से ही आयात करने होंगे। साथ ही उन्होंने साइबर और डेटा कमजोरियां को बड़ी चुनौती बताया। यह हमें सहयोगी कामकाज में बाधा डालती है और हमें अलग-अलग खेमों में काम करने पर मजबूर करती है। लेकिन हम इसे सुधारने की दिशा में काम कर रहे हैं।

# गाजियाबाद में बढ़ते प्रदूषण पर सख्ती ग्रेप 3 लागू



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक पहुँचने पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड़ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर के सभागार में संबंधित विभागों की आपात बैठक बुलाई। बैठक में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तीसरे चरण की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत जनपद में निर्माण कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है । प्रदूषण नियंत्रण के लिए शहर में किसी भी प्रकार के भवन निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है, इसलिए यह प्रतिबंध अनिवार्य है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदूषणकारी वाहनों पर कड़ी नज़र

जिन वाहनों का पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल प्रमाणपत्र समाप्त हो चुका है या जो अत्यधिक प्रदूषण फैला रहे हैं, उन पर तत्काल चालान और जुर्माने की कार्रवाई के आदेश दिए गए। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से सड़कों पर सघन जाँच अभियान चलाने को कहा गया है। स्कूलों को विशेष निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने सभी स्कूलों को प्रदूषण से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। इनमें आउटडोर गतिविधियों पर रोक, मास्क अनिवार्य करना और प्रदूषण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। गंभीर स्थिति में ऑनलाइन कक्षाओं पर विचार करने की सलाह भी दी गई।

#### जिलाधिकारी ने मास्क लगाने की अपील की

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मादंड़ ने आम जनता से घर से बाहर निकलते समय मास्क अवश्य लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से स्वास्थ्य को खतरा है। हर नागरिक अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग करे। यह सामूहिक जिम्मेदारी का समय है।

बैठक में नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यातायात पुलिस, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सभी को अपने-अपने क्षेत्र में ग्रेप-3 दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रदूषण मॉनिटरिंग के लिए विशेष टीमों का गठन भी किया गया है। गाजियाबाद में प्रदूषण का स्तर लगातार खराब श्रेणी में बना हुआ है, जिसके चलते ये कदम आवश्यक हो गए हैं। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जा रही है।

# भारत के प्रति यूनुस की दुश्मनी आत्मघाती : शेख हसीना



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि उनके बांग्लादेश लौटने की पहली शर्त सहभागी लोकतंत्र की बहाली है। पूर्व पीएम ने ये भी कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की भारत के प्रति दुश्मनी बेवकूफी और आत्मघाती है। उन्होंने कहा कि भारत-बांग्लादेश के संबंध बहुत गहरे हैं और ये यूनुस के बेवकूफी भरे अंतराल के बावजूद मजबूत रह सकते हैं।

### भारत से संबंध बिगाड़ना यूनुस की बेवकूफी

भारत में एक अज्ञात स्थान से न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि भारत हमेशा से बांग्लादेश का सबसे अहम अंतरराष्ट्रीय साझेदार रहा है। उन्होंने मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पर आरोप लगाया कि भारत से संबंध बिगाड़ना मोहम्मद यूनुस की बेवकूफी है और यह कूटनीतिक तौर पर आत्मघाती कदम है। शेख हसीना ने कहा कि यूनुस की भारत के प्रति दुश्मनी बेवकूफी भरी और आत्मघाती है। इससे पता चलता है कि वह कितने कमजोर, गैर निर्वाचित, अराजक राजा हैं, जो कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर हैं। शेख हसीना ने कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि वे मंच छोड़ने से पहले बहुत ज्यादा कूटनीतिक गलतियां नहीं करेंगे। भारत और बांग्लादेश के संबंधों में आए तनाव को लेकर शेख हसीना ने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार देशवासियों और खासकर बांग्लादेश की महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। भारत हमेशा से हमारे देश का सबसे अहम दोस्त रहा है और आगे भी रहेगा।

### शेख हसीना ने बांग्लादेश लौटने की शर्त रखी

शेख हसीना ने भारत में शरण देने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि वे भारत और इसके लोगों की मेहमाननवाजी की शुक्रगुजार हैं, साथ ही उन्होंने अपने बांग्लादेश लौटने की शर्त भी बताई। उन्होंने कहा मेरे बांग्लादेश लौटने की सबसे जरूरी शर्त वही है।

#### शेख हसीना के सत्ता से जाने के बाद कट्टरपंथियों का गढ़ बन रहा बांग्लादेश

शेख हसीना, बांग्लादेश की सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाली नेता हैं। बीते साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में हिंसक छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था और वे भारत आ गईं थी। इसके बाद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता संभाल रही है, लेकिन अंतरिम सरकार में भारत और बांग्लादेश के संबंधों में तनाव चल रहा है। मोहम्मद यूनुस कई बार भारत विरोधी बयानबाजी कर चुके हैं। साथ ही मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश के कट्टरपंथियों का समर्थन कर रहे हैं और पाकिस्तान के साथ भी अपने संबंधों को मजबूत कर रहे हैं।

# हिमाचल प्रदेश सरकार मनाएगी तीन साल का जश्न, मंडी में आयोजित होगा राज्य स्तरीय समारोह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश सरकार अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर को मंडी जिले में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम स्थल के चयन के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी साझा की। उन्होंने सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्तमान राज्य सरकार द्वारा 'व्यवस्था परिवर्तन' पहल के माध्यम से हासिल सकारात्मक परिवर्तन को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

# एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रंप

## कहा, अमेरिका को चाहिए टैलेंट, सिर्फ बेरोजगारों पर निर्भर नहीं रह सकते

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अब तक के सख्त रुख से पीछे हटते हुए कहा है कि देश को विदेशी कुशल लोगों की जरूरत है। उन्होंने माना कि अमेरिका केवल लंबे समय से बेरोजगार बैठे लोगों पर निर्भर रहकर अपनी इंडस्ट्री और टेक्नोलॉजी को आगे नहीं बढ़ा सकता। एक समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए, लेकिन हमें यह टैलेंट भी लाना होगा। अमेरिका को दुनिया में आगे बनाए रखने के लिए ये जरूरी है।




### नई वीजा नीति में बड़ा बदलाव

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने सितंबर महीने में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद एच-1बी वीजा आवेदन की फीस में बड़ा इजाफा किया गया। अब नए वीजा के लिए 1,500 डॉलर की जगह 1 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 83 लाख रुपये) फीस देनी होगी। यह नियम 21 सितंबर के बाद दाखिल किए गए सभी नए आवेदन या 2026 की वीजा लॉटरी में शामिल होने वालों पर लागू होगा। हालांकि, जो लोग पहले से वीजा पर हैं या जिनके आवेदन पहले दिए गए हैं, वे इस नए नियम से प्रभावित नहीं होंगे।

### हर बेरोजगार को नहीं सिखाया जा सकता मिसाइल बनाना

जब इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अमेरिका में पहले से काफी प्रतिभाशाली लोग हैं, तो ट्रंप ने कहा, नहीं, ऐसा नहीं है। कुछ खास स्किल्स ऐसी हैं जो हमारे पास नहीं हैं। आप बेरोजगारों को सीधा नहीं कह सकते कि चलो, अब मिसाइल बनाना सीखो। उन्हें ट्रेनिंग और अनुभव चाहिए।

### जॉर्जिया का उदाहरण दिया

राष्ट्रपति ट्रंप ने जॉर्जिया राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां एक ह्युंडई बैटरी फैक्ट्री में जब दक्षिण कोरिया से आए कुशल मजदूरों को वापस भेजा गया, तो उत्पादन में भारी दिक्कतें आईं। उन्होंने कहा, बैटरियां बनाना बहुत जटिल और खतरनाक काम है।

#### ट्रंप रुख में बदलाव के संकेत

अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उनके पुराने रुख से बिल्कुल अलग माना जा रहा है। पहले ट्रंप विदेशी कामगारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते रहे हैं और कहते थे कि इससे अमेरिकी नौकरियां छिनती हैं। लेकिन अब उन्होंने खुद कहा है कि देश में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने में कई साल लगेंगे। तब तक हमें विशेषज्ञों को लाना ही होगा।

# आतंक शहरों को हिला सकता है, हमारी आत्मा को नहीं : नेतन्याहू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तेल अवीव दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के बाद कई देशों ने भारत के प्रति शोक व्यक्त किया। इसी बीच इस्राइल ने भी भारत के प्रति गहरी संवेदना जताई है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता के नाम संदेश लिखा। इसमें उन्होंने लिखा कि कि आतंकवाद हमारी आत्मा को कभी नहीं हिला सकता। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में इस्राइल भारत के साथ खड़ा है। नेतन्याहू ने अपने बयान में कहा, ÷हमारे प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी और भारत के बहादुर लोगों के लिए, मैं और पूरा इस्राइल, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आतंक हमारे शहरों पर हमला कर सकता है, लेकिन यह हमारी आत्माओं को कभी नहीं तोड़ सकता।÷ उन्होंने आगे कहा कि भारत और इस्राइल ही दो ऐसे देश हैं, जिनकी प्राचीन सभ्यताएं आज भी अपने मूल्यों पर टिकी हैं और आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं।

### इस्राइली विदेश मंत्री ने भी जताई संवेदना

इस्राइली विदेश मंत्री गिडोन सार ने भी भारत के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि हम भारत और पीड़ित परिवारों के साथ हैं।सोमवार शाम करीब 7 बजे लाल किले के पास सुबहाश मार्ग पर एक कार में हुए धमाके ने इलाके में अफरा-तफरी



मचा दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। घटना के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

### दिल्ली धामके की जांच में क्या?

दिल्ली धमाके के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस घटना की जांच अपने हाथ में ले ली है। सूत्रों के अनुसार, जांच में पाया गया है कि यह हमला जैश-ए-मोहम्मद के एक मॉड्यूल से जुड़ा हो सकता है। एनआईए ने वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में एक विशेष टीम बनाई है जो पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच करेगी। गृह मंत्रालय ने भी इस धमाके में आतंकी साजिश की आशंका जताई है।

### धमाके की जांच के अहम बिंदु

एनआईए ने यह भी स्पष्ट किया है कि जांच में यह देखा जाएगा कि धमाका योजनाबद्ध था या दुर्घटनावश हुआ। इस बीच, केंद्रीय और राज्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच भी समन्वय बढ़ाया गया है ताकि किसी बड़े नेटवर्क या विदेशी कड़ी का पता लगाया जा सके। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद एनआईए ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लाल किले के पास धमाके में घायल हुए लोगों से मिले प्रधानमंत्री मोदी, कहा, दोषियों को नहीं बख्शेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल का दौरा कर लाल किले के पास हुए विस्फोट के पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस साजिश के पीछे के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कटघरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी भूटान से लौटने के बाद सीधे अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान, अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था



चाक-चौबंद थी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री को अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थिति की जानकारी भी दी गई। यह विस्फोट सोमवार को लाल किले के ट्रैफिक सिग्नल के पास एक धीमी गति से चल रहे वाहन में हुआ था, जिसमें 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इससे पहले, सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की थी और उनका हालचाल जाना था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एलएनजेपी अस्पताल जाकर दिल्ली में हुए विस्फोट के घायलों से मिला। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# गाजियाबाद में सैंकड़ों की संख्या में डीलर बेच रहे हैं पुराने वाहन

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद पुराने वाहनों का बड़ा बाजार है, जहाँ डीलर बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के ही वाहनों की खरीद-बिक्री कर रहे हैं।आरटीओ के पास निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे सड़क किनारे बाजार सज रहे हैं।दस्तावेज़ सत्यापन में लापरवाही बरती जा रही है और ऑनलाइन माध्यम से भी पुराने वाहनों का कारोबार हो रहा है, पर किसी के पास ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं है। जो अब सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गया है। दिल्ली बम विस्फोट के बाद पुलिस और प्रशासन को भी इस तरफ गहरी जॉंच करने की आवश्यकता है। गाजियाबाद-जिले में पुराने वाहनों का एक बड़ा बाजार है। प्रतिदिन 150 से




ज़्यादा वाहनों का स्थानांतरण होता है।इनमें से 100 से ज़्यादा वाहन पुराने वाहन बाजार से खरीदे और बेचे जाते हैं। कुछ वाहनों का स्थानांतरण आरटीओ कार्यालय से तो होता है। लेकिन अधिकांश बिना स्थानांतरण ही व्यवस्था में चल रहा है। आरटीओ के पास पुराने वाहनों की खरीद-बिक्री पर नज़र रखने की कोई व्यवस्था नहीं है।पुराने वाहन बिना स्थानांतरण के बेचे जाते हैं और बाद में स्थानांतरित कर दिए जाते हैं।पुराने वाहन बाजार में डीलर बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के पुराने वाहनों की खरीद-बिक्री कर रहे हैं।हैरानी की बात यह है कि गाजियाबाद में 100 से ज़्यादा वाहन डीलर होने के बावजूद, अधिकांश डीलर आरटीओ कार्यालय से ट्रेड सर्टिफिकेट हासिल नहीं किया है। वाहन खरीदने और बेचने के लिए ट्रेड सर्टिफिकेट ज़रूरी है।पुराने वाहन डीलरों के पास भी यह सर्टिफिकेट होना ज़रूरी है।ट्रेड सर्टिफिकेट (टीसी) आरटीओ द्वारा वाहन डीलरों को जारी किया जाने वाला एक परमिट होता है, जो उन्हें नए और पुराने वाहनों को खरीदने-बेचने,टेस्ट ड्राइव करने और उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने की अनुमति देता है।अगर आपके पास ट्रेड सर्टिफिकेट है,तो आप अपने वाहन को अस्थायी रूप से अपने नाम पर स्थानांतरित किए बिना उसे अपने पास रख सकते हैं, प्रदर्शित कर सकते हैं,चला सकते हैं या बेच सकते हैं।इससे वाहन को अंतिम खरीदार को हस्तांतरित होने तक अस्थायी वैधता मिल जाती है।गाजियाबाद में इस नियम का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। अधिकांश वाहन विक्रेता के पास ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं है। गाजियाबाद में लगभग 200 शोरूम संचालकों के पास नए वाहनों की बिक्री के लिए ट्रेड सर्टिफिकेट हैं। इनमें दोपहिया, चार पहिया और तिपहिया वाहन शोरूम संचालक शामिल हैं।

#### सड़क किनारे लगते हैं पुराने वाहन बाजार

गाजियाबाद के पुराने वाहन बाजार में छह हज़ार से ज़्यादा पुराने वाहन हैं।नेहरू नगर, राज नगर, वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम और पुराने बस अड्डे पर पुराने वाहन बाजार हैं।डीलर अपनी दुकानों के सामने सड़क किनारे अपने वाहन खड़े करके उन्हें बेच देते हैं।फिर वाहनों का हस्तांतरण कर दिया जाता है।हस्तांतरण की ज़िम्मेदारी डीलर खुद लेते हैं।बिक्री के बाद,वाहन आरटीओ कार्यालय के माध्यम से हस्तांतरित किया जाता है।विभाग के पास डीलरों के पास खड़े वाहनों के रिकॉर्ड की जाँच करने का अधिकार नहीं है। खरीदारों को वाहन मालिक के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी नहीं दी जाती है। एक ही वाहन अक्सर कई बार बेचा जाता है।

#### दस्तावेज़ सत्यापन में लापरवाही

दस्तावेज़ों के हस्तांतरण के समय दस्तावेज़ सत्यापन में अक्सर लापरवाही देखने को मिलती है। नामों में अक्सर हेराफेरी की जाती है। हालाँकि,गाजियाबाद में दस्तावेज़ों से छेड़छाड़ का कोई मामला सामने नहीं आया है। खरीदार पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) जैसे दस्तावेज़ों का भौतिक सत्यापन भी नहीं करते हैं।ग्राहक डिजिटल दस्तावेज़ों पर निर्भर रहते हैं। कुछ लोगों को वाहन खरीदने के बाद ऋण देनदारियों का पता चलता है।

#### वाहन रिकॉर्ड एक क्लिक पर उपलब्ध

कई निजी वेबसाइटों पर वाहन इतिहास रिपोर्ट उपलब्ध हैं।मामूली शुल्क लिया जाता है।इन रिपोर्टों में दुर्घटना इतिहास, सेवा इतिहास और मालिकों की संख्या शामिल होती है।लोग वाहन खरीदते समय डीलर का पंजीकरण नंबर नहीं देखते हैं।खरीदार और विक्रेता अपने वित्तीय लाभ के आधार पर खरीदारी और बिक्री करते हैं।डीलर खरीदारों को गारंटी देते हैं कि उन्हें आरटीओ कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा।दस्तावेजों में हेराफेरी करके, डीलर वाहनों को एजेंटों को हस्तांतरित कर देते हैं।ऑनलाइन बेचे जा रहे पुराने वाहन- कई कंपनियां पुराने वाहनों का कारोबार कर रही हैं।. ऑनलाइन वेबसाइटों पर पुराने वाहन खरीदे और बेचे जा रहे हैं।ग्राहक घर बैठे आराम से वाहन खरीद रहे हैं।कई कंपनियों के गाजियाबाद में शाखा कार्यालय हैं।दफ्तरों के बाहर गाड़ियाँ खड़ी हैं।उनके पास गाजियाबाद आरटीओ कार्यालय से ट्रेड सर्टिफिकेट भी नहीं है।